आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज किसान दिवस”

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 58 अंक 340 | उज्जैन, मंगलवार 23 दिसम्बर, 2025 | पौष शुक्ल 3 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### पंजाब के पूर्व आईजी ने खुद को गोली मारी, हालत गंभीर

**पटियाला/चंडीगढ़।** पंजाब के पटियाला में पूर्व इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस अमर सिंह चहल ने घर में खुद को गोली मार ली। उन्होंने गोली सुरक्षाकर्मी के रिवॉल्वर से पेट में मारी। गोली लगने से वह घायल हो गए, जिसके बाद उन्हें तुरंत पटियाला के पार्क अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूर्व आईपीएस अधिकारी चहल ने गोली मारने से पहले 12 पेज का सुसाइड नोट लिखा। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक सुसाइड नोट में 8.10 करोड़ रुपए के ऑनलाइन फ्रॉड का जिक्र है। उन्होंने कुछ लोगों से पैसे उधार लिए थे। चहल ने आगे लिखा कि परिवार को सुरक्षा दी जाए।

### सोना 2,191 बढ़कर 1.34 लाख का 10 ग्राम हुआ

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम 22 दिसंबर को ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार सोना 2,191 रुपए बढ़कर 1,33,970 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। इससे पहले ये 1,31,779 रुपए पर था। वहीं 1 किलो चांदी की कीमत 7,660 रुपए बढ़कर 2,07,727 रुपए पर पहुंच गई हैं। इससे इससे पहले ये 2,00,067 रुपए पर थी। इस साल अब तक सोना 57,808 रुपए और चांदी 1,21,710 रुपए महंगी हो चुकी है। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3% जीएसटी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है।

### सामंथा रुथप्रभू के साथ भीड़ में हुई बदसलूकी



धक्का-मुक्की के बीच भीड़ में फंसी, कभी लड़खड़ाई, कभी साड़ी खींची गई; एक्ट्रेस निधी अग्रवाल भी हुई थीं शिकार

**मुंबई।** कुछ समय पहले ही द राजा साब एक्ट्रेस निधि अग्रवाल के साथ लॉन्च इवेंट में भीड़ ने धक्का-मुक्की की थी, जिसके बाद अब सामंथा भी इसका शिकार हो गई हैं। सामंथा हाल ही में एक पब्लिक इवेंट का हिस्सा बनी थीं, जहां उन्हें भीड़ ने घेर लिया। एक्ट्रेस को सही सलामत अपनी कार तक पहुंचने में काफी स्ट्रगल करना पड़ा। रविवार को एक्ट्रेस सामंथा रुथप्रभू हैदराबाद में एक साड़ी शोरूम की ओपनिंग से जुड़े इवेंट का हिस्सा बनी थीं। इवेंट में सामंथा को देखने के लिए भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। कई फैंस उनके काफी करीब आ गए। एक्ट्रेस के बॉडीगार्ड ने जैसे-तैसे घेरा बनाकर भीड़ को एक्ट्रेस के नजदीक आने से रोका, इस दौरान एक्ट्रेस कई बार लड़खड़ा गईं। वहीं उनकी साड़ी भी खींची गई। साड़ी के शोरूम के लॉन्च इवेंट के बाद सामंथा ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से अपने लुक की कई तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों के साथ सामंथा ने लिखा, एक्शन से भरपूर शूटिंग शेड्यूल के बाद, चोटें, खून और दर्द झेलने के बावजूद, हमने खुद को हैरानी से काफी अच्छे तरीके से संभाल लिया, हालात को देखते हुए। सामंथा रुथप्रभू से पहले एक्ट्रेस निधि अग्रवाल के साथ भी हैदराबाद में धक्का-मुक्की हुई थी। एक्ट्रेस प्रभास स्टारर अपकमिंग फिल्म द राजा साब के सॉन्ग लॉन्च इवेंट में पहुंची थीं। इस दौरान उन्हें भीड़ ने बुरी तरह घेर लिया। खींचा-तानी के बीच एक्ट्रेस काफी मशक्कत से कार तक पहुंची थीं। निधी अग्रवाल का वीडियो सामने आने के बाद एक्ट्रेस चिन्मयी श्रीपदा ने भीड़ के व्यवहार की जमकर आलोचना की थी। उन्होंने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से लिखा था, लकड़बग्घों से भी बदतर बर्ताव करने वाले पुरुषों का झुंड। वैसे लकड़बग्घों का अपमान क्यों करें। ऐसी एक जैसी सोच वाले पुरुषों को जब भीड़ में इकट्ठा कर दिया जाता है, तो वे किसी महिला को इसी तरह परेशान करते हैं। कोई भगवान इन्हें उठाकर किसी और ग्रह पर क्यों नहीं भेज देता?

### छिंदवाड़ा में महिला ने एक साथ चार बच्चों को दिया जन्म

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के जुन्नारदेव क्षेत्र से एक अत्यंत दुर्लभ और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां 28 वर्षीय महिला कुन्नू इवनाती ने एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया है। बरेलीपार गांव की रहने वाली इस महिला ने एक बेटे और तीन बेटियों को जन्म दिया। प्रसव जुन्नारदेव सिविल अस्पताल में कराया गया, जिसके बाद बेहतर इलाज और निगरानी के लिए चारों नवजातों को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल रेफर किया गया। चिकित्सकों के अनुसार तीनों नवजात बेटियों की हालत स्थिर और खतरे से बाहर है, जबकि नवजात बेटे की स्थिति फिलहाल नाजुक बनी हुई है। उसे डॉक्टरों की विशेष निगरानी में रखा गया है।

### स्टॉक मार्केट लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद

**मुंबई।** सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार 22 जनवरी को शेयर बाजार में बढ़त रही। सेंसेक्स 638 अंक चढ़कर 85,567 पर बंद हुआ है। निफ्टी में भी 206 अंक की तेजी रही, ये 26,172 पर बंद हुआ। आज के कारोबार में मेटल और आईटी शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी रही। इसके अलावा बैंक और फार्मा शेयर भी चढ़े हैं। एशियाई बाजारों में कोरिया का कोस्पी 2.12% ऊपर 4,105 पर और जापान का निक्केई इंडेक्स 1.81 प्रतिशत ऊपर 50,402 पर बंद हुआ है। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.43 प्रतिशत चढ़कर 25,801 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.69 प्रतिशत बढ़कर 3,917 पर बंद हुआ। 19 दिसंबर को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.38 प्रतिशत ऊपर 48,134 पर बंद हुआ था।

---

देवास औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने क्रिप्टो करेंसी का लालच देकर ठगी करने वाले

## उज्जैन के 5 बदमाशों को पकड़ा, ठगी गई राशि 100 प्रतिशत रिकवर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देवास औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने साईबर ठगों के डिजिटल साम्राज्य पर वज्र प्रहार किया है। 13 दिन पूर्व क्रिप्टो करेंसी में निवेश का लालच देकर एक लाख से अधिक की ठगी के मामले में पुलिस ने उज्जैन के 5 आरोपियों के गिरोह को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से ठगी की 100 प्रतिशत राशि रिकवर कर ली गई है।

पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि 6 दिसंबर को फरियादी चेतनसिंह सोलंकी पिता स्व. श्री रणजीत सिंह सोलंकी 45 वर्ष निवासी ग्राम इस्माईल खेड़ी थाना जावर जिला सीहोर हाल निवासी म.नं. 50 आनंद विहार कॉलोनी देवास ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके साथ 02.11.2025 से 05.11.2025 तक अज्ञात आरोपियों ने व्हाट्सएप के माध्यम से क्रिप्टो करेंसी में भारी मुनाफे का लालच दिया। किश्तों में झांसा देकर




आरोपियों ने कुल 1,04,100/- रुपये की धोखाधड़ी की। शिकायत पर औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने अपराध क्रमांक 1084/2025 धारा 318(4) बी.एन.एस. 2023 का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। साइबर फ्रॉड करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकांत चौरसिया एवं पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण शुरू किया और डिजिटल ट्रेल का पीछा करते हुए मात्र 13 दिनों के भीतर आरोपियों तक पहुंचकर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने तकनीकी डेटा के आधार पर बैंक खातों को फ्रीज करवाया जहाँ पैसा ट्रांसफर हुआ था।

साक्ष्यों के घेरे में आते ही आरोपियों बबलू मकवाना उर्फ अजय पिता राजाराम मकवाना 30 वर्ष निवासी ग्राम ढाबलावेणी थाना महिदपुर जिला उज्जैन हाल मुकाम म.नं. 341 तिरुपति प्लेटिनम कॉलोनी नानाखेड़ा उज्जैन,लखन पंवार पिता कमल पंवार 32 वर्ष निवासी ग्राम मालीखेड़ी थाना घटिया जिला उज्जैन हाल मुकाम म.नं. 208 प्रेमनगर मक्सी रोड उज्जैन, राहुल तोमर पिता मोहनसिंह तोमर 30 वर्ष निवासी ग्राम पीरझलार थाना बड़नगर जिला उज्जैन हाल मुकाम म.नं. 438 विवेकानंद कॉलोनी उज्जैन, अरीब अली खान उर्फ अली पिता गुलरेज खान 22 वर्ष निवासी म.नं. 23 परवाना नगर सुभाष नगर के पीछे उज्जैन, अलवहीद खान उर्फ रूमी पिता गुलरेज खान 27वर्ष निवासी म.नं. 23 परवाना नगर सुभाष नगर के पीछे उज्जैन ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने पांचों शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर बताया कि उन्होंने अपनी पहचान छुपाकर फरियादी को क्रिप्टो पर निवेश कर लाभ दिलाने का लालच दिया था। आरोपियों के कब्जे से संपूर्ण फ्रॉड की राशि कुल रूपए एक लाख चार हजार एक सौ रुपये तथा 6 एंड्रॉइड मोबाइल फोन कीमत करीब रूपए 1,29,000 के बरामद किए हैं।

**6 एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद किए**

---

कागजों में हेरफेर कर प्रस्तावित हाथी कॉरिडोर को कोल ब्लाक से 5 किमी दूर बता दिया

## हाथी-बाघ कॉरिडोर को मिटाकर दी कोयला खदान की मंजूरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सिंगरौली

प्रदेश के वन विभाग के अफसरों ने सिंगरौली की धिरौली कोयला खदान को मंजूरी देने के लिए फॉरेस्ट एरिया का नक्शा ही बदल दिया। खदान संरक्षित (रिजर्व) फॉरेस्ट एरिया में है। वन विभाग के ही रिकॉर्ड के मुताबिक यहां हाथी, बाघ समेत 18 दुर्लभ वन्य प्राणी रहते हैं, जो वाइल्ड लाइफ एक्ट 1972 के शेड्यूल वन में शामिल है।

इसका मतलब ये है कि इनका संरक्षण बेहद जरूरी है। रिकॉर्ड के मुताबिक जिस जगह पर कोल माइन्स को मंजूरी दी है, वो हाथी कॉरिडोर है, यानी यहां से हाथी गुजरते हैं। इतना सब होने के बाद भी जिस दिन कोल ब्लॉक का टेंडर हुआ उसके बाद अफसरों ने कागजों में हेरफेर कर प्रस्तावित हाथी कॉरिडोर को कोल ब्लॉक से 5 किमी दूर बता दिया।



जब इस मामले में मीडिया ने वन विभाग के अफसरों से बात की तो उन्होंने आधिकारिक बयान देने से साफ इनकार कर दिया। दूसरी तरफ रीवा के तत्कालीन सीसीएफ ने 2023 में अपनी रिपोर्ट में इसे हाथी कॉरिडोर का हिस्सा बताया था। बता दें कि ये कोल ब्लॉक अहमदाबाद की मेसर्स स्ट्राटाटेक मिनरल रिसोर्सेज कंपनी को अलॉट किया है। धिरौली कोल ब्लॉक का कुल एरिया 2672 हेक्टेयर है। इसमें से 1275 हेक्टेयर राजस्व और 1397 हेक्टेयर वन क्षेत्र है। अब सभी जगह से क्लीनचिट मिलने के बाद कोल ब्लॉक के करीब 1400 हेक्टेयर वन क्षेत्र के पेड़ों को काटने का काम भी शुरू हो गया है।

### पुराने नक्शे में हाथी कॉरिडोर कोल ब्लॉक एरिया से होकर गुजरा

वन विभाग के पुराने नक्शे और रिपोर्ट साफ दिखाते हैं कि पूरा धिरौली कोल ब्लॉक क्षेत्र हाथियों का कॉरिडोर रहा है, इसलिए मप्र सरकार ने हाथी कॉरिडोर का प्रस्ताव तैयार किया तो इस इलाके को भी सम्मिलित किया गया। रीवा के मुख्य वन संरक्षक सीसीएफ राजेश कुमार राय ने 21 नवंबर 2023 की साइट इंस्पेक्शन रिपोर्ट में भी इसका जिक्र किया है। इसमें लिखा है कि प्रस्तावित वन भूमि, वन विभाग की कार्य आयोजना (2019-20 से 2028-29) के अनुसार, हाथी कॉरिडोर में सम्मिलित है। इसके साथ ही सिंगरौली वन विभाग के पास जो फारेस्ट एरिया का नक्शा है उसमें भी हरे रंग से बताया गया है कि यहां वन्य प्राणियों का विचरण हैं। वन विभाग के इस पुराने नक्शे में साफ देखा जा सकता है कि धिरौली ब्लॉक भी इसी हाथी कॉरिडोर के बीच आता है। दो साल पहले जब कोल ब्लॉक का टेंडर अहमदाबाद की मेसर्स स्ट्राटाटेक मिनरल रिसोर्सेज प्रा. लि. कंपनी को मिला, तो केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय को शिकायत की गई कि ये संरक्षित वन क्षेत्र हैं और कई दुर्लभ वन्यप्राणी यहां रहते हैं इसलिए इस खदान को मंजूरी न दी जाए। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय ने जब एमपी के वन विभाग से इसका जवाब मांगा तो अफसरों ने जवाब दिया कि सिंगरौली फारेस्ट डिवीजन के तत्कालीन आईएफएस राजीव मिश्रा ने जो नया वर्किंग प्लान बनाया है उसके मुताबिक प्रस्तावित हाथी कॉरिडोर कोल ब्लॉक से न्यूनतम 5 किलोमीटर दूर है।

---

## फास्टैग को बनेगा मल्टीपर्पस वॉलेट




एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

टोल भुगतान तक सीमित रहे फास्टटेग को अब मल्टीपर्पस डिजिटल वॉलेट बनाने की तैयारी तेज हो गई है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की इस योजना के तहत भविष्य में फास्टैग से पार्किंग, पेट्रोल, ईवी चार्जिंग, फूड आउटलेट और यात्रा से जुड़ी अन्य सेवाओं का भुगतान भी किया जा सकेगा। अधिकारियों के मुताबिक पिछले छह महीनों से चल रहा ट्रायल सफल रहा है। अधिकारियों का कहना है कि फास्टैग को वॉलेट की तरह इस्तेमाल करने से डिजिटल फ्रॉड की आशंका घटेगी। सीमित बैलेंस होने के कारण किसी भी धोखाधड़ी की स्थिति में नुकसान नियंत्रित रहेगा और यूजर को बार-बार अलग-अलग पेमेंट मोड की जरूरत नहीं पड़ेगी।

---

जीतू पटवारी ने उठाए सवाल और पूछा

## एक दशक में बीजेपी के खजाने में कई गुना बढ़ोत्तरी कैसे हुई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

बीजेपी के पार्टी फंड में पिछले दस वर्षों में तेजी से हुई बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि सत्ता में आने के बाद भाजपा के खजाने में आई असाधारण वृद्धि सार्वजनिक संपत्तियों को उद्योगपतियों को सौंपने और कॉरपोरेट हितों के बदले मिले भारी चंदे का परिणाम है।



उन्होंने कहा कि बीजेपी और कांग्रेस के बीच फंडिंग का अंतर असमान और अकल्पनीय स्तर तक पहुंच गया है, जिससे लोकतंत्र में विचारों की निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा प्रभावित हो रही है।

एक दशक में बीजेपी के खजाने में कई गुना बढ़ोत्तरी को लेकर जीतू पटवारी ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा क्या चमत्कार हुआ कि सरकार में आने के सिर्फ 10 साल में भाजपा के खाते में 295 करोड़ से बढ़कर 10,107 करोड़ हो गए? कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि यह सारा पैसा भाजपा को देश की सार्वजनिक संपत्तियां, बंदरगाह, हवाई अड्डे, खनिज संसाधन, बिजली और जमीन अपने उद्योगपति मित्रों को सौंपने के बदले में मिल रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि 2004 से 2024 के बीच बीजेपी और कांग्रेस के बीच फंडिंग का अंतर अकल्पनीय रूप से बढ़ गया है। उन्होंने सवाल किया कि सरकार में आने के बाद ऐसा क्या हुआ कि बीजेपी का खजाना इतनी तेजी से बढ़ता चला गया। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी देश बेचकर खुद की जेब भर रही है और लोकतंत्र का चीरहरण कर रही है। जीतू पटवारी ने भारतीय जनता पार्टी को सवालों के घेरे में लिया है। उन्होंने भाजपा के पार्टी फंड में पिछले दशक में आई भारी बढ़ोत्तरी को सार्वजनिक संपत्तियों की बिक्री और कॉरपोरेट हितों के बदले चंदे से जोड़ा।

---

## घोषणाएं मजबूरी में की थीं!

### मंत्री विजयवर्गीय के एक बयान ने हिला दी प्रदेश की सियासत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इन्दौर

मध्य प्रदेश की राजनीति उस समय अचानक गरमा गई, जब राज्य सरकार के वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शहरी विकास और नगर प्रशासन से जुड़ी योजनाओं को लेकर खुलकर अपनी बात रखी। भोपाल में आयोजित एक क्षेत्रीय समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री ने कहा कि बीते समय में कई योजनाओं की घोषणाएं राजनीतिक परिस्थितियों और मजबूरियों के चलते करनी पड़ी थीं, लेकिन अब उन्हें पूरी तरह जमीन पर उतारना आसान नहीं रह गया है। उनका यह बयान सामने आते ही राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई। मंत्री के शब्दों को लेकर यह चर्चा शुरू हो गई कि क्या सरकार अब अपने ही वादों के बोझ तले दबती नजर आ रही है। बैठक में मौजूद अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच भी इस बयान को लेकर अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। कई लोगों ने इसे ईमानदार स्वीकारोक्ति माना, तो वहीं विपक्ष ने इसे सरकार की विफलता का खुला सबूत करार दिया।



---

एमपी बोर्ड ने परीक्षा का शेड्यूल किया जारी

## 20 फरवरी से शुरू होंगे 5वीं-8वीं के पेपर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जबलपुर

मध्य प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षाएं 20 फरवरी 2025 से शुरू हो रही हैं। कक्षा 5वीं की परीक्षाएं 26 फरवरी तक, जबकि 8वीं की परीक्षाएं 28 फरवरी तक चलेंगी। सभी परीक्षाएं दोपहर 2.00 बजे से 4.30 बजे की एक ही पाली में आयोजित की जाएंगी।



प्रत्येक विषय का मुख्य प्रश्न पत्र 60 अंकों का होगा। इसके अतिरिक्त 20 अंक आंतरिक मूल्यांकन (प्रोजेक्ट कार्य) के लिए रखे गए हैं, और बाकी 20 अंक छात्र के तिमाही व छमाही परीक्षा के प्रदर्शन के आधार पर (अधिभार) दिए जाएंगे। स्कूलों को निर्देशित किया गया है कि वे आंतरिक मूल्यांकन और छमाही परीक्षाओं का डेटा जनवरी तक पोर्टल पर अपडेट कर दें, जबकि ऑनलाइन अंक प्रविष्टि की अंतिम तिथि 5 फरवरी तय की गई है।

### परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था

परीक्षा के पाठ्यक्रम को लेकर स्पष्ट किया गया है कि सरकारी स्कूलों में एससीईआरटी पाठ्यक्रम लागू रहेगा। निजी स्कूलों के लिए विकल्प दिया गया है कि यदि वे एनसीईआरटी की भाषा पुस्तकें पढ़ा रहे हैं, तो वे उसी के आधार पर परीक्षा दे सकते हैं। इसके लिए स्कूलों को पोर्टल पर सही विकल्प का चयन करना अनिवार्य है।

---

सीएम के पास मास्टर प्लान देखने का समय नहीं !

## इंदौर और भोपाल को मास्टर प्लान का इंतजार...

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इन्दौर

प्रदेश की राजधानी भोपाल और आर्थिक राजधानी इंदौर का भविष्य मुख्यमंत्री के बीच अटका हुआ है। यह स्वीकारोक्ति किसी विपक्षी नेता की नहीं, बल्कि सरकार के वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने साफ शब्दों में कहा कि दोनों शहरों के मास्टर प्लान बनकर तैयार हैं, मुख्य सचिव इन्हें देख चुके हैं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की व्यस्तताओं के कारण अब तक इन्हें अंतिम मंजूरी नहीं मिल पाई है।

पिछले गुरुवार को अपने दो साल के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए विजयवर्गीय ने कहा कि मास्टर प्लान को देखने में करीब चार घंटे का समय लगेगा। मुख्यमंत्री अपनी व्यस्तताओं के कारण समय नहीं दे पा रहे हैं। पत्रकार वार्ता में मंत्री के इस बयान को सुनकर लोग भौचक रह गए। गौरतलब है कि विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान भी विजयवर्गीय ने पहले सीएम को सूट-बूट वाला बताया और अब बोले उनके पास मास्टर प्लान देखने का समय नहीं है।

- **टिप्पणी से जुड़ता सियासी संकेत -** मुख्यमंत्री के पहनावे को लेकर भी मंत्री ने कटाक्ष किया था। उधर, इस मामले को लेकर कांग्रेस नेताओं का कहना है कि कुलीनों का कुनबा कहे जाने वाली भाजपा में सबकुछ ठीक नहीं है। मंत्रियों और नेताओं में वर्चस्व की जंग छिड़ी हुई है। कैलाश विजयवर्गीय के दो दिन में दो बयान इसके संकेत हैं।
- **मेरे विभाग की ओर से कोई अड़चन नहीं -** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मुख्यमंत्री जैसे ही बैठकर इसे फाइनल करेंगे, मास्टर प्लान सार्वजनिक कर दिया जाएगा। मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि उनके विभाग की ओर से किसी तरह की कोई अड़चन नहीं है। स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, ट्रैफिक मैनेजमेंट और आवासीय योजनाओं की पूरी रूपरेखा तैयार है, अंतिम मुहर मुख्यमंत्री को लगानी है।
- विजयवर्गीय के इस बयान ने यह संदेश साफ कर दिया कि मास्टर प्लान एवं शहरों के विकास का सिस्टम तैयार है, लेकिन मुख्यमंत्री के समय की कमी के कारण प्रदेश के दो सबसे सबसे बड़े महानगर इंदौर और भोपाल का विकास रुका हुआ है।
- **'सूट-बूट' टिप्पणी से जुड़ता सियासी संकेत-** इस बयान से एक दिन पहले विधानसभा के विशेष सत्र में कैलाश विजयवर्गीय ने एक और टिप्पणी कर राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी थी। सभी पूर्व मुख्यमंत्रियों का जिक्र करते हुए जब बात वर्तमान मुख्यमंत्री मोहन यादव पर आई, तो विजयवर्गीय ने कहा कि अभी 20-20 क्रिकेट मैच चल रहा है। कप्तान सूर्यकुमार मैदान में उतरते ही सब खिलाडियों को किट बांट देते हैं।
- हमारे कप्तान ऐसे हैं कि खुद सूट-बूट में आ गए। हम सब गरीब ऐसे ही बैठे हैं। राजनीतिक गलियारों में इसे केवल व्यंग्य नहीं, बल्कि सत्ता के भीतर असंतोष के रूप में देखा जा रहा है।

### राजनीतिक मायने

- विश्लेषकों का मानना है कि विजयवर्गीय के ये बयान साधारण प्रशासनिक जानकारी नहीं, बल्कि सोची-समझी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा हैं।
- वे यह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, उनके विभाग में विकास को लेकर कोई रुकावट नहीं है। यदि योजनाएं अटकी हैं, तो इसकी जिम्मेदारी मुख्यमंत्री की है।
- भाजपा के भीतर सत्ता संतुलन को लेकर जो असहजता लंबे समय से दबे स्वर में थी, वह अब सार्वजनिक होती दिख रही है। संगठन और सरकार दोनों में मजबूत पकड़ रखने वाले विजयवर्गीय का कद उन्हें चुप मंत्री बने रहने की अनुमति नहीं देता। ऐसे में उनके बयान आने वाले दिनों में सियासी तापमान और भी बढ़ा सकते हैं।

---

## अरावली पर्वत बचाने के लिए आंदोलन, जोधपुर में लाठीचार्ज



एजेंसी ▸▸ सीकर

राजस्थान में अरावली पर्वत श्रृंखला में खनन को मंजूरी मिलने से नाराज लोगों ने सोमवार को प्रदर्शन किया। कांग्रेस और सामाजिक संगठनों के लोगों की उदयपुर कलेक्ट्रेट में पुलिस से धक्का-मुक्की हुई।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। यहां पुलिस ने कुछ कार्यकर्ताओं को अरेस्ट भी कर लिया। सीकर में 945 मीटर ऊंचाई पर स्थित हर्ष पर्वत पर प्रदर्शन किया गया। अलवर में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- राजस्थान के लिए अरावली फेफड़े के समान है। इस फैसले को वापस लेना होगा, नहीं तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। जोधपुर में एनएसयूआई कार्यकर्ता प्रदर्शन के दौरान बेरिकेड्स पर चढ़ गए। पुलिस ने लाठी चलाकर भीड़ को खदेड़ा।

## सोमवार का महाकाल श्रृंगार



## चायना डोर का घाव, कोई तो बचाओ...




पिछले कई सालों से चाईना डोर का घाव एक-एक कर मिल रहा है। कोई तो बचाओं की आवाज के बावजूद मात्र औपचारिकता हो रही है। वर्दी अपने काम को अंजाम दे रही है। चायना डोर से आर्थिक लाभ कमाने वाले आरोपी पकडे जा रहे हैं। एक डेढ माह का प्रतिबंध लगा दिया गया है। कुछ ब्रिज पर तार बांध दिए गए हैं। आम जन उसके बाद भी घर से निकल रहा है तो गले में कपडा लपेटकर यानिकी आपकी सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल और खुद की सुरक्षा खुद के हाथ। अब तक जो चल रहा है उसे यही कहा जाएगा कि मात्र सपोले मारे जा रहे हैं उनकी मां को मारने का कदम नहीं उठाया जा रहा है। पूर्व में भी ये प्रतिबंध लगे और फिर भी दुर्घटनाएं इस खूनी डोर से बराबर जारी है। पूर्व में भी कई आरोपी पकडे गए उसके बाद भी इसका क्रय विक्रय बराबर जारी है। इसे रोकने के लिए इसके निर्माण स्थल और बडे स्टाकिस्ट को जब तक घेरे में नहीं लिया जाएगा तब तक यह मामला ऐसे ही चलता रहेगा। चायना डोर घाव देती रहेगी और घायल मानव ही नहीं पशु पक्षी चिल्लाते रहेंगे कोई तो बचाओ। पास के साधू बाबा के प्रदेश में यह मामला हमारे यहां जैसा ही है। वहां प्रदेश की योजना बनाने वाले नेतृत्वकताओं के बीच शीत कालीन सत्र में ये मुद्दा जमकर छाया और इसे लेकर वहां की सरकार ने अपने स्तर पर बडे कदम उठाने के लिए भी अपने सदस्यों को आश्वस्त किया है। इस मुद्दे पर जब तक हमारे योजनाकार नियम बनाकर सख्त कदम नहीं उठाते हैं तब तक यही चलता रहेगा। प्रतिबंध से मात्र कुछ नहीं होने वाला है। चोर दुसरा रास्ता देख लेता है और चोरी करता है। इसकी आनलाईन खरीदी बिक्री की जाना भी सामने आया है। हमारी नैतिकता पर भी इससे सवाल खडा हो गया है मात्र दुसरे की पतंग काटने के लिए हम ऐसे धागे का इस्तेमाल कर रहे हैं जो सांसों की डोर और जिंदगी को भी काट रही है। खुसूर झफुसूर है कि आमजन भी इसमें उतना ही जिम्मेदार है उसे भी खुद भी इसके उपयोग नहीं करने की कसम खाना चाहिए और इसके उपयोग करने वालों का विरोध भी करना चाहिए । सिर्फ वर्दी के भरोसे ही इस खूनी डोर को नहीं रोका जा सकता है। इसके लिए सामाजिक रूप से भी सभी को एकमत होकर खडे होना पडेगा।



## फिल्म अभिनेता वरूण ने किए महाकाल दर्शन

**उज्जैन।** प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता वरूण शर्मा, पुलकित सम्राट, फिल्म निमार्ता सूरज सिंह एवं प्रसिद्ध गायिका श्वेता यल्लाप्रगदा राव (राजा कुमारी) ने श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन किए। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक आशीष फलवाड़ीया द्वारा स्वागत एवं सत्कार किया गया।

नववर्ष 2026 पर भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन के लिए उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर में सुरक्षा, दर्शन व्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं को लेकर व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

# नववर्ष पर महाकाल मंदिर में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

### दर्शन व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खास इंतजाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अंग्रेजी नववर्ष 2026 के अवसर पर भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंधन द्वारा व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। सामान्य दर्शन, भस्मार्ती दर्शन, लड्डू प्रसाद, पूछताछ केंद्र, पार्किंग, जूता स्टैंड, पेयजल, प्रकाश, सुरक्षा सहित सभी मूलभूत सुविधाओं को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

मंदिर प्रबंधन के अनुसार, दर्शनार्थियों के लिए सुगम एवं व्यवस्थित दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। श्रद्धालु चारधाम मंदिर पार्किंग से प्रवेश कर शक्ति पथ, त्रिवेणी संग्रहालय, नंदी द्वार और श्री महाकाल महालोक होते हुए मानसरोवर भवन, फैसिलिटी सेंटर-01 और नवीन टनल-01 से गणेश मंडपम पहुंचकर भगवान महाकाल के दर्शन करेंगे। दर्शन के पश्चात श्रद्धालु आपातकालीन निर्गम द्वार से बड़ा गणेश मंदिर, हरसिद्धि मंदिर तिराहा होते हुए पुनः चारधाम मंदिर पार्किंग पहुंचेंगे।

### चलित भस्मार्ती दर्शन की व्यवस्था

चलित भस्मार्ती दर्शन दिनांक 25 दिसंबर 2025 से 5 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन रहेंगे, जबकि 31 दिसंबर को ऑफलाइन भस्मार्ती पंजीकरण बंद रहेगा। श्रद्धालुओं के लिए भस्मार्ती के दौरान प्रातः 4:15 बजे से कार्तिकेय मंडपम से चलित भस्मार्ती दर्शन की व्यवस्था की जाएगी।

### अन्य व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान

श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही और दिशा-निर्देशन के लिए सम्पूर्ण दर्शन मार्ग, मंदिर परिसर, जूता स्टैंड, वाहन पार्किंग, लड्डू प्रसाद काउंटर, प्राथमिक उपचार केंद्र एवं पेयजल स्थलों पर फ्लेक्स होर्डिंग लगाए जाएंगे। लड्डू प्रसाद की सहज उपलब्धता के लिए बड़ा गणेश मंदिर और विक्रमादित्य टीले के समीप तथा आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त लड्डू प्रसाद काउंटर बनाए जाएंगे।



### अधिक भीड़ होने पर वैकल्पिक व्यवस्था

अत्यधिक भीड़ की स्थिति में श्रद्धालुओं को फैसिलिटी सेंटर-01 से सीधे कार्तिकेय मंडपम में प्रवेश दिया जाएगा तथा द्वार क्रमांक-10 अथवा निर्माल्य द्वार के माध्यम से बाहर निकाला जाएगा।

### प्रमुख व्यवस्थाएं इस प्रकार रहेंगी

पूछताछ एवं सहायता केंद्र तथा खोया-पाया केंद्र के अस्थायी काउंटर चयनित स्थानों पर भारत स्काउट एवं गाइड के माध्यम से संचालित किए जाएंगे।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सम्पूर्ण दर्शन मार्ग और मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से कंट्रोल रूम से 24 घंटे निगरानी की जाएगी।

वाहन पार्किंग की सुविधा कर्कराज, भील समाज धर्मशाला, कलोता समाज धर्मशाला, कार्तिक मेला ग्राउंड, मेघदूत पार्किंग तथा हरिफाटक ब्रिज के नीचे उपलब्ध कराई जाएगी।

सम्पूर्ण दर्शन पथ और मंदिर परिसर में टेंट, मैटिंग एवं बैरिकेडिंग की व्यवस्था लोक निर्माण विभाग के मार्गदर्शन में की जाएगी।

चारधाम पार्किंग एवं संग्रहालय के सामने बड़े स्तर पर जूता स्टैंड बनाए जाएंगे।

सतत पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था लोक स्वास्थ्य यांत्रिाकी विभाग द्वारा सुनिश्चित की जाएगी।

मानसरोवर भवन, त्रिवेणी मंडपम, श्री महाकाल लोक कंट्रोल रूम, मंदिर परिसर, निर्गम द्वार, फैसिलिटी सेंटर, हरसिद्धि चौराहा और चारधाम मंदिर पार्किंग पर 24७7 चिकित्सा दल, एंबुलेंस और ऑक्सीजन सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

दिनांक 28 दिसंबर 2025 से 4 जनवरी 2026 तक अतिरिक्त पुलिस बल एवं कार्यपालिक दंडाधिकारियों की शिफ्टवार तैनाती की जाएगी।

निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी द्वारा की जाएगी।

मंदिर परिसर और दर्शन पथ में चल रहे सभी निर्माण कार्य 25 दिसंबर 2025 से पूर्व पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## योगा कनक श्रृंगा एवं स्पोट्र्स एसो. में पुरस्कृत हुए खिलाड़ी




दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

योगा कनक श्रृंगा एवं स्पोट्र्स एसोसिएशन शा. शालिग्राम तोमर स्कूल दौलतगंज उज्जैन द्वारा स्व. श्री रविशंकर सोलंकी जी की की 24वी पुण्य तिथि पर संस्था द्वारा विशेष कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें संस्था द्वारा मल्लखंब, रोप मल्लखंब, योगा, सूर्यनमस्कार, प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले बच्चे को संस्था द्वारा जूते वितरित किए गए। संस्था के बच्चों द्वारा रोप मल्लखम्ब व पोल मल्लखम्ब पर प्रस्तुतिया दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनिल जैन कालूहेड़ा, जगदीश पांचाल नगर महामंत्री ,योगेश्वर राठौड़, विजय सिंह चौहान, मनोज गुर्जर,रितेश वर्मा,अम्बर जैन,शुभम बारोड, संस्था अध्यक्ष शकुन्तला सोलंकी, संस्था के सचिव व कोच संतोष सोलंकी, संस्था प्रचार सचिव आशीष करेड़िया, उपाध्यक्ष सपना माली, संस्था सदस्य नीतू साहू, गंगा सोलंकी द्वारा बच्चों को आशीर्वचन व गिफ्ट वितरित किए गए।

## महाराजा कॉलेज उज्जैन में डीएलएड विद्यार्थियों के लिए लेसन प्लान कार्यशाला का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाराजा कॉलेज, उज्जैन में डी.एल.एड. (डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन) के विद्यार्थियों के लिए ह्लप्रभावी पाठ योजना (छी२२ङ्घल्ल ढ'ल्ल) निर्माणह्व विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, पाठ योजना के चरणों तथा कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी एवं उद्देश्यपूर्ण बनाने की तकनीकों से अवगत कराना था।

कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय के सी.ई.ओ. आदरणीय श्री शांतिलाल जैन के मार्गदर्शन में हुआ। अपने उद्घाटन उद्बोधन में उन्होंने कहा कि एक सुव्यवस्थित पाठ योजना शिक्षणझअधिगम प्रक्रिया को सरल, रोचक और लक्ष्यपरक बनाती है।



कार्यशाला में विशेष अतिथि के रूप में शासकीय डाइट कॉलेज, उज्जैन की वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. संगीता सिंह राठौड़ एवं डॉ. ज्योति जैन उपस्थित रहीं। डॉ. संगीता सिंह राठौड़ ने हर्बार्टियन विधि के अंतर्गत सम्पूर्ण लेसन प्लान की बारीकियों पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. ज्योति जैन ने सामाजिक विज्ञान विषय की पाठ योजना, अछट विधि एवं परीक्षा संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को समूह कार्य के माध्यम से लेसन प्लान तैयार करने का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। साथ ही विद्यार्थियों को पुस्तकों से जोड़ने हेतु महाविद्यालय की लाइब्रेरी के ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्लेटफॉर्म, INFLIBNET एवं DELNET के निःशुल्क उपयोग हेतु User ID एवं Password प्रदान किए गए।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ. सी.ए. वी.के. लड्ढा, ए.ओ. डॉ. चित्रांगद उपाध्याय, प्राचार्य डॉ. अनुराधा सुपेकर, डॉ. सुरेखा जैन, उप-प्राचार्य डॉ. मिताली बाजाज, वाइस प्रिंसिपल श्री सुनील कुमार मंडेरिया, सहायक प्राध्यापक श्रीमती मुक्ता अग्रवाल, श्रीमती रंजना शिंदे, श्रीमती ममता अजवानी सहित समस्त शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा। तकनीकी सहयोग में श्री अरुण सोनगरा एवं महाराजा टीम के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यशाला का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# अब निजी की तरह तैयार होगी नगर निगम की नर्सरी

## नगर निगम का उद्यानिकी विभाग बाजार की स्थिति में होगा अपडेट, विशाला क्षेत्र में स्थित नर्सरी को खाली करने का काम चालू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आने वाले समय में नगर निगम का उद्यानिकी विभाग अपडेट होने वाला है। बाजार में स्थिति निजी नर्सरी की तरह नगर निगम की नर्सरी में उच्च किस्म के पौधे भी खरीदने पर मिल सकेंगे। इसकी प्रारंभिक तैयारी शुरू हो गई। वर्तमान नर्सरी को भंगार और लकडी से खाली किया जा रहा है। उसके बाद जमीन का समतलीकरण किया जाएगा। आगे इसका प्रस्ताव बनेगा,अभी इसमें समय शेष है।

नगर निगम का उद्यानिकी विभाग की नर्सरी बाजार से लडने के लिए अपडेट होने वाली है।भविष्य में इसका लाभ शहर के उद्यानिकी प्रेमी एवं घरेलू गार्डन रखने वाले नागरिकों को मिल सकेगा। इसके लिए नगर निगम की श्री विशाला क्षेत्र में स्थित करीब 2 बीघा की नर्सरी में प्रारंभिक तैयारी शुरू हो गई है। वैसे अभी यहां रखा शहर भर के उद्यानों के टूटे झूले एवं गिरे वृक्षों की सूखी लकडी को हटाने का काम शुरू हो चुका है, आगे भविष्य में यहां जमीन को समतल करते हुए अगली तैयारी की जाना है।



### नर्सरी में बेहतर पानी

नगर निगम की वर्तमान नर्सरी में चारों और बेहतर बाउंड्रीवाल है। इसके चलते न तो यहां मवेशी घूस पाते हैं और न ही यहां कोई और समस्या है। यहां स्थिति बाउडी में 365 दिन पानी की उपलब्धता भरपूर उपयोग के बाद भी बनी रहती है। वर्तमान में यहां मात्र फेंसी पौधों की ही क्राफ्टिंग की जाती है। मानसून के दौरान यहां पौधों की उपलब्धता बनती है जिनमें कनेर एवं अन्य सामान्य पौधे ही बनते हैं जो कि नगर निगम के उपयोगपूर्ति जितने ही हो पाते हैं।यहां काम करने वाले ठेके के मजदूर भी उद्यानिकी एवं क्राफ्टिंग में योग्य हैं और अच्छे पौधों को विकसित करते हैं।

### नर्सरी खाली कर पूरी जमीन का उपयोग

पिछले लंबे समय से नर्सरी की जमीन पर शहर भर के उद्यानों के टूटे झूले झचकरी एवं शहर के अन्य स्थानों से निकला भंगार एवं धराशाई एवं काटे गए वृक्षों की लकडी को यहां लाकर डाला जा रहा था। इससे नर्सरी का बडा अगला भाग भरा हुआ था। हाल ही में यहां से लकडी खाली की गई है। भंगार भी खाली किया जा रहा है। इससे नर्सरी की भूमि का बडा भाग खाली हो गया है।

### बाजार से मुकाबले की नर्सरी की योजना- राजवानी

नगर निगम उद्यानिकी विभाग के प्रभारी अधिकारी सहायक यंत्री मनोज राजवानी के अनुसार श्री विशाला स्थित नर्सरी को बाजार से मुकाबले की नर्सरी के रूप में अपडेट करने की योजना पर अमल किया जा रहा है। अभी नर्सरी को खाली किया गया है । आगामी समय में इसकी भूमि का समतलीकरण किया जाएगा। हमारे पास नर्सरी में अच्छी जगह है। पानी भी काफी उपलब्ध है। आगामी समय में प्रस्ताव बनाकर देंगे और उसके पास होने पर भविष्य में यहां नर्सरी को विकसित किया जाएगा। इसमें बाजार की निजी नर्सरी में मिलने वाले तमाम पौधों का विक्रय किया जाएगा और साथ ही पौधों की क्राफ्टिंग सहित गार्डनिंग से संबंधित सभी प्रकार का अपडेट पौधे उचित दाम पर शहर के घरेलू स्तर पर गार्डन लगाने वालों के लिए उपलब्ध रहेंगे। इससे शहर में गार्डनिंग को बढावा भी मिलेगा और उचित मार्गदर्शन भी।

कलेक्टर सिंह ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक दौरानदिए निर्देश


# जल संचय में किसानों को प्रेरित करने के साथ किए जाएं नियमित रूप से कार्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने सोमवार को सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन के द्वितीय तल स्थित कलेक्टर कार्यालय सभागृह में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक की। कलेक्टर श्री सिंह ने जनभागीदारी से जल संचय कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि जल संचय के लिए किसानों को भी प्रेरित किया जाए इस पर नियमित रूप से कार्य करें।कलेक्टर श्री सिंह द्वारा गुड गवर्नेंस (सुशासन) पोर्टल पर विभागवार कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्र शासन अंतर्गत संचालित गुड गवर्नेंस पोर्टल पर जिले के समस्त विभागों द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की प्रगति नियमित रूप से अपलोड की जाए। साथ ही विभागवार कैंप आयोजित कर आवेदनों का संग्रहण किया जाए, उनका समय-सीमा में निराकरण किया जाए तथा निराकरण की जानकारी भी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड की जाए।इसके पश्चात कलेक्टर श्री सिंह ने एसआईआर से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि एसआईआर कार्य के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।बैठक में कलेक्टर द्वारा किसान कल्याण तथा कृषि विभाग के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि जिले में यूरिया एवं डीएपी उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे, जिससे किसानों को असुविधा न हो।सीएम हेल्प लाईन की समीक्षा के दौरान जिन विभागों द्वारा शिकायतें नियमित रूप से अटेंड नहीं की गईं उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। जो विभाग टॉप टेन में नहीं हैं उन्हें रैंक में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का निराकरण शीघ्रता से करने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिन विभागों में 300 दिवस से अधिक लंबित शिकायतें हैं तथा उनका संतुष्टि के साथ निराकरण नहीं किया गया है, उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।कलेक्टर श्री सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का भी समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रहे यह सुनिश्चित किया जाए।समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट, नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री शाश्वत शर्मा, समस्त एसडीएम एवं समस्त विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।




## महाकाल मंदिर में 111 किलो पीतल के नंदी भेंट



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में रविवार को जयपुर के एक भक्त ने 111 किलो पीतल के नंदी दान किए हैं। मंदिर प्रशासन द्वारा उचित स्थान पर उनकी प्रतिष्ठा की जाएगी। सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने बताया जयपुर निवासी विपिन बंसल ने पं. राजेश पुजारी की प्रेरणा से मंदिर में 111 किलो पीतल से निर्मित भगवान नंदीजी की मूर्ति भेंट की है। भगवान महाकाल के गण नंदीजी की मूर्ति को जल्द ही उपयुक्त स्थान पर प्रतिष्ठित किया जाएगा।

**शौर्य समृद्धि 108 कुंडी गायत्री महायज्ञ के लिए भूमिपूजनः** उज्जैन के खचरौद ब्लॉक में 1 से 5 जनवरी तक होने वाले शौर्य समृद्धि 108 कुंडी गायत्री महायज्ञ के पूर्व रविवार को भारत कामर्स विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण एवं भूमिपूजन का किया गया। 1 जनवरी को कार्यक्रम के प्रारंभ में कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होकर यज्ञशाला प्रांगण में पहुंचेगी। समापन पर शांतिकुंज हरिद्वार से पधारी टोली द्वारा आरती तथा मार्गदर्शन होगा।

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर



### दिसंबर 2026 तक तैयार होगी 46 किमी लंबी सिक्स लेन सड़क

# महाकाल दर्शन और सिंहस्थ 2028 को मिलेगी रफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 को देखते हुए उज्जैन-इंदौर रोड की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) 1672 करोड़ रुपये की लागत से छह लेन सड़क का निर्माण कर रहा है। उज्जैन और इंदौर के बीच धार्मिक, व्यावसायिक और पर्यटन गतिविधियों के कारण यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है, जिसे ध्यान में रखते हुए यह परियोजना शुरू की गई है।

सिंहस्थ से पहले सड़क निर्माण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि आयोजन के दौरान बढ़ने वाले भारी ट्रैफिक को सुचारु रूप से नियंत्रित किया जा सके। वर्तमान में मौजूद चार लेन सड़क के दोनों ओर एक-एक अतिरिक्त लेन जोड़ी जा रही है और मार्ग में आ रही बाधाओं को हटाया जा रहा है। अरबिंदो अस्पताल (इंदौर) से हरिफाटक (उज्जैन) तक लगभग 46 किलोमीटर लंबी इस सिक्स लेन सड़क का निर्माण दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। उज्जैन-इंदौर सिक्स लेन परियोजना का शिलान्यास राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित सरकार के कई मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### अलग-अलग वाहनों के लिए अलग लेन

इस सड़क पर दोपहिया, कार और भारी वाहनों के लिए अलग-अलग लेन होंगी। आठ प्रमुख जंक्शन ग्रामीण सड़कों को सिक्स लेन से जोड़ेंगे, जिससे स्थानीय यातायात मुख्य मार्ग को प्रभावित नहीं करेगा। सड़क का डिजाइन इस तरह तैयार किया गया है कि दुर्घटनाओं की आशंका न्यूनतम रहे।

### प्रतिदिन 60 हजार से ज्यादा वाहन गुजरने का अनुमान

सिंहस्थ 2028 तक इस राजमार्ग से प्रतिदिन 60 हजार से अधिक वाहनों के गुजरने का अनुमान है। सिक्स लेन बनने से यातायात का दबाव कम होगा और उज्जैन-इंदौर संभाग के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इससे विशेष रूप से महाकाल दर्शन के लिए इंदौर के रास्ते उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं को सीधा लाभ मिलेगा।

### उज्जैन-इंदौर सिक्स लेन रोड

- सिंहस्थ 2028 की तैयारी में ये बड़ा कदम
- दिसंबर 2026 तक सिक्स लेन होगा तैयार
- रोज 60 हजार से ज्यादा वाहन गुजरेंगे
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया था शिलान्यास



### क्यों जरूरी है सिक्स लेन सड़क

उज्जैन और इंदौर के बीच यातायात का दबाव बीते वर्षों में काफी बढ़ गया है। सिंहस्थ 2028 के पहले मार्ग का चौड़ीकरण बेहद जरूरी माना जा रहा था। छह लेन सड़क बनने से जहां यातायात सुगम होगा, वहीं सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आने की उम्मीद है। इसके अलावा इंदौर एयरपोर्ट से आने वाले देशभर के श्रद्धालु और पर्यटक आसानी से उज्जैन पहुंच सकेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### सीखने का उत्कृष्ट माध्यम है शैक्षणिक भ्रमण - डॉ. गुप्ता

**उज्जैन।** शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन के कला संकाय की छात्राओं के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता के कुशल निर्देशन में इंदौर स्थित कस्तूरबा ग्राम का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास, महात्मा गांधी के विचारों तथा स्वदेशी आंदोलन की भावना से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने कस्तूरबा ग्राम में स्थापित चित्र प्रदर्शनी एवं ऐतिहासिक दस्तावेजों के माध्यम से महात्मा गांधी के जीवन, स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े महत्वपूर्ण घटनाक्रमों एवं उनके विचारों को गहराई से जाना। छात्राओं ने यह समझा कि किस प्रकार महात्मा गांधी ने चरखे को आत्मनिर्भरता, स्वदेशी और जनजागरण का सशक्त माध्यम बनाकर देशवासियों को स्वतंत्रता संग्राम से जोड़ा। गांधीजी के स्वदेशी वस्त्र, सादा जीवन-उच्च विचार और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना ने छात्राओं को विशेष रूप से प्रभावित किया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण पुस्तकीय ज्ञान को व्यवहारिक अनुभव से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। ऐसे भ्रमण छात्राओं में ऐतिहासिक चेतना, राष्ट्रप्रेम तथा सामाजिक मूल्यों का विकास करते हैं।ह्व उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्राओं में आत्मविश्वास, जिज्ञासा और सीखने की रुचि बढ़ती है। भ्रमण के दौरान छात्राओं को स्वदेशी वस्त्रों के महत्व, ग्रामीण विकास, जैविक जीवनशैली तथा आत्मनिर्भरता की अवधारणाओं की जानकारी भी दी गई। यह भ्रमण न केवल शैक्षणिक दृष्टि से उपयोगी रहा, बल्कि छात्राओं के लिए प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक अनुभव भी सिद्ध हुआ।

### शैक्षणिक संस्थाओं से आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसंबर

**उज्जैन।** संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एंव दिव्यांगजन सशक्तिकरण ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए क्रियांवित पोस्ट मैट्रिक एवं टॉप क्लास छात्रवृत्ति योजना के ऑनलाईन आवेदनों(नवीन एवं नवीनीकरण) के लिए शैक्षणिक संस्थाओं(स्कूल/ कॉलेज/ आईटीआई) स्तर से सत्यापन की अंतिम तिथि आगामी 31 दिसंबर निर्धारित की गई है।

### लंबे समय से जारी लापरवाही पर अब वेतन कटौती की चेतावनी का असर

# ई-अटेंडेंस 65 से बढ़कर 82 प्रतिशत पहुंची

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

प्रशासनिक सख्ती और वेतन कटौती की चेतावनी का असर अब दिखने लगा है। शिक्षा विभाग में ई-अटेंडेंस को लेकर लंबे समय से जारी लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी के बाद शिक्षकों की डिजिटल उपस्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। जहां पहले केवल 65 प्रतिशत शिक्षक ही ई-अटेंडेंस दर्ज कर रहे थे, वहीं अब यह आंकड़ा बढ़कर 82 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

### कलेक्टर के कड़े निर्देश और वेतन पर रोक

गौरतलब है कि 1 जुलाई 2025 से शिक्षा विभाग में मोबाइल एप के माध्यम से ई-अटेंडेंस अनिवार्य की गई है, लेकिन इसके बावजूद बीते पांच महीनों में उज्जैन जिले के लगभग 35 प्रतिशत शिक्षकों ने नियमित रूप से ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं की। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आगे से ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं करने वाले शिक्षकों का वेतन काटा जाएगा। इसके बाद विभागीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया कि वे शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें, अन्यथा वेतन भुगतान नहीं किया जाएगा।




### अनुशासन की ओर प्रशासन का कदम

प्रशासन का मानना है कि इस सख्त कदम से विभागों में अनुशासन स्थापित होगा और उपस्थिति प्रणाली अधिक पारदर्शी, सटीक व पूरी तरह डिजिटल बनेगी। शुरुआती आंकड़े बताते हैं कि चेतावनी के बाद कर्मचारियों और शिक्षकों ने इसे गंभीरता से लिया है। अब लक्ष्य शत-प्रतिशत ई-अटेंडेंस सुनिश्चित करने का है, ताकि सरकारी सेवाओं की जवाबदेही और कार्य संस्कृति में सुधार हो सके।

### स्वास्थ्य विभाग में 'सार्थक' एप अनिवार्य, प्रॉक्सी पर रहेगी नजर

इसी तरह लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में भी डिजिटल उपस्थिति प्रणाली को पूरी तरह अनिवार्य कर दिया गया है। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि जिले में पदस्थ सभी अधिकारी और कर्मचारी अब केवल ह्यसार्थकह्व एप्लिकेशन के माध्यम से ही अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे। किसी अन्य माध्यम से दर्ज की गई उपस्थिति मान्य नहीं होगी और ऐसे कर्मचारियों को अनुपस्थित माना जाएगा।

### चौंकाने वाले आंकड़े : 1200 शिक्षकों ने कभी नहीं लगाई ई-अटेंडेंस

जिला शिक्षा विभाग के अंतर्गत कुल 1677 स्कूल इंचार्ज और 6529 लोक सेवक दर्ज हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से 1200 शिक्षकों ने अब तक एक बार भी ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं की। वर्तमान में केवल 1361 स्कूल इंचार्ज ही ई-अटेंडेंस लगा रहे हैं, जो कुल का 78.83 प्रतिशत है। वहीं, अतिथि शिक्षकों की स्थिति बेहतर है - लगभग सभी 1874 अतिथि शिक्षक नियमित रूप से ई-अटेंडेंस दर्ज कर रहे हैं।

## व्यापारी को बिना बताए सहयोगी ने खरीदी 359 किलो सोयाबीन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मंडी व्यापारी को बिना जानकारी दिए उसके सहयोगी और मुनीम द्वारा सोयाबीन खरीदकर उसे अपनी पत्नी की फर्म को बेचने का मामला सामने आया है। पीड़ित व्यापारी की शिकायत पर चिमनगंज थाना पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मंडी व्यापारी विजय पिता अमृतलाल कोठारी ने पुलिस को बताया कि वे मंडी में एवीएस कंपनी के लिए सोयाबीन की खरीददारी का कार्य करते हैं। इस काम में सहायता के लिए उन्होंने बजरंग नगर निवासी नंदकिशोर जायसवाल को नौकरी पर रखा था। नंदकिशोर कंपनी के बिल के माध्यम से मंडी में खरीदी करता था। कुछ समय से कामकाज ठीक नहीं होने पर विजय कोठारी ने नंदकिशोर को काम से हटा दिया था लेकिन कंपनी की रसीद उसके पास ही रह गई। इसी बीच तीन-चार दिन पहले विजय कोठारी ससुराल में गमी के कारण रतलाम गए हुए थे। इस दौरान नंदकिशोर ने कथित रूप से कंपनी की रसीद का दुरुपयोग करते हुए 359 किलो सोयाबीन बीज की खरीद कर ली और उसे अपनी पत्नी मीनल जायसवाल के नाम से पंजीकृत फर्म दर्श इंटरप्राइजेस को बेच दिया। सोयाबीन खरीदी की जानकारी विजय कोठारी को उस समय लगी जब मंडी से किसानों को भुगतान के लिए फोन आया। सूचना मिलते ही वे तुरंत उज्जैन पहुंचे और किसानों का भुगतान किया। इसके बाद उन्होंने नंदकिशोर जायसवाल और मुनीम अखिलेश के खिलाफ चिमनगंज थाने में धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## हाईस्कूल दुधली में विद्यार्थियों ने ली स्वच्छता की शपथ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शा. हाईस्कूल दुधली में गत दिवस ईको अन्तर्गत स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के विकास के उद्देश्य से स्वच्छता अभियान गतिविधि का आयोजन किया गया। ईको क्लब प्रभारी श्री शुभम भारद्वाज ने बताया कि स्वच्छता अभियान अन्तर्गत विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा परिसर की साफ-सफाई की गई एवं पौधों की देखभाल का कार्य किया गया तथा विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गई। प्राचार्य श्री संजय लालवानी ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व को समझाते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवन शैली अपनाने एवं अपने जन्मदिन पर एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया।



### खगोलीय घटना समझने के लिए वेधशाल पहुंचे लोग

# 22 को सबसे छोटा दिन और रात सबसे बड़ी रही

### 13 घंटे 19 मिनट की रही रात

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

22 दिसंबर को एक खगोलीय घटना रही। दिन (10 घंटे 41 मिनट) साल में सबसे छोटा और रात (13 घंटे 19 मिनट) साल में सबसे बड़ी रही। इस खगोलीय घटना को समझने के लिए कई लोग जीवाजीराव वेधशाला पहुंचे।

जीवाजी वेधशाला के अधीक्षक डॉ. आरपी गुप्त ने बताया कि सूर्य के चारों ओर पृथ्वी परिभ्रमण करती है। 22 दिसंबर को सूर्य मकर रेखा पर लंबवत हैं। इस दिन सूर्य की क्रांति 23 अंश 26 कला 15 विकला दक्षिण होती है। जिससे भारत सहित उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित देशों में सबसे छोटा दिन और सबसे बड़ी रात हुई।

22 दिसंबर को उज्जैन में सूर्योदय 7 बजकर 05 मिनट हुआ और सूर्यास्त 5 बजकर 46 मिनट पर हुआ। जिससे दिन की अवधि 10 घंटे 41 मिनट और रात की अवधि 13 घंटे 19 मिनट की रही। इस घटना को शंकु यंत्र से प्रत्यक्ष देखा जा सका। इस दिन शंकु की छाया सबसे लंबी होकर पूरे दिवस मकर रेखा पर गमन करती दृष्टिगोचर हुई।



### अब दिन बड़े और रात छोटी होंगी

डॉ. आरपी गुप्त ने बताया कि 22 दिसंबर के बाद सूर्य की गति उत्तर की ओर दृष्टिगोचर होना शुरू हो जाती है, जिसे सायन उत्तरायन का प्रारंभ कहते हैं। सूर्य की उत्तर की ओर गति होने के कारण अब उत्तरी गोलार्द्ध में दिन बड़े होने लगेंगे। रात छोटी होने लगेंगी। 21 मार्च को सूर्य विषुवत रेखा पर लंबवत होगा। तब दिन-रात की अवधि बराबर होगी।

# छात्र का गला कटने के बाद पतंगबाजो तक पहुंच रही पुलिस

### चिमनगंज थाना पुलिस ने छतों-मैदानों में कई सर्चिंग

### प्रतिबंध लगा होने के बाद भी चाइना डोर से पतंगबाजी होने के माले सामने आ रहे है...

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

प्रतिबंध लगा होने के बाद भी चाइना डोर से पतंगबाजी होना सामने आ रहा है। आगररोड खिलचीपुर नाके पर शनिवार को एग्रीकल्चर के छात्र का गला कट गया था। जिसके बाद चिमनगंज थाना पुलिस ने क्षेत्र के मैदानी इलाकों और छतों पर सर्चिंग अभियान चलाया।

झारडा थाना क्षेत्र के पिपलिया धूमा में रहने वाले योगेश आंजना का शनिवार को परीक्षा देकर लौटते समय चाइना डोर से गला कट गया था। डॉक्टर को 10 टांके लगाना पड़े थे, अब भी योगेश का उपचार चल रहा है। थाना क्षेत्र में हुई घटना के बाद चिमनगंज थाना पुलिस ने अनाज मंडी परिसर से 3 युवकों को पकड़ा था जिनके पास से प्रतिबंधित डोर की 23 रील बरामद हुई थी। थाना क्षेत्र में कोई घटना ना हो इसको लेकर पुलिस अब मैदानी इलाकों के साथ छतों पर पतंगबाजी करने वालों की पड़ताल करने निकल पड़ी है। सर्चिंग के दौरान चाइना डोर से पतंग नहीं उड़ने की हिदायत दी जा रही है। वर्तमान में नाबालिग सबसे अधिक पतंगबाजी करते दिखाई दे रहा है। उनके परिजनों को भी हिदायत दी जा रही है।

थाना प्रभारी गजेंद्र पचोरिया ने बताया कि अब लगातार क्षेत्र में पतंगबाजी करने वालों पर नजर रखी जाएगी ताकि वह चाइना डोर का उपयोग नहीं कर सके। चिमनगंज थाना क्षेत्र के साथ ही महाकाल और नीलगंगा थाना क्षेत्र में भी पुलिस लगातार सर्चिंग कर रही है। महाकाल थाना क्षेत्र में पतंग का मुख्य बाजार है और सबसे अधिक पतंगबाजी भी इसी क्षेत्र में होती दिखाई दे रही है महाकाल क्षेत्र से लगी नीलगंगा थाना क्षेत्र की सीमा भी जहां से 7 दिन में चाइना डोर बेचने वाले नाबालिग और पांच युवको को पकड़ा गया है। जिनके पास से 73 रील प्रतिबंधित चाइना डोर की पकड़ी जा चुकी है।



### सोशल मीडिया पर भी रखी जाएगी नजरं

पुलिस द्वारा दुकान और छतों पर की जा रही सर्चिंग के बाद चाइना डोर ऑनलाइन बेची जाना सामने आने लगा है। ऑनलाइन डिलीवरी होने पर आसानी से यह पतंगबाजो तक पहुंचने लगी है। जिसके चलते पुलिस द्वारा अब सोशल मीडिया पर भी नजर रखने की बात कही गई है। पुलिस ऐसी साइटों को देखने का काम करेगी जिसके माध्यम से चाइना डोर की बिक्री हो रही है।

## आमिर खान के कोच ने बचाई उज्जैन में यात्री की जान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

भारतीय रेलवे अपने कर्मचारियों को CPR (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) और प्राथमिक उपचार की ट्रेनिंग समय समय पर देता रहता है, ताकि आपात स्थिति में यात्रियों और सहकर्मियों की जान बचाई जा सके, जिसमें चेस्ट कंप्रेशन और बचाव सांस देना सिखाया जाता है, ताकि वे स्टेशन या ट्रेन में किसी की जान बचाने में सक्षम हों। दौड़ते समय एक यात्री गश्त खाकर गिर गया

ऐसी ही एक घटना 21 दिसंबर, 2025 को शाम लगभग 5:30 बजे उज्जैन रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 6 पर नर्मदा एक्सप्रेस के कोच अ1 के सामने देखने को मिली। ट्रेन नंबर 18233 के कोच अ1 के सामने से जर्नल बोगी की ओर दौड़ते समय एक यात्री गश्त खाकर गिर गया। कोच ए1, कोच एचए1 से जुड़ा हुआ था, और उसके बगल में जनरल डिब्बा था, जिसमें यात्री चढ़ना चाहता था। यात्री के पास उज्जैन से अनूपपुर जंक्शन तक का जनरल टिकट नंबर 63928769 था। यात्री को हार्ट अटैक आया था। किसी का इंतजार किए बिना, कृपाशंकर पटेल, जो एक समर्पित रेलवे कर्मचारी, इंदौर में मुख्य टिकट निरक्षक है और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित पहलवान हैं, मैंनिंग ड्यूटी पर तैनात कृपाशंकर पटेल ने तुरंत यात्री को सीपीआर देना शुरू कर दिया। यात्री को खांसी आई और उसकी पल्स रेट नॉर्मल होने लगी।

# बिजली कटौती से नानाखेड़ा व महामृत्युंजय द्वार क्षेत्र के रहवासी बेहद परेशान बार-बार बिजली बंद होने से

दैनिक अवन्तिका » उज्जैन

नानाखेड़ा क्षेत्र सहित इंदौर रोड स्थित महामृत्युंजय द्वार की तरफ की कई कॉलोनी जैसे अर्पिता कॉलोनी, अभिषेक नगर, मित्र नगर, गंगानगर,, वृंदावन धाम सहित अन्य कॉलोनी में लोग बिजली कटौती के कारण बेहद परेशान है। ऐसा कोई दिन नहीं बीत रहा की नानाखेड़ा क्षेत्र व महामृत्युंजय द्वारा की तरफ वाले क्षेत्र की कॉलोनी में बिजली कटौती नहीं की जा रही हो। सोमवार को तो हद ही हो गई सुबह से गुल हुई बिजली तीन चार घंटे बाद बहाल हुई।



15-20 मिनट की कटौती तो ठीक पर चार-चार घंटे की कटौती से महामृत्युंजय क्षेत्र की कई कॉलोनी के लोग परेशान है। बिजली बंद होने का कोई समय तय नहीं है। सुबह हो, दोपहर हो, शाम या रात हो किसी भी समय बिजली बंद कर दी जा रही है। बिजली की आंख मिचौली से लोगों की परेशानी दोगुनी हो गई है। बार-बार बिजली कटौती से नागरिक अच्छे खासे परेशान हो गए हैं। दिन में कई बार बिजली जाना नानाखेड़ा व महामृत्युंजय द्वार क्षेत्र की कॉलोनी में आम बात हुई दिन में कई बार बिजली जाना नानाखेड़ा, व महामृत्युंजय द्वार तरफ की कॉलोनी में आम बात हो गई है। बिना जानकारी के बिजली कटौती के कारण लोगों को पीने के पानी सहित अन्य जरूरतों के लिए पानी की समस्या भी हो रही है। इसके अलावा रात में यदि बिजली चली गई तो कई देर तक वापस नहीं आती। बिजली कटौती के साथ ही लोगों को लो वोल्टेज की समस्या से भी जूझना प? रहा है। विभाग द्वारा बिना जानकारी दिए कभी भी बिजली बंद कर दी जाती है। बिना जानकारी के बार बार बिजली बंद होने से लोगों को भारी परेशानी झेलनी प? रही है। बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी लाख कोशिशें के बाद भी लोगों को बिजली की परेशानी से राहत नहीं दिला पा रहे हैं।

## कम-ज्यादा वोल्टेज से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो रहे

नानाखेड़ा क्षेत्र व महामृत्युंजय द्वार तरफ की कॉलोनी में बार-बार कम ज्यादा वोल्टेज की वजह से लोगों के इलेक्ट्रिक उपकरण खराब हो रहे हैं या फिर फ्यूज उड़ जाना या अन्य परेशानियां सामने आ रही है। वहीं रहवासियों का कहना है कि शिकायत का नंबर लगाओ तो वह हमेशा बिजी आता रहता है। महानंदा नगर झोन में नंबर भी ज्यादातर बंद ही रहता है।

### अधिकांश क्षेत्रों में यही हालात

गौरतलब है कि यह सिर्फ नानाखेड़ा क्षेत्र की समस्या ही नहीं, बल्कि उज्जैन के अधिकांश क्षेत्रों में यही हालात हैं। लोग परेशान हैं लेकिन सवाल यही है कि आखिर करें क्या?

## स्विमिंग पूल 90 प्रतिशत बनकर तैयार सिर्फ फिनिशिंग का कार्य बाकी



**उज्जैन।** देवास रोड स्थित नगर निगम के तरण ताल के शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें, कार्य में गति लाएं संबंधित ठेकेदार से संसाधन एवं मैनपॉवर बढ़ाते हुए तेज गति से कार्य किया जाए उक्त निर्देश सोमवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा तरण ताल के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिए। नगर निगम द्वारा 6 करोड़ की लागत से देवास रोड स्थित तरणताल पर स्विमिंग पूल का निर्माण किया जा रहा है। स्विमिंग पूल 90 प्रतिशत बनकर तैयार हो गया है सिर्फ फिनिशिंग का कार्य बाकी है साथ ही स्विमिंग पूल में फिल्टर मीडिया का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है एवं जो फिल्टर प्लांट लगाए गए हैं उसकी भी टेस्टिंग पूर्ण हो चुकी है, पुल के बाहरी साइड का कार्य चल रहा हैं, निगम आयुक्त के निर्देश के अनुसार शीघ्र ही शेष कार्यों को पूर्ण कर जल्द ही स्विमिंग पूल का शुभारंभ करवाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री मनोज राजवानी, उपयंत्री मुकुल मेश्राम एवं संबंधित कार्य के ठेकेदार उपस्थित रहें।

## भारतीय ज्ञान परम्परा और दर्शनशास्त्र पर केंद्रित राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन



**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन की दर्शनशास्त्र एवं योग अध्ययन शाला में भारतीय ज्ञान परंपरा और दर्शनशास्त्र पर केंद्रित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के प्रमुख अतिथि गुजरात यूनिवर्सिटी अहमदाबाद के दर्शन विभाग अध्यक्ष प्रो.डॉ.दिलीप चारण थे, अध्यक्षता कुलानुशासक प्रो शैलेंद्र कुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि डॉ. आभा होलकर इंदौर एवं विभाग अध्यक्ष प्रो. सत्येंद्र कुमार मिश्रा ने विचार व्यक्त किया। प्रारंभ में अतिथियों द्वारा डॉक्टर चिंतामणि राठौर की पुस्तक वैदेही-एक भारतीय नारी का विमोचन किया। इस अवसर पर डॉक्टर चिंतामणि राठौर ने सामाजिक समरसता के मूल नायक मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम पर एवं ज्ञान परंपरा पर अपने विचार प्रकट किया। वैदेही ग्रंथ की विशेषता यह है कि 11 भारतीय नारी (वीरांगनाएं) आदिकाल की ,11 भारतीय नारी मध्यकाल की और 11 भारतीय नारी वर्तमान की , के संपूर्ण जीवन को इस ग्रंथ में सजाया गया है। पश्चिम के दर्शन में दिव्या पुरुष की संकल्पना तथा विज्ञान का तार्किकवाद निहित है इसलिए वहां मानवी संबंध संस्कृति और व्यवहार का के साथ सौंदर्य सृष्टि और विवेचना की क्षमता नहीं है। वहीं भारतीय ज्ञान परंपरा इन कमियों को दूर करती हुई व समग्रता से जीवन व जीवन बोध का अनुभव करती है भारतीय ज्ञान परंपरा एवं दर्शन विचार और व्यवहार का संबंध प्रस्तुत करते हैं। दर्शनशास्त्र सभागार में संपूर्ण विश्वविद्यालय के शोधार्थी भी उपस्थित थे। प्रारम्भ में अतिथि स्वागत और विषय प्रवर्तन विभागाध्यक्ष प्रो एस के मिश्रा ने किया। इस अवसर पर प्रो जगदीश चंद्र शर्मा, डॉ बिंदु पंवार, रवींद्र राणावत, अंकित राठौर(जर्मनी से पधारे) नगाड़ा सम्राट नरेंद्र सिंह कुशवाह, श्री महेंद्र शर्मा पुजारी परिवार आदि सहित अनेक शोधार्थी उपस्थित थे। दर्शनशास्त्र अध्ययनशाला, सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के सभागार में आयोजित इस संगोष्ठी का संचालन डॉ आलोक गोयल ने किया। अंत में इस संगोष्ठी का आभार प्रदर्शन डॉ चिंतामणि राठौर ने किया।

## मध्यप्रदेश नागर ब्राह्मण महिला परिषद का प्रांतीय अधिवेशन संपन्न

**उज्जैन।** नागर ब्राह्मण महिला परिषद का प्रांतीय अधिवेशन 21दिसंबर को निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव एवं मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ.विकास दवे की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ जिसमें मध्यप्रदेश के विभिन्न अंचलों से लगभग 500 महिलाओं ने भाग लिया। नागर ब्राह्मण महिला परिषद अध्यक्ष केदार रावल, महिला मंडल की प्रदेशाध्यक्ष सोनिया मंडलोई, कार्यक्रम संयोजक आभा मेहता, उज्जैन महिला मंडल की अध्यक्ष नेहा प्रतिमा लव मेहता, प्रदेश महासचिव पं.हेमंत व्यास, उज्जैन परिषद अध्यक्ष विजय शर्मा, युवा प्रदेशाध्यक्ष के.के.व्यास, विशाल नागर,नितीन नागर, अमित नागर,प्रदेश महिला महासचिव अर्चना व्यास एवं प्रतिभा मेहता आदि मंचासीन थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा इष्टदेव भगवान हाटकेश्वर, संत नरसी मेहता पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित किया गया। स्वागत भाषण प्रदेशाध्यक्ष सोनिया मंडलोई, स्वागतगीत उज्जैन शाखा की नेहा प्रतिमा मेहता, श्वेता रावल, ममता नागर, वंदना मेहता, वंदना जोशी,किरण मेहता,सीमा प्रमोद नागर, सीमा महेश नागर, अनीता नागर,रेणु नागर, आशा नागर, मीना नागर अनुराधा नागर ने प्रस्तुत किया। मनमोहक आकर्षक घुमर नृत्य की शानदार प्रस्तुति उज्जैन शाखा की श्रीमती प्रीति शर्मा, सीमा आलोक नागर,राधा नागर,राधिका त्रिवेदी, प्रज्ञा मेहता ने प्रस्तुत किया। परिषद की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुश्री शिलाबेन व्यास, वत्सला बेन नागर, डॉ.निरुपमा नागर आभा मेहता , शारदा मंडलोई का उनके सामाजिक योगदान पर अभिनंदन किया गया। महिला विरांगना सम्मान से राजकुमारी मेहता,किरण मेहता, सुषमा मंडलोई को सम्मानित किया गया। प्रतिभाशाली अतिविशिष्ट युवती सम्मान हाल ही मे डिप्टी कलेक्टर बनी हर्षिता डॉ.विकास दवे, अधिकता दृष्टि केदार रावल, गोरांगी मेहता को एवं सुप्रसिद्ध वेबसिरिज कोटा फेक्ट्री सिजन तीन के युवा निर्देशक प्रतिश मेहता की अनुपस्थिति में उनके माता-पिता लव मेहता, नेहा प्रतिमा मेहता को सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथि व्दय डॉ विकास दवे एवं श्रीमती कलावती यादव ने महिला स्वालंबन, सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक समानता पर सारगर्भित उद्बोधन देते हुए सफलतम आयोजन हेतु बधाई प्रेषित की। उज्जैन परिषद अध्यक्ष नेहा प्रतिमा मेहता एवं उनकी टीम को सम्मानित किया। कार्यक्रम को प्रदेशाध्यक्ष केदार रावल, सोनिया मंडलोई,पं.हेमंत व्यास, विजय शर्मा,के.के.व्यास, आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संपूर्ण प्रदेश से महिला प्रतिनिधि शामिल हुई।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 157-3 | 238-3 |
| मेन बाजार | 250-7 | 399-1 |
| कल्याण नाइट | 468-8 | 457-6 |
| मिलन डे | 370-0 | 350-8 |
| मिलन नाइट | 699-4 | 259-6 |
| मधुर डे | 135-9 | 446-4 |
| मधुर नाइट | 158-4 | 233-8 |
| शुभांक | 1 | 7 9 |

# चक्रतीर्थ की दीवारों पर रंग-रोगन कर पोंटिंग की जा रही





दैनिक अवन्तिका » उज्जैन

चक्रतीर्थ पर फैली अव्यवस्था में सुधार किया जा रहा है चक्रतीर्थ की दीवारों पर रंग रोगन कर इन पर आकर्षक पेंटिंग की जा रही है साथ ही शेड निर्माण सहित रेलिंग लगाने का कार्य भी किया जा रहा है।

चक्रतीर्थ पर महापौर मुकेश टटवाल के निर्देश अनुसार नगर निगम जोन क्रमांक 01 टीम द्वारा विभिन्न कार्य करवाये गए हैं जिसमें पेंटिंग्स, टीन शेड के पतरे चेंज किये गए, रेलिंग, ओटलों पर मार्किंग एवं कलर, शोक सभा हॉल में पेंटिंग, शेड निर्माण, यूरिनल निर्माण,वाल पेंटिंग इत्यादि कार्य किए जा रहे हैं। जिसके चलते चक्रवर्ती की स्थिति सुधर गई है। यहां पर चित्रकारों द्वारा कई धार्मिक चित्रों को दीवारों पर उकेरा गया है।

## नारायण धाम मंदिर में किया पूजन

**उज्जैन।** नारायण धाम मंदिर परिसर महिदपुर में प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव ने पूजन अर्चन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। वही नारायण धाम महिदपुर समिति द्वारा श्री नंदलाल यादव का पुष्पमाला एवं शाल उडाकर स्वागत सम्मान किया, जिसमें प्रेस क्लब के पदाधिकारी उदय सिंह चंदेल, गणपत सिंह चौहान, भूपेंद्र भूतडा, रामचंद्र गिरी, सतीश गौड, मनीष पांडे, रवि नरवरिया, अमर शंकर जोशी आदि का स्वागत समिति के पदाधिकारी केसर सिंह पटेल द्वारा किया गया।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती अंबिका जायसवाल पति विपुल भाई जायसवाल निवासी 31/807, सत्यम अपार्टमेंट, गौरवा बड़ोदरा (गुजरात) के द्वारा विक्रेतागण 01. श्रीमती विद्या दीपक वरकड़ पति दीपक पूंजाजी वरकड़, 02. दीपक पूंजा जी वरकड़ पिता पूंजाजी बापूराव वरकड़ निवासीगण हंटिंज नीलम जवल प्लॉट नं. 22 नीलम नगर स्टेशन रोड जालना जूना जालना (महाराष्ट्र) से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 38 स्थित तिरूपति पेराडाईज ग्राम सुरासा, शिवांश पेराडाईज के पीछे, आगर रोड़ उज्जैन के भवन जिसका कुल क्षेत्रफल 66.89 वर्गमीटर अर्थात 720 वर्गफीट जिसकी चर्तुसीमा में पूर्व में सड़क कॉलोनी की, पश्चिम में भवन क्रमांक 05, उत्तर में भवन क्रमांक 39 एवं दक्षिण में भवन क्रमांक 37 मिला है को हवाई हक सहित अनुबंध पत्र संपादित कर आंशिक राशि अदा कर दी है तथा शेष राशि प्रदान करते हुए उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का संपादन किया जाना शेष है। यदि उक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्थान, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार, हक, अधिकार या मतालबा पेनल्टी, दंड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो या उक्त वर्णित संपत्ति में किसी का कोई स्वत्व, हित, दान, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बावत् कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 3 दिवस के अंदर अनिवार्यतः मुझे फोन पर आपत्ति दर्ज कराकर उसके पश्चात् सप्रमाण लिखित में आपत्ति पेश करें ताकि उसका निराकरण किया जा सके इसके अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार से ली गयी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति स्वामी को विक्रय धन अदा कर किया जाकर उनसे विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जावेगा, तत्पश्चात् किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 22/12/2025

**विशाल पाँचाल एडवोकेट**
**कोठी पैलेस, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो.7000498005**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है जो कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी प्यारसिंह पिता श्री चन्दरसिंह जाति सौंधिया राजपूत निवासी कृषक ग्राम बडोदिया तहसील माकडोन जिला उज्जैन म.प्र. के द्वारा अपने हक एवं हिस्से की भूमि सर्वे नम्बर 220 रकबा 1.34 हेक्टर एवं सर्वे नम्बर 221/1 रकबा 1.04 हेक्टर एवं सर्वे नम्बर 224 रकबा 0.26 हेक्टर कुल किता 03 कुल विक्रीत रकबा 2.64 हेक्टर याने (10 बिघा 14 बिसवा) भूमि स्थित ग्राम बडोदिया तहसील माकडोन जिला उज्जैन में उक्त भूमि का विक्रय/अनुबंध पत्र/सौदा चिटठी संपादित करवा कर टोकन बयाना राशि भी मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है। यह कि उपरोक्त भूमि विक्रय में यदि उक्त अनुबंधित कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत संस्था बैंक, निकाय, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानिय शासन का कोई ऋण भार या बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कार्यालयिन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारी नही होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 22 दिसम्बर 2025

**दिनेश वर्मा सर्विस प्रोवाईडर**
**उप पंजीयक कार्यालय**
**घटिटया जिला उज्जैन मो. 9424067457, 9981811377**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है जो कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी 01-रामलाल पिता श्री परबतसिंह 02-तोफानसिंह पिता श्री सरदारसिंह 03- रामसिंह पिता श्री भेरूसिंह समस्त जातिगण सौंधिया राजपूत निवासी कृषक ग्राम सोनचीडी तहसील आगर जिला आगर मालवा म.प्र. के द्वारा अपने हक एवं हिस्से की भूमि सर्वे नम्बर 474/1 रकबा 0.44, में से रकबा 0.20 हैक्टर एवं सर्वे नम्बर 475/2/2, रकबा 1.00 हैक्टर एवं सर्वे नम्बर 475/2/1 रकबा 0.50 हैक्टर एवं सर्वे नम्बर 477 रकबा 0.43 हैक्टर कुल किता 04 कुल विक्रीत रकबा 2.13 हेक्टर याने (10 बिघा 13 बिसवा) भूमि स्थित ग्राम सोनचीडी तहसील आगर जिला आगर मालवा में उक्त भूमि का विक्रय/अनुबंध पत्र/सौदा चिटठी संपादित करवा कर टोकन बयाना राशि भी मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है। यह कि उपरोक्त भूमि विक्रय में यदि उक्त अनुबंधित कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत संस्था बैंक, निकाय, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानिय शासन का कोई ऋण भार या बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कार्यालयिन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 22 दिसम्बर 2025

**दिनेश वर्मा सर्विस प्रोवाईडर**
**पंजीयक कार्यालय घटिटया जिला उज्जैन**
**मो. 9424067457, 9981811377**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि म्यु. क्रमांक 20 एवं 23 के दक्षिणी भाग पर निर्मित बहुमंजिला भवन कल्प ट्रेड की तृतीय मंजिल का भाग प्रकोष्ठ/आफिस क्रमांक 306 जो कि वरुणचि मार्ग से अन्द एवं मुंज मार्ग से अन्दर फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र. में स्थित हैं, जिसका कुल क्षेत्रफल 31.04 वर्गमीटर हैं, को मेरे पक्षकार ने उपरोक्त प्रकोष्ठ स्वामी से क्रय करने का तय किया हैं। जल्द ही दस्तावेज अनुबंध पत्र / दस्तावेज विक्रय पत्र का पंजीकरण होना हैं। उक्त संपत्ति के सम्बंध में यदि किसी भी व्यक्ति / संस्था का कोई हक, हिस्सा, स्वत्व, स्वामित्व, क्लेम, अधिकार, सुखाधिकार एवं राईट्स, दावा, झगडा आदि हो या उक्त संपत्ति कहीं पर विक्रय, वसीयत, रहन, बय, दान, मार्टगेज या अन्य किसी भी प्रकार से अनुबंध, अन्तरण, हस्तान्तरण की हुई हो या किसी शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी, कार्यालय, शासकीय / अर्द्धशासकीय/अशासकीय बैंक, वित्तीय संस्था या साहुकारी आदि का कोई कोई ऋण, भार, कर, संपत्तिकर, क्लेम आदि बाकी हो या किसी न्यायालय/कार्यालय में उक्त संपत्ति से सम्बंधित कोई आपत्ति/वाद विचाराधीन हो या स्थगन हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07-सात दिन में मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति या क्लेम प्रस्तुत करें अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त संपत्ति का दस्तावेज विक्रय-पत्र / दस्तावेज अनुबंध पत्र का संपादन एवं निष्पादन कर पंजीकरण करा लिया जायेगा। उसके बाद कोई आपत्ति दावा झगडा क्लेम आदि मान्य नहीं होगा। इस सूचना के पश्चात उक्त वर्णित संपत्ति को खरीदने का कोई अनुबंध, रजिस्ट्री, विक्रय-पत्र या उसके सम्बंध में कोई व्यवहार आदि नहीं करें। सूचित हो। इति दिनांक 22/12/2025, स्थान - उज्जैन

**शकील एहमद एडवोकेट सुहाना पैलेस**
**34. शू मार्केट लखेरवाड़ी उज्जैन**
**मो. 87707-18997**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार वण्डर होम फायनेंस लिमिटेड शाखा उज्जैन की ओर से सूचित किया जाता है, कि भुखण्ड क्रमांक 29, जो कि सर्वे क्रमांक 1497/1 का भाग, होकर राजीव नगर आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.) कुल क्षेत्रफल 600 वर्गफिट होकर जिसके पूर्व में अन्य का मकान, पश्चिम में रोड उत्तर में - सुरज प्रताप जी का मकान, दक्षिण में जगदीश का मकान मिला है, कि प्रतिभूति पर प्रस्तावित ऋणी / क्रेता श्रीमती पवित्रा पांचाल पति श्री महेश पांचाल द्वारा वर्तमान स्वामीगणो (1) चन्द्रकांता (2) प्रवीण (3) गायत्री (4) राजेन्द्र सर्व पिता श्री मोहनलाल से क्रय किये जाने हेतु वित्तीय सुविधा प्रदान किये जाने विषयक आवेदन प्रस्तुत किया है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति बंधक किया जाना प्रस्तावित है। मूलतः प्रश्नागत सम्पत्ति श्री मोहनलाल पिता श्री सुखराम के स्वत्वाधिपत्य की सम्पत्ति थी। श्री मोहनलाल का स्वर्गवास दिनांक 29.10.2024 को हो जाने उपरांत (1) चन्द्रकांता (2) प्रवीण (3) गायत्री (4) राजेन्द्र स्वर्गीय श्री मोहनलाल के विधिक वारिसान होने नाते सम्पत्ति के संयुक्त स्वामी हुए। (1) चन्द्रकांता (2) प्रवीण (3) गायत्री (4) राजेन्द्र का नाम नगर पालिक निगम उज्जैन के सम्पत्ति अभिलेखों में स्वामी अंकित चला आ रहा है। प्रस्तावित ऋणी / क्रेता द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने का विधिवत अनुबंध वर्तमान स्वामीगणो से किया गया है। अतः मेरे पक्षकार की ओर से सूचित किया जाता है, कि उक्तानुसार वर्तमान स्वामीगणों के स्वामी होने अथवा संपत्ति के स्वामित्व, कब्जे के संबंध में अथवा विक्रय किये जाने में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई न्यायालयीन कार्यवाई दावा आदि चल रहा हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात दिवस) की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जाएगी तथा ऋण स्वीकृत किए, जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण दायित्व मेरे पक्षकार का या बाद में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो इति दिनांक 22.12.2025

**जम्बूकुमार जैन,एडवोकेट एवं नोटरी**
**(भारत सरकार)**
**23, शंकू मार्ग, माधवनगर, उज्जैन**
**मोबाईल नं. 9669666697**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार वण्डर होम फायनेंस लिमिटेड शाखा उज्जैन की ओर से सूचित किया जाता है, कि भवन पंजीयन क्रमांक 1741, जो कि सर्वे क्रमांक 150/1/3 का भाग, होकर जो मयुर नगर कॉलोनी ग्राम पंवासा मक्सी रोड उज्जैन (म.प्र.) कुल क्षेत्रफल 1200 वर्गफिट होकर जिसके पूर्व में ललीत शर्मा का मकान, पश्चिम में रोड, उत्तर में अन्य का मकान, दक्षिण में बद्रीलाल का मकान मिला है, कि प्रतिभूति पर प्रस्तावित क्रेता / ऋणी श्रीमती चेन कुंवर पति श्री बलराम सिंह सिसौदिया द्वारा वर्तमान स्वामीगणो (1) सावित्री बाई पति श्री रामभरोसे डोरिया (2) दिनेश चौहान पिता अम्बाराम (3) श्रीमती सीमा राजोरिया पति श्री राकेश (4) गौरी बाई पति श्री अशोक जाटवा से क्रय किये जाने हेतु वित्तीय सुविधा प्रदान किये जाने विषयक आवेदन प्रस्तुत किया है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति बंधक किया जाना प्रस्तावित है। मूलतः प्रश्नागत सम्पत्ति श्री अम्बाराम पिता श्री भुवान जी के स्वत्वाधिपत्य की सम्पत्ति थी। श्री अम्बाराम का स्वर्गवास दिनांक 12.07.2024 को एवं पत्नि श्रीमती सरजू बाई का स्वर्गवास पूर्व में दिनांक 06.09.2011 को हो जाने उपरांत उपयुक्त विक्रेता सावित्री बाई पति श्री रामभरोसे डोरिया एवं अन्य स्वर्गीय श्री अम्बाराम एवं श्रीमती सरजू बाई के विधिक वारिसान होने नाते सम्पत्ति के संयुक्त स्वामी हुए। श्रीमती सावित्री बाई पति श्री रामभरोसे डोरिया एवं अन्य 03 का नाम नगर पालिक निगम उज्जैन के सम्पत्ति अभिलेखों में स्वामी अंकित चला आ रहा है। प्रस्तावित ऋणी/क्रेता द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने का विधिवत अनुबंध वर्तमान स्वामीगणो से किया गया है। अतः मेरे पक्षकार की ओर से सूचित किया जाता है, कि उक्तानुसार वर्तमान स्वामीगणों के स्वामी होने अथवा संपत्ति के स्वामित्व, कब्जे के संबंध में अथवा विक्रय किये जाने में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई न्यायालयीन कार्यवाई दावा आदि चल रहा हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात दिवस) की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जाएगी तथा ऋण स्वीकृत किए, जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण दायित्व मेरे पक्षकार बैंक का रहेगा तथा बाद में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो इति दिनांक 22.12.2025

**जम्बू कुमार जैन,एडवोकेट एवं नोटरी (भारत सरकार)**
**23, शंकू मार्ग, माधवनगर, उज्जैन**
**मो. 9669666697**

खास न्यूज

## पानी फैलाने की बात पर 2 भाईयों के परिवार में विवाद

**उज्जैन।** महिदपुर तहसील के ग्राम लसुडिया पथ में रहने वाले 2 भाईयों दरबारसिंह सौंधिया और नारायणसिंह सौंधिया के बीच भैसों को पानी पिलाने के लिये बनाई गई थेर से पानी फैलाने की बात पर विवाद हो गया। कहासुनी मारपीट में बदल गई और दोनों के बीच लात-घूंसे, डंडे चल पड़े। नारायणसिंह की ओर से मां मानकुंवर और पुत्र प्रधानसिंह बीच-बचाव के लिये आये तो उनके साथ भी मारपीट की गई। दोनों ओर से चार लोग घायल हो गये। मामला पुलिस थाने पहुंचने पर दोनों भाईयों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाकर मारपीट करने की बात कहीं। पुलिस ने दोनों पक्ष की ओर से शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की है।

## माता-पिता के विवाद में पुत्र ने खुद को किया घायल

**उज्जैन।** अतिरिक्त विश्व बैंक कालोनी में रहने वाले संदीप पिता रामेश्वर 22 साल को रात में उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया था। उसका एक हाथ लहूलुहान था, उसे गहरी चोंट लगी थी। संदीप ने बताया कि वह दोना पत्तल फैक्ट्री में करता है। पिता भी हम्माली करते और शराब पीने के आदी है। रात में शराब पीकर घर लौटते और मां सुनीता से विवाद कर रहे थे। आये दिन के विवाद से वह भी तंग आ गया था, गुस्से में उसने खिड़की के कांच पर हाथ मार दिया था। जिससे चोंट लगी है। अस्पताल स्टॉफ ने मामले की सूचना पुलिस को देने की बात कहीं। सचिन ने शिकायत दर्ज कराने से माना कर दिया। फिलहाल उसका उपचार चल रहा है।

## ब्लॉक फैक्ट्री में काम करने वाले को बाइक ने मारी टक्कर

**उज्जैन।** बड़नगर मार्ग पर सीमेंट से बनने वाले ब्लॉक की फैक्ट्री में काम करने वाले राधेश्याम पिता अम्बाराम 45 साल को रविवार रात बाइक चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। उसे लोगों की मदद से चरक अस्पताल पहुंचाया गया। सिर में चोंट अधिक होने पर डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है। घायल राधेश्याम ने बताया कि वह बदनावर का रहने वाला है और कई महिनों ने ब्लॉक फैक्ट्री में कर रहा है। फैक्ट्री में रहने के लिये कमरा मिला है। रात में वह किराने का सामान लेकर पैदल लौट रहा था, उसी दौरान बाइक वाले ने टक्कर मार दी। घायल के बयान दर्ज कर पुलिस ने बाइक चालक की तलाश शुरू की है।

## संस्कृत महाविद्यालय में मनाया गणित दिवस

**उज्जैन।** श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिन पर संस्कृत महाविद्यालय में पूरे स्टाफ एवं विद्यार्थियों के साथ गणित दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद यश शर्मा डीआर, ममता मलिक ने रामानुजन के जीवनी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि रामानुजन ने सभी विषयों में फेल होते हुए मात्र गणित विषय को अपनाया और कम उम्र में अपने आप को जागृत किया। अंको को लेकर के जबरदस्त काम किया। जिससे आज भी उनकी थ्योरी को एआई क्रिस्टलोग्राफी और कंप्यूटर एल्गोरिथम में प्रयोग किया जा रहा है। रामानुजनजी के विचार थे, 'मेरे लिए गणित के उस सूत्र का कोई मतलब नहीं है जिसमें मुझे आध्यात्मिक विचार न मिलते हों।' अध्यक्षी उद्बोधन डॉ सीमा शर्मा ने दिया। संचालन डॉ, गणेश द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में डॉ श्रेयश कोरान्ने, सुरितराम ध्रुव, डॉ. सदानंद त्रिपाठी, रमाशंकर कोल, कालूराम शर्मा, डॉ. महिमा शास्त्री एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

3 माह से थी तलाश, कोर्ट चौराहा से हिरासत में आये

# रास्ता रोक युवक को नकली पिस्टल दिखाकर मांगा था हफ्ता



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पांच बदमाशों ने युवक का रास्ता रोक पिस्टल दिखाते हुए शराब पीने के रूपये मांगे थे, लेकिन पिस्टल नकली होने पर नहीं चल पाई थी, पांचों युवक जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले थे। पुलिस ने हफ्ता वसूली का मामला दर्ज कर जांच में लिया था। 3 माह बाद पुलिस ने तीन बदमाश युवकों को गिरफ्तार किया है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 25 सितंबर की रात कस्बे के ठक्कर बाबा कालोनी में रहने वाला विवेक पिता नरेन्द्र सिरसवाल रात 10.30 बजे के लगभग बदनावर रोड से घर लौट रहा था। सरस्वती स्कूल के पास बाइक से आये पांच बदमाश युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया था। उन्होने पिस्टल दिखाते हुए विवेक से शराब पीने के लिये हफ्ता मांगा, जिसको लेकर विवाद की स्थिति बनी, बदमाशों के पास पिस्टल नकली होने पर गोली नहीं चली। पांचों युवक धमकी देकर भाग निकले। 26 सितंबर को विवेक ने मामले की शिकायत दर्ज कराई। पांच युवकों के खिलाफ धारा 308(5), 115 (2), 3 (5) का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया था। इस दौरान बदमाश युवको की पहचान की गई जो शक्कर मिल बड़नगर के रहने वाले सामने आये, बदमाशों में 2 नाबालिग थे। उनकी गिरफ्तारी के लिये एएसआई सुनील देवके, राजेन्द्रसिंह हाड़ा, प्रधान आरक्षक हेमराजसिंह, आरक्षक सूर्यकुमार, नारायण सारा की टीम बनाई गई, पांचों फरार होना सामने आये। उनकी लगातार तलाश की जा रही थी। 3 माह बाद सोमवार को पता चला कि हफ्ता वसूली में फरार 3 बदमाश कोर्ट चौराहा पर घूम रहे है। तत्काल टीम को रवाना किया गया और विष्णु पिता भुवानसिंह भूरिया भील 18 साल 8 माह, भारत पिता निर्भय सिंह राठौर 19 साल और रितीक पिता मदन भूरिया 19 साल निवासी शक्कर मिल को हिरासत में लिया गया। तीनों के पास से हफ्ता वसूली की घटना में प्रयुक्त की गई बाइक जप्त की गई। तीनों को गिरफ्तारी के बाद दोपहर में कोर्ट पेश किया गया। थाना प्रभारी पाटीदार के अनुसार प्रकरण में तीनों आरोपितों के 2 नाबालिग साथी फरार है, जिनको हिरासत में लेने के बाद नकली पिस्टल बरामद की जायेगी।

# दिन में चली सर्द हवा, आसमान में छाये बादल



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दिसंबर माह बीतने में कुछ दिन शेष है और ठंड का प्रभाव बढ़ रहा है। सोमवार को दिन में सर्द हवा महसूस हुई, आसमान में हल्के बादल छाये रहे, जिससे धूप मध्यम हो गई थी। आगामी दिनों में ठंड लोगों का जनजीवन प्रभावित कर सकती है।

उत्तर भारत की ओर से आ रही हवा से पिछले एक सप्ताह से तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही थी और 10 डिग्री से नीचे बना हुआ था। लेकिन रविवार-सोमवार रात न्यूनतम तापमान में तेजी आई ओर 11.4 डिग्री दर्ज किया गया, वहीं सोमवार को अधिकतम तापमान भी 27.2 डिग्री दर्ज हुआ। इस बीच दिनभर सर्द हवा चली और आसमान में हल्के बादल छाये रहे। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी की सर्द हवा का रूख मध्यप्रदेश की ओर बना हुआ है। जिसके चलते प्रदेश के कुछ राज्यों में मावठे की बारिश हो सकती है, जिसके बाद ठंड का असर ओर तेज हो जायेगा। फिलहाल सोमवार को तापमान में आई कुछ तेजी की वजह हवा का रूख बदलना है, एक-दो दिन में फिर हवा अपना रूख बदल सकती है, जिससे ठंड बढ़ते ही आम जनजीवन प्रभावित दिखाई देगा। स्थानीय वेधशाला के अनुसार वैसे जिले में ठंडी हवा के चलते ठंड बनी हुई है, आसमान में बादल छाने की वजह से तापमान में मामूली तेजी आई है। दिसंबर के अंतिम सप्ताह में फिर से तापमान में गिरावट आने लगेगी।

# नशा मुक्ति केन्द्र के संचालक ने थाने में किया सरेंडर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गैर इरादतन हत्या के मामले में फरार चल रहे नशा मुक्ति केन्द्र के संचालक ने पुलिस की लगातार दबिश के चलते सोमवार को थाने में सरेंडर कर दिया। पुलिस ने दोपहर बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

मंगलनाथ मंदिर मार्ग पर नव मानस नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती हरीश पिता ग्यारसीलाल निर्मल को 12-13 दिसंबर की रात आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी मौत हो गई थी। अंतिम संस्कार से पहले हरीश के शरीर पर चोंट के निशान सामने आये थे। परिजनों द्वारा हत्या का आरोप लगाया गया था। जीवाजीगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम पोस्टमार्टम कराया था। पांच दिन बाद रिपोर्ट आने पर हरीश की मौत मारपीट के दौरान लीवर ड्रेमेज होने पर मौत की पुष्टि हुई थी। पुलिस ने नशा मुक्ति केन्द्र के संचालक उमेश वैष्णव के साथ केन्द्र में काम करने वाले महेन्द्र चौधरी, सोनू उर्फ चंद्रशेखर, कपिल वर्मा, कमलेश राव और शुभम चौहान के खिलाफ गैर इरातदन हत्या का मामला दर्ज किया था। संचालक फरार हो गया था। पांच आरोपितों को 19 दिसंबर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। उमेश वैष्णव की तलाश में दबिश दी जा रही थी।

एसआई सुरेशचंद्र देवड़ा ने बताया कि नशा मुक्ति केन्द्र संचालक की गिरफ्तारी के लिये लगातार दबिश दी जा रही थी। सोमवार सुबह संचालक ने खुद थाने आकर सरेंडर कर दिया। जिसकी गिरफ्तारी लेकर उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है।

# महिला से ठगे टॉप्स बरामद, ईरानी बदमाशों का बढ़ा रिमांड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सामान खरीदने के बाद महिलाओं को झांसा देकर आभूषण ठगने वाले ईरानी बदमाशों से कान के टॉप्स बरामद किये है। सोमवार को रिमांड अवधि खत्म होने पर कोर्ट में पेश किया गया था, पुलिस ने 2 दिन की रिमांड अवधि बढ़वाई है।

24 फरवरी 2025 को नीलगंगा थाना क्षेत्र के केटीएम शोरूम के पास जनरल स्टोर्स संचालित करने वाली सावित्री पति जगदीश नागर से सौ का नोट देकर चुन्नी खरीदने वाले 2 बदमाशों ने आधा तोला वजनी सोने के टॉप्स ठग लिये थे। सावित्री नागर की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। 10 माह बाद पता चला कि 2 ईरानी बदमाश हैदर पिता मुजफ्फर अली और अफजल पिता अच्छे मियां को ग्वालियर की डबरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूछताछ में दोनों ने उज्जैन में भी वारदात की है। नीलगंगा थाना पुलिस ने दोनों बदमाशों का प्रोटेक्शन वारंट जारी कराया था। 19 दिसंबर को उज्जैन लाकर 3 दिनों का रिमांड लिया था। एसआई भूपेन्द्रसिंह चौहान ने बताया कि रिमांड अवधि में दोनों बदमाशों को भोपाल ले जाया गया था। जहां उनकी निशानदेही पर महिला से ठगे कान के टॉप्स बरामद किये है। सोमवार को रिमांड अवधि खत्म होने पर दोबारा कोर्ट में पेश किया गया। दोनों की रिमांड अवधि 2 दिन ओर बढ़वाई गई है।

### उन्हेल-बिरलाग्राम में भी ठगे थे आभूषण

ईरानी गैंग के बदमाशों ने नीलगंगा थाना क्षेत्र में सावित्री नागर से टॉप्स ठगने के कुछ घंटो बाद ही उन्हेल में जनरल स्टोर्स संचालित करने वाली रीतू पोरवाल से पाउडर का डिब्बा खरीदने के बाद 6 ग्राम अंगूठी और बिरलाग्राम थाना क्षेत्र की बंगाली कालोनी में किराना दुकान चलाने वाली ज्योति पति रवि मंडल से साबून खरीदने के बाद मंगलसूत्र भी ठगने की वारदात को अंजाम दिया था। नीलगंगा थाना क्षेत्र की वारदात का खुलासा होने पर दोनों बदमाशों से पूछताछ के लिये उन्हेल और बिरलाग्राम थाना पुलिस भी उज्जैन पहुंची थी।

# चाइना डोर के साथ पकड़ाये युवक पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

25 रील (गट्टे) 15 हजार कीमत के बरामद किये गये



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रतिबंध लगा होने के बाद भी बेग में छुपाकर चाइना डोर बेचने वाले युवक लक्की परमार निवासी राजीव रत्न कालोनी को नीलगंगा थाना पुलिस ने रविवार शाम हिरासत में लिया था। उसके पास से 25 रील (गट्टे) 15 हजार कीमत के बरामद किये गये थे। लक्की परमार के खिलाफ जिलाधीश के आदेश का उल्लघंन करने की धारा 233 भारतीय न्याय संहिता के प्रकरण दर्ज किया गया था साथ ही प्रतिबंधात्मक धारा में कार्रवाई की गई। सोमवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया था। एसपी प्रदीप शर्मा पूर्व में ही आदेश जारी कर चुके है कि प्रतिबंधित चायना डोर बेचने वालों के साथ चाइना डोर से पतंगबाजी करने वालों को जेल भेजा जायेगा।

गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर शहर में पांच दिनी आयोजन

# गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर पहली बार महिलाओं के लिए गुरमत प्रतियोगिता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिखों के 10वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर शहर में पांच दिनी आयोजन होंगे। गुरुद्वारा दूध तलाई और गुरुद्वारा सुख सागर में 23 से 27 दिसंबर तक पर्व मनाया जाएगा।

समाज के संभागीय प्रवक्ता ने बताया कि इसी क्रम में पहली बार महिलाओं की गुरमत प्रतियोगिता का आयोजन 22 दिसंबर की दोपहर 3 बजे से गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा दूधतलाई में किया जाएगा। इसमें 35 से 60 आयु वर्ग की महिलाएं सहभागी बन सकेंगी। प्रतियोगिता के अंतर्गत गुरु और सिख इतिहास पर क्विज के अलावा चेयर रेस भी होगी। इसी तरह 23 और 24 दिसंबर को शाम 4 बजे से 12 साल तक के छोटे बच्चों के लिए गुरमत प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को इनाम दिया जाएगा।

गुरुद्वारा साहिब माता गुजरी की गीता कॉलोनी में चार साहबजादे माता गुजरीजी का दो दिवसीय शहीदी पर्व मनाया गया। गुरु तेग बहादुरजी की शहीदी पर्व एवं चारों साहबजादो के शहीदी पदों पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने प्रदर्शनी लगाई और अपने हाथों से चित्र बनाए। बच्चों ने 20 और 21 दिसंबर को चित्र प्रदर्शनी लगाई। सेवक दीपक राजवानी ने बताया कि अतिथि निगम अध्यक्ष कलावती यादव, जोगेंद्र सिंघ डंग, नीटू वीर, पुरुषोत्तमसिंह चावला, इकबालसिंह गांधी थे। रविवार को अमनदीप सिंघ मंझ साहिबजी, बीबी कौलां वाले एवं सहयोगी द्वारा संगत को गुरुबाणी कीर्तन-कथा द्वारा निहाल किया।

गुरमत प्रतियोगिताएं सिख धर्म के पवित्र ग्रंथों, इतिहास, सिद्धांतों और सांस्कृतिक मूल्यों के ज्ञान को बढ़ावा देने और परीक्षण करने के लिए आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताएं हैं जो आमतौर पर बच्चों, युवाओं और वयस्कों के लिए विभिन्न स्तरों पर आयोजित की जाती हैं। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को सिख धर्म के प्रति अपनी समझ को गहरा करना है।

# फर्जी रसीद दिखाकर कराया था 11.30 लाख का आरटीजीएस

विदिशा से पकड़ाया आरोपी, राजगढ़ के साथी की तलाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन




मणप्पुर गोल्ड फायनेंस कंपनी के साथ 11.30 लाख का आरटीजीएस कराकर धोखाधड़ी करने के मामले में फरार एक आरोपी को रविवार रात हिरासत में ले लिया गया। उसके राजगढ़ निवासी साथी की तलाश जारी है।

16 दिसंबर को मणप्पुरम गोल्ड फायनेंस की मैनेजर संध्या द्वारा माधवनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि 2 लोगों द्वारा आईआईएफएल बैंक में चल रहे गोल्ड लोन को उनकी फायनेंस कंपनी में ट्रांसफर कराने की बात कहते हुए कुछ रसीदे दिखाई थी और 11.30 लाख का आरटीजीएस करा लिया था। उनकी रसीदे फर्जी होना सामने आई है। आरटीजीएस कराने वाला रामगोपाल निवासी राजगढ़ और उसका साथी अंशुल डांगी निवासी विदिशा थे। पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच में लिया था। रविवार रात गोल्ड फायनेंस कंपनी के साथ धोखाधड़ी में शामिल एक आरोपी अंशुल डागी को गिरफ्तार कर लिया गया। एएसआई धर्मेन्द्रसिंह तोमर ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर 4 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। उसके राजगढ़ निवासी साथी रामगोपाल की तलाश जारी है। गिरफ्त में आये आरोपी से पूछताछ की फर्जी रसीदों की जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होने जिस खाते में आरटीजीएस की राशि ट्रांसफर कराई थी, उक्त खाते को होल्ड कराया गया है। जल्द ही फरार आरोपी को गिरफ्तार किया जायेगा, जिसके प्रयास जारी है।

### हस्ताक्षर करने का बोल भाग निकले थे आरोपी

मणप्पुरम गोल्ड फायनेंस कंपनी पहुंचे दोनों आरोपियों ने फर्जी रसीदे दिखाकर फायनेंस कंपनी को झांसे में लिया था। उन्होने आईआईएफएल में चले रहे गोल्ड को चुकाने की बात कहते हुए वहां रखा गोल्ड उनके यहां ट्रांसफर कराने की बात कही थी। फायनेंस कंपनी ने रसीदों की जांच किये बिना उनकी बातों पर विश्वास कर 11.30 लाख का आरटीजीएस रामगोपाल के खाते में कर दिया था। दोनों ने आईआईएफएल बैंक चलकर गोल्ड ट्रांसफर के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने की बात कहीं थी और आधे रास्ते से भाग निकले थे।

# नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म में भाई-बहन गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नीलगंगा थाने के पास कालोनी में रहने वाली 14 साल की नाबालिग 8 दिन पहले लापता हो गई थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर तलाश शुरू की थी। रविवार रात नाबालिग को दस्तयाब कर लिया गया। एसआई मनोहर बड़ोदिया ने बताया कि नाबालिग के बयान दर्ज करने पर उसके साथ शारीरिक शोषण की जानकारी सामने आई। जिसके चलते इंदौर के समाजवाद नगर में रहने वाले सचिन पिता मनोहर और उसकी बहन सोनम पति राजकुमार निवासी कालापीपल शाजापुर को गिरफ्तार किया गया है और शोषण की धारा का इजाफ किया गया। सचिन नाबालिग को अपने साथ ले गया था और बहन के घर ले जाकर उसका शोषण किया। उसने नाबालिग की मांग भरकर पत्नी भी बना लिया था। नाबालिग के शोषण में उसकी बहन ने भी सहयोग किया। सोमवार को नाबालिग का शोषण करने वाले को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। उसकी बहन को जेल भेजा गया है। आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि नाबालिग के रिश्तेदार इंदौर में रहते है, जहां उसका आना-जाना था उसी दौरान पहचान हुई थी।

# बेगमबाग में रात 10.30 बजे नाबालिग को मारे चाकू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रात 10.30 बजे 14 साल के बालक को घायल हालत में चरक अस्पताल लाया गया। चाकू के घाव होने पर डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है। मामले में महाकाल थाना पुलिस घटना की जांच शुरू की है।

बेगमबाग कालोनी में रहने वाला सुल्ताल पिता शफीक अपने 14 साल के भांजे सोयब पिता समीर को घायल हालत में चरक अस्पताल लेकर पहुंचा था। डॉक्टरों को बताया कि चाकू लगे है। इमरजेंसी कक्ष में घायल नाबालिग का उपचार कर उसे वार्ड में भर्ती किया गया। बताया जा रहा था कि कालोनी में नाबालिग दोस्तों के साथ बैठा था, तभी उसे किसी बात पर रहने वाले नाबालिग ने चाकू मार दिये। मामले में महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि घायल बालक को अस्पताल भेजा गया है, मामले की जांच शुरू की गई है, घायल के बयान दर्ज कर मामला दर्ज किया जायेगा।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

रात में नरवर क्षेत्र के दशरथ पिता नाथुलाल 22 साल को ग्राम चंदेसरी गरोठ मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में घायल होने पर एम्बुलेंस अस्पताल लेकर पहुंची थी। हालत गंभीर होने पर उसे भर्ती किया। दशरथ बाइक पर सवार था उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी। ड्युटी कम्पाउंडर राजेन्द्र पटेल ने मामले की सूचना पुलिस को दी है।

### पंवासा के युवक ने खाया जहर

रात 10.30 बजे के लगभग पंवासा थाना क्षेत्र के रहने वाले 17 साल के अनूप नामक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। उसे दोस्त अजय पिता प्रकाश अस्पताल लेकर पहुंचा। अनुप की स्थित चिंताजनक होने पर डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया। अनूप ने जहरीला पदार्थ क्यों खाया, इसकी जांच पंवासा थाना पुलिस द्वारा की जायेगी।

# सतत बदलाव ही जीवन



सर्दियों की एक सुबह मैं लुधियाना में ओशो ध्यान शिविर करवा रही थी। ध्यान था जिंदगी में होने वाले सतत बदलाव को देखना और स्वीकार करना। बदलाव को महसूस करने के लिए मैंने एक खूबसूरत गुलाब का बगीचा चुना। अलग-अलग रंग और शेड्स के गुलाब- गुलाबी से बैंगनी और पीले से सफेद तक। बड़े और छोटे, सभी आकार के। वे जिंदगी के अलग-अलग पड़ाव पर थे, यानी कुछ कलियां थीं, कुछ आधे खिले हुए, कुछ पूरे खिले हुए और कुछ मुरझाए हुए। पत्तियां भी उम्र में अलग-अलग थीं, हरी कोंपलों से लेकर सूखी भूरी-पीली तक। ध्यान करने वाले लोग घूम रहे थे, गुलाब की झाड़ी के हर उस पड़ाव को ध्यान से देख रहे थे, जो जीवन की धारा में बह रहा था। प्रकृति में बदलाव को समझना बहुत आसान है, क्योंकि सभी पड़ाव एक साथ आपकी आंखों के सामने होते हैं। गुलाबों के बदलाव को समझने के बाद लोग आस-पास टहल रहे लोगों को देखने लगे। क्या वे भी उन्हीं पड़ावों से नहीं गुजर रहे थे? सभी उम्र के लोग : जवान, अधेड़, बूढ़े, मौत की दहलीज पर... और एक दिन वे नहीं रहेंगे! हर इंसान के सामने रुककर, एक-दूसरे की आंखों में देखकर यह अटल सच जोर से उभरकर आया। क्या उनमें और गुलाबों में कोई फर्क था? सभी लोग गुलाब की झाड़ियों के बीच बैठ गए, उन्होंने अपनी आंखें बंद कर लीं और जिंदगी की उन अलग-अलग स्थितियों को देखा, जिनसे वे गुजरे थे- बचपन, किशोरावस्था, जवानी, बुढ़ापा; अपने शरीर, विचारों, भावनाओं, सपनों में बदलाव, और अब जिंदगी के जिस पड़ाव पर वे थे, उन सबको फिर से देखने के लिए कहा। एक दिन वे भी अपने साथी यात्रियों, गुलाबों की तरह मुरझा जाएंगे। कुछ बंद पलकों से आंसू बहने लगे। भीतर से कुछ बोध हुआ। बोध के साथ एक गहरी स्वीकृति आती है कि अगर बदलाव ही जिंदगी का नियम है, तो इसे क्यों न स्वीकार करें?

ध्यान के बाद एक अधेड़ उम्र के सिख कारोबारी मुझसे मिलने आए। उनकी आंखों में अभी भी उस गहरे अनुभव की नमी थी। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए आंखें खोलने वाला अनुभव था। मैं बदलाव का विरोध करता था- अपनी फैक्टरी में, घर में। मुझे लगता था कि बदलाव मेरे फैसलों का अपमान है, जैसे यह मेरी हार हो और इसी वजह से मैंने अपने चारों ओर एक सख्त खोल बना लिया था। लोग मुझसे दूर रहते थे। आज पहली बार जब मैंने बाहर और अंदर बदलाव की धारा को देखा, तो मैं अंदर तक हिल गया। मुझे एहसास हुआ कि बदलाव से लड़कर मैं जिंदगी से लड़ रहा था।



**सम्पादकीय**

# पारंपरिक चिकित्सा

ऐसे वक्त में, जब वैश्विक आबादी का करीब आधा हिस्सा (4.6 अरब लोग) जरूरी स्वास्थ्य सेवाओं से महरूम हो, तब पारंपरिक चिकित्सा पर जोर देने की विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल महत्वपूर्ण है। नई दिल्ली में पारंपरिक चिकित्सा पर इसका दूसरा वैश्विक शिखर सम्मेलन संपन्न हुआ, जिसमें पारंपरिक चिकित्सा से जुड़े तमाम पक्षों पर चर्चाएं की गईं। सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधियों ने न सिर्फ ब्राजील, संयुक्त अरब अमीरात, मलेशिया, मेक्सिको, नेपाल, श्रीलंका जैसे 16 देशों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं, बल्कि आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक आयुष मार्क भी जारी किया गया, जो आयुष उत्पादों व सेवाओं की गुणवत्ता के लिए वैश्विक बैंचमार्क का काम करेगा। यह आयोजन भारत सरकार के साथ साझेदारी में किया गया था, जो जन-केंद्रित पारंपरिक चिकित्सा एजेंडे को आकार देने में नई दिल्ली के बढ़ते कदम का संकेत है। आज दुनिया के लगभग 170 देश मानते हैं कि उनकी 40 से 90 फीसदी आबादी किसी-न-किसी रूप में पारंपरिक चिकित्सा का उपयोग करती है। ऐसे में, विश्व मंच पर पारंपरिक चिकित्सा के नेतृत्व के रूप में भारत के स्थापित होने के गहरे निहितार्थ हैं।

भारत अपनी पारंपरिक चिकित्सा को मुख्यधारा में लाने के लिए किस कदर प्रयासरत है, इसकी बानगी प्रधानमंत्री मोदी की ओमान यात्रा में भी दिखी, जब मुक्त व्यापार समझौते में पारंपरिक दवाओं को शामिल किया गया। इससे खाड़ी के देशों में आयुष उत्पादों की पहुंच बढ़ सकेगी। गौरतलब है कि भारत का आयुष निर्यात लगातार ऊपर उठ रहा है। विगत फरवरी में राज्यसभा में दी गई जानकारी बताती है कि बीते वर्षों (2021-22 से 2023-24) में आयुष और हर्बल उत्पादों का निर्यात 61.1 करोड़ डॉलर से बढ़कर 65.1 डॉलर तक पहुंच चुका है। इन उत्पादों की अहमियत तब और बढ़ जाती है, जब दुनिया की करीब एक चौथाई आबादी आर्थिक वजहों से स्वास्थ्य सुविधाओं से दूर रहने को मजबूर दिखती है। माना यही जाता है कि स्वास्थ्य तंत्र में पारंपरिक चिकित्सा को शामिल करने से हर कोई बिना किसी आर्थिक परेशानी से अपनी स्वास्थ्य जरूरतें पूरी करने में सक्षम हो सकता है। केंद्र सरकार ने साल 2022 में आयुष निर्यात संवर्द्धन परिषद बनाकर इस मामले में मजबूत कदम भी उठाए हैं। यह परिषद आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, सिद्ध, सोवा-रिग्पा जैसी पारंपरिक चिकित्सा से जुड़े उत्पादों के निर्यात की देखरेख करती है।

## संकेतों की नई भाषा : जब भारत ने दिशा तय की

# जब भारत ने दिशा तय की, तब दुनिया ने भारत को समझा



राजेश कुमावत
(दैनिक अवन्तिका)

भारत की विदेश नीति आज केवल औपचारिक कूटनीतिक यात्राओं और हस्ताक्षरित दस्तावेजों तक सीमित नहीं रही है, बल्कि वह राष्ट्र की आत्मा, आर्थिक आत्मनिर्भरता और वैश्विक जिम्मेदारी का स्पष्ट उद्घोष बन चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओमान और जॉर्डन यात्रा इसी बदलते भारत की अभिव्यक्ति है, जहाँ भारत स्वयं को किसी एक वैश्विक शक्ति के भरोसे परिभाषित नहीं करता, बल्कि अपने स्थिर नेतृत्व, स्पष्ट नीतियों और सभ्यतागत आत्मविश्वास के आधार पर विश्व मंच पर खड़ा दिखाई देता है। यह यात्रा किसी क्षणिक राजनीतिक लाभ या प्रतीकात्मक उपस्थिति का विषय नहीं थी, बल्कि यह नई पीढ़ी की कूटनीति का ठोस उदाहरण है, जिसमें व्यापार, रणनीति, सम्मान और सांस्कृतिक संवाद एक-दूसरे से अलग नहीं बल्कि परस्पर जुड़े हुए हैं।

भारत और ओमान के बीच हुआ नई पीढ़ी का व्यापारिक समझौता, जिसे व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता कहा गया है, केवल आयात-निर्यात के आंकड़ों तक सीमित नहीं है। यह इस बात का संकेत है कि भारत ने अपने आर्थिक डीएनए को बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुरूप ढाल लिया है। एक समय था जब भारत को नीतिगत अस्थिरता और निर्णयहीनता का देश कहा जाता था, लेकिन पिछले एक दशक में भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह अब स्पष्ट दिशा, स्थिर नीति और दीर्घकालिक सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। आज भारत में निवेश का वातावरण सक्रिय है, उत्पादन और विनिर्माण को प्रोत्साहन मिल रहा है, स्टार्टअप संस्कृति मजबूत हुई है और वैश्विक कंपनियाँ भारत को केवल बाजार नहीं, बल्कि रणनीतिक साझेदार के रूप में देख रही हैं। ओमान जैसे देश का भारत के साथ इस स्तर का समझौता करना इसी बदले हुए विश्वास का प्रमाण है।

वैश्विक व्यापार लंबे समय तक अमेरिका-केन्द्रित रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में टैरिफ युद्ध, प्रतिबंधों की राजनीति और अनिश्चित नीतियों ने दुनिया को यह सोचने पर मजबूर किया है कि किसी एक देश पर अत्यधिक निर्भरता कितनी जोखिमपूर्ण हो सकती है। भारत ने इस सच्चाई को समय रहते समझा और यूएई, ऑस्ट्रेलिया तथा अब ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौते कर यह स्पष्ट कर दिया कि वह अब बहुध्रुवीय व्यापार रणनीति की ओर बढ़ रहा है। भारत अब सौदेबाजी की मुद्रा में नहीं है, बल्कि वह साझेदारी की शर्तें तय करने की स्थिति में है। आने वाले समय में भारत कई अन्य देशों के साथ भी ऐसे समझौते करेगा, यह केवल अनुमान नहीं बल्कि नीति का स्पष्ट संकेत है। ओमान की लगभग पचानवे प्रतिशत मुस्लिम आबादी वाले देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया जाना अपने आप में उन सभी राजनीतिक आरोपों का उत्तर है, जो भारत के भीतर बैठकर उनकी छवि को धार्मिक चश्मे से देखने का प्रयास करते हैं। ओमान के नेतृत्व द्वारा प्रदर्शित आत्मीयता और विश्वास यह सिद्ध करता है कि वास्तविक इस्लामी समाज भारत की संस्कृति, नेतृत्व और नीतियों को सम्मान की दृष्टि से देखता है। विदाई के समय ओमान के उपराष्ट्रपति द्वारा हाथ जोड़कर नमस्कार की मुद्रा में अभिवादन करना केवल शिष्टाचार नहीं था, बल्कि यह दो प्राचीन सभ्यताओं के बीच सम्मान और विश्वास का मौन संवाद था। यह दृश्य उन लोगों के लिए भी एक संदेश है, जो भारत में नमस्कार जैसी सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों को अनावश्यक विवादों में घसीटते हैं।

जॉर्डन के राजा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया गया सर्वोच्च नागरिक सम्मान भी इसी वैश्विक स्वीकार्यता का विस्तार है। यह सम्मान किसी एक यात्रा या भाषण का परिणाम नहीं, बल्कि पिछले ग्यारह वर्षों में भारत की संतुलित, स्पष्ट और जिम्मेदार विदेश नीति का प्रतिफल है। आतंकवाद के विरुद्ध स्पष्ट रुख, विकासशील देशों की आवाज को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर स्थान देना, वैश्विक संकटों में संतुलित नेतृत्व और सभ्यतागत मूल्यों के साथ आधुनिक कूटनीति-इन सभी ने मिलकर भारत की छवि को एक भरोसेमंद वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ग्यारह वर्षों में उनतीस देशों द्वारा दिया गया सर्वोच्च नागरिक सम्मान किसी व्यक्ति विशेष की प्रशंसा मात्र नहीं है। यह भारत की नीतियों, दृष्टि और नेतृत्व की सामूहिक वैश्विक स्वीकृति है। यह ध्यान देने योग्य तथ्य है कि ये सम्मान किसी दबाव, सौदे या शक्ति प्रदर्शन के परिणाम नहीं हैं, बल्कि नीति की स्थिरता, कथनी और करनी की एकरूपता तथा भारत की सभ्यतागत आत्मा के कारण प्राप्त हुए हैं। यही कारण है कि भारत की बात आज सुनी ही नहीं जाती, बल्कि मानी भी जाती है।

भारत और ओमान के संबंध केवल व्यापार तक सीमित नहीं हैं। ऊर्जा सुरक्षा, समुद्री मार्गों की सुरक्षा, प्रवासी भारतीयों का कल्याण, रक्षा सहयोग और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आपसी समर्थन-इन सभी क्षेत्रों में यह मित्रता समय की कसौटी पर खरी उतरी है। ओमान खाड़ी क्षेत्र में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक द्वार है और यह समझौता इस साझेदारी को भविष्य के लिए और मजबूत करता है। यह मित्रता किसी मौसम विशेष की नहीं, बल्कि हर परिस्थिति में निभाई जाने वाली साझेदारी का उदाहरण बन चुकी है।

प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा एक बार फिर यह स्पष्ट करती है कि भारत का राष्ट्रवाद किसी धर्म, समुदाय या देश के विरुद्ध नहीं है। यह राष्ट्रवाद राष्ट्रहित, आत्मसम्मान और स्वावलंबन पर आधारित है। जो लोग भारत की विदेश नीति को संकीर्ण राजनीतिक या मजहबी दृष्टि से देखने का प्रयास करते हैं, उन्हें ओमान और जॉर्डन की धरती से मिला यह संदेश समझना चाहिए कि भारत का सम्मान इसलिए होता है क्योंकि भारत स्थिर है, ईमानदार है और भरोसेमंद है।

आज भारत किसी एक शक्ति केंद्र की परछाई में चलने वाला देश नहीं रहा। वह अपने सामर्थ्य, अपने श्रम और अपने स्पष्ट संकल्प के बल पर आगे बढ़ रहा है। ओमान और जॉर्डन से मिला सम्मान यह बताता है कि भारत न तो झुकता है, न भ्रमित होता है और न ही अपने राष्ट्रस्वाभिमान से समझौता करता है। नई पीढ़ी के व्यापारिक समझौते हों या वैश्विक मंचों पर बढ़ती स्वीकार्यता, भारत अब अनुयायी नहीं बल्कि दिशा देने वाली शक्ति बनता जा रहा है।

# विवेक का निधन

नगर में सुधार की हवा चली। हवा इसलिए कहा गया क्योंकि उसमें ठंडक नहीं थी, बस शोर था। तय हुआ कि अब सलाहकार समिति बनेगी-ताकि गलतियाँ सामूहिक हो जाएँ और अपराध लोकतांत्रिक। अध्यक्ष बने ज्ञानप्रकाश सक्सेना, जो हर विषय के विशेषज्ञ थे-क्योंकि उन्होंने कभी किसी विषय में कुछ किया ही नहीं था।

समिति की पहली बैठक में तय हुआ कि पहले समस्या को परिभाषित किया जाए। तीन घंटे परिभाषा में लगे। समस्या थककर कोने में बैठ गई। फिर तय हुआ कि समाधान चरणबद्ध होगा। चरण तय हो गए, समाधान नहीं आया। ज्ञानप्रकाश जी बोले-

हमें भावनाओं में नहीं, संतुलन में रहना चाहिए।

संतुलन शब्द सुनते ही सबने सिर हिलाया। किसी को पता नहीं था कि वह किसके पक्ष में झुका है।

समिति में एक सदस्य था-सुधीर, जो कभी-कभी सच बोल देता था। पहली ही बैठक में बोला-

अगर हम चाहें तो काम आज भी हो सकता है।

कक्ष में सन्नाटा छा गया। यह वाक्य असभ्य था। ज्ञानप्रकाश जी ने खाँसते हुए कहा-

युवा जोश में है।

जोश को अनुभव के नाम पर बाहर बैठा दिया गया।

अब बैठकें नियमित होने लगीं। हर बैठक के बाद प्रेस नोट निकलता-

महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

निर्णय इतने महत्वपूर्ण होते कि उन्हें लागू नहीं किया जा सकता था। समिति का काम था-काम को विचार बना देना। विचार को प्रक्रिया। और प्रक्रिया को फाइल।

कुछ समय बाद जनता पूछने लगी-सुधार कहाँ है?

समिति ने उपसमिति बना दी।
उपसमिति ने सुझाव माँगे।
सुझावों पर चर्चा हुई।
चर्चा पर रिपोर्ट बनी।
रिपोर्ट पर सहमति बनी।
और सहमति पर चुप्पी।

ज्ञानप्रकाश जी का कद बढ़ता गया। वे हर चैनल पर दिखने लगे-

हमें धैर्य रखना होगा।

धैर्य अब मजबूरी का नया नाम था।



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 23 दिसंबर 2025 मंगलवार
सूर्योदय - 07:07 सूर्यास्त 17:44
पौष मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 15:30 से 16:30 तक
तिथि - तृतीया 09:45 उपरांत चतुर्थी
नक्षत्र - श्रवण 05:55 उपरांत धनिष्ठा
योग - व्याघ्र 23:31 उपरांत हर्षण
करण - गर
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मकर में रहेगा।
मुस्लिम मास - रज्जब मास 02 तारिख

**मेष-** व्यवसाय ठीक चलेगा। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी।

**वृषभ-** व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। परिश्रम का अनुकूल फल मिलेगा। पिछले कार्यों को टालें।

**मिथुन-** विवाद से क्लेश होगा। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग परेशान कर सकता है। जोखिम न लें।

**कर्क-** जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। सावधानी व सतर्कता से व्यापारिक अनुबंध करें। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा।

**सिंह-** मेहनत का फल मिलेगा। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कन्या-** कर्ज से दूर रहना चाहिए। खर्च में कमी होगी। कानूनी विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होने की संभावना है।

**तुला-** कुसंगति से हानि होगी। वाहन मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें, जोखिम न लें।

**वृश्चिक-** परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। व्यापारिक लाभ होगा। संतान के प्रति झुकाव बढ़ेगा।

**धनु-** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। धैर्य एवं शांति से वाद-विवादों से निपट सकेंगे।

**मकर-** दुस्साहस न करें। नए विचार, योजना पर चर्चा होगी। स्वयं की प्रतिष्ठा व सम्मान के अनुरूप कार्य हो सकेंगे।

**कुंभ-** व्यापार-व्यवसाय संतोषप्रद रहेगा। अल्प परिश्रम से ही लाभ होने की संभावना है।

**मीन-** खर्चों में कमी करने का प्रयास करें। अति व्यस्तता रहेगी। बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
(भरदीवाले) 9926034545

**समसामयिक**

# चौतरफा विकास ही विकास



डॉ. स्वामीनाथ पाण्डेय
(दैनिक अवन्तिका)

विकसित भारत की कल्पना अब साकार रूप लेने लग गई है। धीरे-धीरे विकास दिखने भी लग गया है। पहले जहां एक छोटे से कमरे में पांच-सात लोग रहते थे। साथ-साथ भोजन करते थे। एक दूसरे से सुख-दुःख की बातें करते थे और एक दूसरे को हार्दिक सहयोग करते थे। अपने पराए का कोई भेद नहीं था। बच्चे सभी के लिए उनके बच्चे होते थे। घर में अनुशासन था। बड़े- छोटे का लिहाजा था। आंखों में शर्म थी और परस्पर सम्मान का भाव था। वहीं आज विकास ही विकास दिखाई दे रहा है।

विगत 25-30 वर्षों के अंदर उक्त रहन-सहन को पिछड़ा और पुराणपंथी माना जाने लगा। हमारे अंदर आधुनिकता ने कुछ इस प्रकार से प्रवेश किया कि हम विकास के पथ पर दौड़ पड़े। अब प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक कमरा अलग होता है। किसी के कमरे में किसी को जाने की अनुमति नहीं है। कौन कब आ रहा है, कौन कब जा रहा है, इसमें टोका टोकी का अधिकार किसी को नहीं है। विद्यालय में विद्यार्थी कब आएं और कब जाएं, व्यवस्थापक उनसे पूछताछ भी नहीं कर सकते, किसी प्रकार के दंड की बात तो बहुत दूर चली गई है। अब तो ऐसा लग रहा है की कुछ ही दिनों के बाद एक व्यक्ति के लिए पूरा एक घर बनेगा। सामाजिक संगठन इतना विकसित हो जाएगा कि वह अपना स्वरूप बिखरित कर देगा। पहले कहावत हुआ करती थी- चट मंगनी पट ब्याह। अब हो गया है - चट विवाह पट तलाक। सिगरेट, शराब, जुआ, आवारागर्दी, कुछ भी पहन लेना, कभी भी कुछ भी खा लेना और किसी के साथ कहीं भी आना-जाना आधुनिक जीवन के अनिवार्य अंग हो गए हैं।

जंगल सड़क के रूप में परिवर्तित हो रहे हैं। पार्क बनाए जा रहे हैं। चिड़ियाघर बनाए जा रहे हैं। कॉलोनिया कट रही हैं। इस प्रकार धीरे-धीरे पिछड़ेपन की निशानी जंगल समाप्त हो रहे हैं और आधुनिकता के पर्याय-पार्क और कॉलोनीयों का विकास हो रहा है। होटलें खुल रही हैं, उसी अनुपात में अस्पताल खुल रहे हैं। परिवार में स्वार्थ का विकास हो रहा है। जब तक किसी को किसी से कोई काम नहीं होता, तब तक वह उससे बात नहीं करता। यह है समय की उपयोगिता। देर से सोना देर से उठना, बिना सोचे समझे बोलना, व्यवहार करना, यह सब विकास नहीं तो क्या है। आखिर हम परंपराओं के नाम पर कब तक बड़ों को सम्मान छोटों को प्यार देते रहेंगे, हमारी भी आखिर कोई स्वच्छंद जीवनी है या नहीं?

## भ्रष्टाचारी


बौखला रहे हैं सारे भ्रष्टाचारी, नीदें उड़ाई सरकार ने हमारी,
बन गई है हमारी तो भाजी, हम करेंगे केवल नारे बाजी ।
वर्षों से था केवल हमारा राज,
हम करते नहीं थे कोई काज़,
घोटालों में लिप्त गिराते गाज,
उस वक्त हमें था खुद पर नाज ।
एक हो गए हैं अब सारे देशद्रोही, बने हैं देशभक्तों के ये नए विद्रोही,
दुष्ट पापी भ्रष्टाचारी ये बड़े निर्दयी, कूटनीतिज्ञ करामाती ये राष्ट्रद्रोही ।
कैसे हटी ये धोखाधड़ी की माया,
समझ में हमारे अभी तक न आया,
जनता में भी जोश आनंद छाया,
बेहोश थी पहले नींदों से जगाया ।
नई सरकार कभी रुपया बदलती,
तो कभी ये पुराने ऐक्ट बदलती,
कभी नया बिल लाकर बरसती,
तूफानों सी एकधार ये हैं गर्जती ।



मोनिका डागा
(दैनिक अवन्तिका)

# भूलकर भी रात को इन लक्षणों को नजरअंदाज ना करें, कहीं आप डायबिटीज के शिकार तो नहीं!

आज के दौर में हाई ब्लड शुगर यानी डायबिटीज एक आम समस्या बन चुकी है। पहले यह बीमारी गिने-चुने लोगों में ही देखने को मिलती थी, लेकिन अब लगभग हर परिवार में कोई न कोई इससे प्रभावित है। जब शरीर में शुगर का स्तर बढ़ने लगता है, तो कई तरह के संकेत दिखाई देने लगते हैं। समय रहते इन लक्षणों को पहचान लिया जाए, तो डायबिटीज को बढ़ने से रोका जा सकता है। डायबिटीज जीवनशैली से जुड़ी खतरनाक बीमारी है। आज के समय में अधिकतर लोग हाई ब्लड शुगर यानी डायबिटीज बीमारी का शिकार हैं। कुछ सालों से डायबिटीज के मरीजों की संख्या तेजी बढ़ी है। गौरतलब है कि गलत खानपान और अनहेल्दी लाइफस्टाइल के कारण ब्लड शुगर की बीमारी बढ़ती है। डायबिटीज बीमारी में शरीर में ब्लड शुगर लेवल तेजी से बढ़ता है। अगर ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल नहीं किया गया था किडनी और हार्ट संबंधी बीमारियों का भी रिस्क बढ़ता है। रात के समय शरीर में शुगर लेवल बढ़ने के कुछ लक्षण नजर आते हैं। रात को इन लक्षणों को भूलकर भी नजरअंदाज ना करें।




पिछले कुछ सालों से डायबिटीज के मरीज की संख्या तेजी से बढ़ रही है. गलत खानपान और अनहेल्दी लाइफस्टाइल की वजह से अधिकतर लोग हाई शुगर लेवल का शिकार हो रहे हैं। डायबिटीज बीमारी में शरीर में ब्लड शुगर लेवल तेजी से बढ़ जाता है. ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल नहीं किया गया था किडनी और हार्ट संबंधी बीमारियों का भी रिस्क बढ़ जाता है। शरीर में शुगर लेवल बढ़ने पर कुछ लक्षण नजर आते हैं इन लक्षण की पहचान कर डायबिटीज की समस्या को कंट्रोल किया जा सकता है।

**रात को पसीना आना**

सर्दियों के दौरान भी रात को पसीना आना, तो इस लक्षण को इग्नोर ना करें। रोजाना रात को पसीना आना डायबिटीज का संकेत हो सकता है। रात के समय ज्यादा पसीना आना हाई ब्लड शुगर का संकेत हो सकता है। यदि आपको भी रात को पसीना आता है, तो एक बार आपको शुगर लेवल की जांच करानी चाहिए।

**बार-बार पेशाब आना महसूस होना**

रात के समय बार-बार पेशाब आना या फिर बार-बार पेशाब आना महसूस होना डायबिटीज का संकेत हो सकता है। जिन लोगों को रात के समय ज्यादा पेशाब आती है उन्हें इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। इसलिए जल्द से जल्द जांच कराएं।

**हाथ-पैरों में झुनझुनी**

अगर आपको भी रात को सोते समय हाथ-पैरों में झुनझुनी महसूस होती है, तो यह भी डायबिटीज का संकेत हो सकता है। हाथ-पैर में झुनझुनी के कई कारण हो सकता है जैसे विटामिन बी12 की कमी, नसो में कमजोरी आदि, हाथ-पैरों की झुनझुनी को आप बिल्कुल भी इग्नोर ना करें और डॉक्टर के पास जरुर जाएं।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2250-2950, चना काबली- 3026-8251, चना बड़ा- 4749-5790, बटला- 2400-4150, राई- 6260, सोयाबीन- 1875-5551, राजमा- 6500, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना-स्टेण्डर्ड- 1,35,200, रवा- 1,35,000 चांदी-टंच- 2,04,000 पाट- 2,03,800।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

**धर्म-आस्था**

# परमधाम क्या है? शास्त्रों के अनुसार परमधाम कैसे प्राप्त करें?

परमधाम के नाम से ही स्पष्ट होता है कि यह सभी धामों में सर्वोच्च है। भगवद्गीता में श्रीकृष्ण परमधाम के बारे में बतलाते हुए कहते हैं - ह्लन तद्भासयते सूर्यो न शशाङ्को न पावकः। यद्गत्वा न निवर्तन्ते तद्धाम परमं मम।ह्व इसका अर्थ है कि परमधाम वह धाम हैं, जो न सूर्य से प्रकाशित होता है, न चन्द्रमा से और न अग्नि से। वहाँ पहुँचने के बाद जीव संसार में वापस नहीं आता। शास्त्रों में भी कहा गया है कि परमधाम, भगवान का सर्वोच्च धाम है, जिसे मोक्ष, सद्गति या आत्मा और परमात्मा का मिलन भी कहा जाता है। इसे प्राप्त करने के बाद जीव पुनः संसार में जन्म नहीं लेता। इसे वैष्णव परंपरा में ह्लगोलोक धामह्व और शैव परंपरा में ह्लकैवल्य पदह्व कहा गया है।

विभिन्न दर्शनों में ह्लपरमधामह्व का भाव थोड़ा अलग-अलग रूप में मिलता है। कुछ मतों के अनुसार, परमधाम कोई मृत्यु के बाद मिलने वाला स्थान मात्र नहीं है, बल्कि जीवन में ही प्राप्त होने वाली परम शांति और ईश्वर-साक्षात्कार की अवस्था है। परमधाम का अर्थ मोक्ष, ब्रह्मलोक, वैकुंठ, गोलोक या शिवधाम से लगाया जाता है। यह वह अवस्था है



जहाँ आत्मा कर्मबंधन से मुक्त होकर परमात्मा में लीन हो जाती है। उपनिषदों के अनुसार, ह्लब्रह्मविद् ब्रह्मैव भवतिह्व। अर्थात जो ब्रह्म को जान लेता है, वही ब्रह्म स्वरूप हो जाता है। यही परमधाम की प्राप्ति है। भक्ति परंपरा में परमधाम वह दिव्य लोक है, जहाँ भगवान का नित्य सेवा और सान्निध्य प्राप्त होता है। अध्यात्म के अनुसार, परमधाम कोई भौतिक स्थान नहीं, बल्कि चेतना की सर्वोच्च अवस्था है। इसकी प्राप्ति भक्ति, ज्ञान, निष्काम कर्म और योग से होती है।

परमधाम कैसे प्राप्त होता है ?परमधाम एक आध्यात्मिक अवधारणा है, जिसका अर्थ है परमात्मा का धाम, अर्थात वह सर्वोच्च अवस्था या स्थान जहाँ आत्मा जन्म-मृत्यु के बंधन से मुक्त होकर शाश्वत शांति, आनंद और सत्य में स्थित हो जाती है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहते हैं - ₹सर्वधर्मान परित्यज्य मामेकं शरणं व्रजह। इसका अर्थ है कि 'सभी कर्तव्यों या धर्मों को त्यागकर केवल मेरी (भगवान की) शरण में आओ, मैं तुम्हें सभी पापों से मुक्त कर दूँगा'। इसका अर्थ है कि 'अनन्य भक्ति' से जीव परमधाम को प्राप्त करता है। नामजप, कीर्तन, ध्यान और सत्संग के माध्यम से साधक खुद को परमधाम प्राप्ति के योग्य बना सकता है। दूसरा है ज्ञान मार्ग। आत्मा अपना अहंकार और अज्ञानता मिटाकर ही ब्रह्म में लीन हो सकता है। अद्वैत वेदांत में परमधाम का अर्थ है - ब्रह्मज्ञान की अवस्था प्राप्त करना। परमधाम पाने का तीसरा मार्ग है - कर्म योग। शास्त्रों के अनुसार, निष्काम कर्म (फल की इच्छा बिना कर्म करना) से ही परमधाम पाया जा सकता है। शुद्ध कर्म से चित्त शुद्ध होता है और आत्मा परमधाम की ओर अग्रसर होती है। चौथा मार्ग है - योग मार्ग। ध्यान, प्राणायाम और समाधि मन को स्थिर कर आत्मा को परमात्मा से जोड़ता है। योगी मृत्यु के समय परमात्मा का स्मरण कर-के परमधाम प्राप्त करता है। जो व्यक्ति भक्ति, ज्ञान, कर्म और योग को संतुलित रूप से अपनाता है, वही परमधाम का अधिकारी बनता है।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## शीतकालीन सेवा अभियान के तहत खुशियों का ओटला ने जरूरतमंदों को बांटी शॉल

**ब्यावरा।** कड़ाके की ठंड के बीच जनसहयोग से संचालित सामाजिक संस्था खुशियों का ओटला द्वारा ब्यावरा शहर में शीतकालीन सेवा अभियान के अंतर्गत मानवीय सेवा का सराहनीय कार्य किया गया। संस्था की ओर से इस अभियान के तहत जरूरतमंद लोगों को शॉल वितरित कर ठंड से राहत पहुँचाई गई। इस सेवा कार्यक्रम में संस्था द्वारा जन सहयोग से प्राप्त 200 शॉल जरूरतमंदों को वितरित की गईं, वहीं 90 बच्चों को गर्म कपड़े भी प्रदान किए गए, जिससे ठंड के मौसम में उन्हें सुरक्षित व आराम मिल सके। संस्था द्वारा चलाए जा रहे शीतकालीन सेवा अभियान के अंतर्गत इस वर्ष 1000 शॉल वितरण का लक्ष्य रखा गया है। संस्था के अनुसार अब तक 560 शॉल जरूरतमंदों तक पहुँचाई जा चुकी हैं, जबकि शेष शॉल का वितरण आने वाले दिनों में शहर एवं आसपास के जरूरतमंद क्षेत्रों में किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था के संचालक डॉ. सुरजीत सिंह ने बताया कि यह अभियान गरीब वा जरूरतमंद उन लोगों तक सहायता पहुँचाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है, जो सर्दी के मौसम में सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि शहर के सामाजिकजनों के सहयोग से यह सेवा कार्य निरंतर आगे बढ़ रहा है वही सस्था के जीरापुर के स्टॉल पर भी निरंतर सेवा कार्य किया जा रहा है । खुशियों का ओटला द्वारा किए जा रहे इस शीतकालीन सेवा अभियान की स्थानीय नागरिकों ने सराहना करते हुए इसे मानवता की सच्ची सेवा बताया।

## नवांकुर संस्थाओं की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न



**सुसनेर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, जिला आगर मालवा द्वारा नवांकुर संस्थाओं की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखण्ड समन्वयक सत्यनारायण सोनी के नेतृत्व में विकासखण्ड सुसनेर की पाचो नवांकुर संस्थाओ के अध्यक्ष सचिवों ने भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उज्जैन संभाग के संभागीय समन्वयक शिवप्रसाद मालवीय, जिला समन्वयक देवेन्द्र शर्मा उपस्थित रहे।बैठक का उद्देश्य परिषद की गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा करना तथा जनसहभागिता आधारित कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाना रहा।

## रेडक्रास के सदभावना शिविर का आयोजन




**गुना।** शासकीय क्रांति वीर तात्या टोपे विश्व विद्यालय गुना में राज्य स्तरीय रेड क्रॉस सद्भावना शिविर में रेड क्रॉस जिला संघ गुना एवं कलेक्टर गुना एवं जिला शिक्षा अधिकारी गुना के मार्गदर्शन में शा, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भादौर से काउंसलर अम्बरीष कुमार कस्तवार भादौर के साथ, जुनियर रेड क्रॉस सद्भावना शिविर में सहभागिता की। रेड क्रॉस लीडर्स, छाया अहिरवार, संजना अहिरवार, भूरिया अहिरवार, ऋषिका प्रजापति, सुमित अहिरवार, अमित अहिरवार, प्रिंस अहिरवार, विष्णु सपेरा, अर्पित प्रजापति, विकास अहिरवार ने सहभागिता कर विभिन्न प्रकार के एडवेंचर कैंप किए और राज्य स्तरीय रेड क्रॉस सद्भावना शिविर में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भादौर का नाम रोशन किया। जिसमें काउंसलर अम्बरीष कुमार कस्तवार भादौर का सराहनीय कार्य है।

## दुर्गा वाहिनी द्वारा शीतकालीन प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**महिदपुर। बालिकाओं** को आत्मरक्षा के गुर सिखाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी शीत कालीन सत्र में दिनांक 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक दुर्गा वाहिनी के सौजन्य से महिदपुर में दण्ड प्रशिक्षण एवं तलवार प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में इस बार जूडो कराटे का प्रशिक्षण भी दिशा विकास परिषद में प्रतिदिन शाम को 5 बजे से 7 बजे तक दिया जाएगा। जिला संयोजिका रजनी गुलाटी द्वारा बताया गया कि यह शिविर का चतुर्थ वर्ष है एवं बालिकाओं से शिविर में भाग लेने की अपील भी की गई। जानकारी सह संयोजक सरोज पोरवाल द्वारा दी गई।


## जाहिर सूचना का प्रतिवाद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आलोक मिश्रा पिता श्री कैलाशचन्द्र मिश्रा, निवासी-46, सांईधाम कॉलोनी, गदापुलिया, उज्जैन की ओर से जो जाहिर सूचना दैनिक अवन्तिका में दिनांक-19/12/2025 में भवन क्रमांक 22, जो भूमि सर्वे नंबर 138/2 का भाग स्थित दशरथनंदन परिसर, ग्राम चिंतामण जवासिया, तहसील व जिला उज्जैन जो एक मंजिला निर्मित है, के संबंध में श्री अभिलाष व्यास (एडवोकेट) 39/1, सनराईज प्लाजा, कमला नेहरू मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन के माध्यम से प्रकाशित कराई है उसका प्रतिवाद मेरे पक्षकारगण श्रीमती ममता वर्मा पति श्री सोनू वर्मा एवं सोनू वर्मा पिता श्री बद्रीलाल वर्मा, निवासीगण-ग्राम असलावदा, तहसील बड़नगर जिला उज्जैन की ओर से इस प्रकार है कि मेरे पक्षकारगण ने उपरोक्त भवन क्रमांक 22, जो भूमि सर्वे नंबर 138/2 का भाग स्थित दशरथनंदन परिसर, ग्राम चिंतामण जवासिया, तहसील व जिला उज्जैन को आलोक मिश्रा पिता श्री कैलाशचन्द्र मिश्रा को विक्रय हेतु कोई अनुबंध-पत्र संपादित नहीं किया है। वास्तविकता यह है कि मेरे पक्षकारगण को निजी कार्य हेतु रूपयों की आवश्यकता होने से मेरे पक्षकारगण ने आलोक मिश्रा से राशि उधार प्राप्त की थी। जिसके एवज में आलोक मिश्रा द्वारा मेरे पक्षकारगण से उधार ली गई राशि पेटे विक्रय-अनुबंध संपादित करवाया गया था। मेरे पक्षकारगण ने कभी भी आलोक मिश्रा से उक्त संपत्ति विक्रय का कोई अनुबंध नहीं किया है। आलोक मिश्रा की ओर से जो जाहिर सूचना का प्रकाशन करवाया गया है, वह पूर्ण रूप से असत्य होकर मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारक नहीं है। इति दिनांक-22/12/2025 उज्जैन

**कैलाशचन्द्र बंसल एडवोकेट**
**जीव कार्यालय-146, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन**
**मो. 98260-50947**


ऑपरेशन किसान रक्षक अभियान की कार्रवाई

# पॉलीहाउस, ऑर्गेनिक खाद, सब्सिडी के नाम पर ठगी करने वाला अंतर्राज्यीय गिरोह पुलिस की हिरासत में

### 30 लाख 52 हजार का माल किया जप्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा



राजगढ़ जिले में किसानों से हो रही संगठित धोखाधड़ी की शिकायतों पर पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन में प्रारंभ किए गए ऑपरेशन किसान रक्षक के अंतर्गत थाना नरसिंहगढ़ क्षेत्र में कार्रवाई कर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उसी क्रम में यह अभियान निरंतर जारी रखते हुए थाना खुजनेर एवं थाना करनवास पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई।

उक्त समस्त कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नरसिंहगढ़ सुश्री मिन्नी शुक्ला, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ब्यावरा-राजगढ़ प्रकाश शर्मा, अरविंद सिंह राठौर के मार्गदर्शन में संबंधित थाना प्रभारियों के नेतृत्व में गठित विशेष टीमों द्वारा की गई। थाना करनवास में पॉलीहाउस, ऑर्गेनिक खाद एजेंसी, सब्सिडी एवं कमीशन का झांसा देकर ठगी। थाना खुजनेर में ऑर्गेनिक खाद एजेंसी दिलाने के नाम पर फर्जी दस्तावेज दिखाकर ठगी। थाना नरसिंहगढ़ में इसी गिरोह द्वारा पूर्व में समान प्रकृति की ठगी की वारदातें की गई। थाना नरसिंहगढ़ में अपराध क्रमांक 548/25, धारा 316(5), 318(4) बीएनएस और थाना खुजनेर में अपराध क्रमांक 216/25, धारा 316(5), 318(4) बीएनएस, तथा थाना करनवास में अपराध क्रमांक 171/25, धारा 316(5), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 111 बीएनएस का पंजीकृत किया गया। साथ ही इसी गिरोह के विरुद्ध जिला खंडवा में लगभग 30,00,000/- रु की ठगी के संबंध में पृथक अपराध पंजीबद्ध होना भी प्रकाश में आया है।

आरोपी फर्जी नाम, आधार कार्ड व मोबाइल नंबर, अस्थायी कार्यालय व अलग-अलग जिलों में निवास, किसानों से विश्वास अर्जित कर पॉलीहाउस, खाद एजेंसी, सब्सिडी का लालच देकर बड़ी राशि एकत्र होते ही फरार हो जाते आर.के. मित्तल उर्फ प्रभाकर पाण्डे उर्फ विजेन्द्र राय 50 वर्ष निवासी गोरखपुर उ.प्र., अभिन्नव सिंह उर्फ चंद्रभूषण सिंह 39 वर्ष निवासी गोरखपुर (उ.प्र.), सत्यदेव सिंह उर्फ ओमप्रकाश सिंह 41 वर्ष निवासी गोरखपुर (उ.प्र.) राकेश कुमार उर्फ सोनू चौबे उर्फ अंकित मिश्रा 36 वर्ष निवासी कुशीनगर (उ.प्र.), दीपक पाण्डेय उर्फ राजकुमार 38 वर्ष निवासी गोरखपुर (उ.प्र.), रंजीत उर्फ बी.पी. सिंह 37 वर्ष निवासी पुरी (उड़ीसा),धनंजय पाण्डे 32 वर्ष निवासी गोरखपुर, चंदन पाण्डे 23 वर्ष)निवासी गोरखपुर, चंदन प्रजापति 26 वर्ष निवासी गाजीपुर, रघुनाथ गुप्ता 38 वर्ष निवासी बस्ती, विक्की पाण्डे 25 वर्ष निवासी गोरखपुर, दिलीप वर्मा 22 वर्ष निवासी मदुआ, सन्नी यादव 19 वर्ष निवासी गोरखपुर, कुंदन प्रजापति, निवासी गाजीपुर, नंदमोहन पाण्डे 35 वर्ष निवासी गोरखपुर को गिरफ्तार किया वही आरोपी जितेन्द्र पाण्डेय निवासी गोरखपुर (उ.प्र.) फरार हो गया।

# शहर के मुख्य मार्ग पर पेचवर्क का कार्य प्रारंभ, नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना



विगत दिनों नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता द्वारा दिए गए आश्वासन के पश्चात आज ए बी रोड नानाखेड़ी मण्डी गेट से जज्जी बस स्टैण्ड तक का पैच वर्क का कार्य प्रारंभ हो गया है। उक्त कार्य का नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमति सविता अरविंद गुप्ता एवं वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ठेकेदार ब्रजेश रघुवंशी को गुणवक्ता का ध्यान रख कर काम करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर नपा उपयंत्री, वार्ड क्र 03 से महेंद्र कुशवाह, शिवनारायण कुशवाह शिब्बू एवं ठेकेदार आदि मौजूद रहे। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता ने बताया कि लगभग 26 लाख रुपए से होने वाले पेच वर्क कार्य को पूरे तकनीकी रूप से एवं जिस तरह ए बी रोड पर पेज वर्क का कार्य होता है। उसी प्रकार रोड कटिंग करवा कर तथा रोड रोलर चलवा कर कराया जा रहा है, जिससे नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की समस्या न हो।

निर्माण एजेंसी द्वारा भी पूर्ण निष्ठा से कार्य करने एवं पूर्ण सहयोग करने का अश्वासन दिया है एवं एक हफ्ते के अंदर पेंच वर्क का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा जिससे शहर वासियों एवं बाहर से आने जाने वाले नागरिको को आवागमन में कोई असुविधा नहीं होगी।

नपा अध्यक्ष ने कहा कि विगत 26 सितंबर को परिषद की बैठक में उक्त सड़क पर डामरीकरण निर्माण कार्य का प्रस्ताव रखा गया था, किंतु कतिपय कारणों से परिषद की बैठक में स्वीकृत नहीं होने के कारण जो नगरवासियों को असुविधा हुई उसके लिये भी नपा अध्यक्ष ने खेद व्यक्त किया। साथ ही नपा अध्यक्ष ने कहा कि आगामी परिषद की बैठक में पुनः उक्त सड़क का डामरीकरण कर नवीनीकरण कराने का प्रस्ताव रख कर उक्त कार्य शीघ्र कराने का पूर्ण रूप से प्रयास किया जायेगा जिससे शहर वासियों एवं बहार से आने वाले नगरीकों को कोई समस्या नहीं होगी।

## देवास में युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**देवास।** रात एक 25 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक को घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत सड़क हादसे से हुई या जहरीला पदार्थ खाने से, इस पर स्थिति साफ नहीं है। पोस्टमॉर्टम के बाद कारण स्पष्ट होगा। जानकारी के मुताबिक, नाथ मोहल्ला निवासी गोविंद नाथ को सोमवार रात करीब 10 बजे बस स्टैंड क्षेत्र से एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया था। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



मृतक के परिजन अशोक नाथ पुजारी ने बताया कि देर रात अस्पताल से गोविंद की मौत की सूचना मिली। उनका कहना है कि उन्हें यह नहीं बताया गया कि गोविंद को किस हालत में अस्पताल लाया गया था और उसकी मौत कैसे हुई। परिजनों को शव पीएम रूम में रखे जाने के बाद सूचना दी गई। परिजनों के मुताबिक, किसी ने सड़क हादसे की बात कही, तो किसी ने जहरीला पदार्थ खाने की आशंका जताई। घटना को लेकर स्पष्ट जानकारी न मिलने से परिजन असमंजस में हैं।

## मेट्रोपॉलिटन में जब देवास शामिल है तो मेट्रो और वंदे भारत ट्रेन की सौगात शीघ्र दी जाए- कांग्रेस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

डॉ मोहन यादव की सरकार ने इंदौर उज्जैन मेट्रो पर्यटन रीजन प्रदेश में कनेक्टिविटी का बेहतर मॉडल बनाने को लेकर इस तरह का प्लान किया है कि देश के बड़े शहरों से रेल बस और हवाई यातायात के जरिए सीधे जुड़े इसके लिए इंदौर धार उज्जैन देवास शाजापुर रतलाम को जोड़कर एक बड़ा कॉरिडोर विकास के मद्देनजर बनाया है वही इसका फायदा 6 जिले के 70 लाख आबादी को फायदा मिलेगा इसके लिए रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम ,मेट्रो, वंदे भारत ,ग्रीन लाइन बसों का प्रस्ताव है सभी जिलों को कवर करते हुए आसपास के राज्यों के साथ बड़े शहरों से जोड़ा जाएगा। कांग्रेस नेता सुधीर शर्मा ने मांग की है कि जब सरकार ने मन बना ही लिया है कि मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के अंतर्गत यह सुविधा देना है तो फिर सिहस्थ के पूर्व देवास के लिए शीघ्र ही मेट्रो ट्रेन की स्वीकृति प्रदान की जाए वहीं अभी तक देवास से कोई भी वंदे भारत ट्रेन अन्यत्र के लिए नहीं जाती है वंदे भारत को लेकर इस तरह से रूट बनाया जाए कि इंदौर या उज्जैन से चलने वाली वंदे भारत ट्रेन का स्टॉपेज देवास हो। साथ ही इंदौर पीथमपुर इंदौर उज्जैन के लिए मेट्रो ट्रेन प्रस्तावित हो चुकी है जिसका 5 साल में निर्माण भी होगा जब प्रदेश सरकार अपने उपनगरों को मेट्रो ट्रेन सहित अन्य सुविधाओ से जोड़ रही है तो इंदौर, उज्जैन पीथमपुर के साथ उप नगर देवास के लिए भी मेट्रो ट्रेन की शीघ्र स्वीकृति दी जाए वही रीजनल की ग्रीन लाइन में उज्जैन इंदौर को जोड़ने के लिए ही बसें चलेंगी उसमें देवास को भी प्राथमिकता से साथ जोड़ा जाए।


## जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्वे साधारण को सुचित किया जाता हैं कि हमारे पक्षकार अरूण शर्मा पिता श्री ईश्वरलाल जी शर्मा निवासी ग्राम बघेरा तहसील तराना जिला उज्जैन म. प्र. द्वारा दिनांक 02/05/2025 को जो गोद नामा अर्जुन त्रिवेदी पिता महेश त्रिवेदी माता श्रीमती संगीताबाई को गोद लिये जाने बाबद जो लेख सम्पादित हुआ है, वह निरस्त किया जाता है, कारण यह है कि गोद नामा विधि संगत नहीं है तथा गोदी पुत्र अर्जुन द्वारा न तो हमारे पक्षकार की देख भाल की जा रही है और न ही हमारे पक्षकार के साथ वह निवास कर रहा है। अरूण शर्मा, उसके जनक पिता महेश कुमार एवं माता श्रीमति संगीताबाई के पास ही ग्रांम कालुखेड़ी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में निवास कर रहा है, इसलिये हमारे पक्षकार का अब अर्जुन पिता महेश कुमार से कोई संबंध नही रहा है तथा सम्पादित गोद नामा भी निरस्त किया जाता है एवं अर्जुन त्रिवेदी को मेरी चल अचल सम्पत्ति में कोई हक व हिस्सा नही है तथा हमारे पक्षकार द्वारा अर्जुन त्रिवेदी को हमारे पक्षकार की समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल किया जाता है।

अतः सर्वसाधारण को यह भी सुचित किया जाता है कि अर्जुन पितामहेश त्रिवेदी से कोई भी संव्यवहार अथवा लेन देन हमारे पक्षकार के नाम से न करे अन्यथा हमारे पक्षकार की कोई जवाबदारी नही होगी। फक्त सूचित हो। इति दिनांक 22/12/2025

**रमेशचन्द्र शर्मा अभिभाषक**
**कार्यालय नयापुरा तराना जिला उज्जैन म.प्र.**
**मो.न. 9179889901**



## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने श्री महेन्द्रसिंह चौहान पिता स्व. श्री रमेशचंदजी चौहान निवासी-137ई.डब्लूय.एस., इन्दिरा नगर, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य के भूखण्ड क्रमांक-ए-4 का उत्तर तरफ का भाग, स्थित अभिलाषा कालोनी सेक्टर-ए, देवास रोड़ उज्जैन म.प्र. जिसकी पेमाईश लम्बाई 41.00 फीट एवम चोड़ाई 20.5 फीट यानी कुल क्षेत्रफल 840.5 वर्गफीट हैं जिसके पूर्व में-ः रोड़, पश्चिम में रोड़ के बाद पार्क, उत्तर में रोड़, व दक्षिण में : भूखण्ड क्रमांक-4-ए का भाग मिला हैं को क्रय करने का सोदा किया होकर टोकन बयाना राशि अदा कर दी हैं, व शेष अग्रिम विक्रय मूल्य राशि अदा कर अनुबन्ध-पत्र का सम्पादन करवाना एवं विक्रय-पत्र का सम्पादन व पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन कोई अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो या कोई वाद किसी न्यायालय में विचाराधीन हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात (7) दिनो में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 22-12-2025, स्थान- उज्जैन,

**जयश्री वर्मा एडवोकेट**
**बी-4 भरतपुरी काम्पलेक्स, उज्जैन**
**मोबा. -98270 15929, 90980 85783**




## सारंगपुर ब्लॉक कांग्रेस के नवनियुक्ति अध्यक्ष सोमानी का किया स्वागत

**सारंगपुर।** विगत दिवस कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों की नियुक्ति की है। इसमें सारंगपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के रुप में जनपद सदस्य दुर्गेश सोमानी को जिम्मेदारी दी गई है। गुरुवार को अमीर फ्यूस स्टेशन परिसर में पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व नपाध्यक्ष मोहम्मद अली के नेतृत्व में नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोमानी का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर सभी कांग्रेसजनों ने सोमानी को बधाई दी और संगठन में कदम से कदम मिलाकर कार्य करने एवं पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय, प्रदीप जैन, जिला सचिव निजाम कुरैशी, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष मोहन पाल, जनपद सदस्य घनश्याम मालवीय, रफीक सेठ, हासिम राही, लखन धनगर, महेश सोनी, मुस्ताक अंसारी, सुनील पाल, अरबाज मेव, बहादुर भाई, अखलाक मेव, काईद सेफी, एजाज यादे सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## वैश्विक चित्रगुप्तवंशीय परिषद की कार्यकारिणी का गठन राजेश सक्सेना बने प्रदेश अध्यक्ष

**ब्यावरा।** संपूर्ण विश्व में कायस्थ समाज के संगठन वैश्विक चित्रगुप्त वंशीय परिषद भारत ने अपनी नवीन कार्यकारिणी मध्य प्रदेश में गठित की है जिसमें वैश्विक चित्रगुप्तवंशीय परिषद मध्य प्रदेश की कार्यकारिणी में राजेश सक्सेना को प्रदेश प्रमुख का दायित्व दिया गया है वहीं ज्योति सक्सेना शुजालपुर को महिला मोर्चे से प्रदेश प्रमुख का दायित्व दिया गया है। वरिष्ठ पत्रकार समाज सेवी कृष्णा सक्सेना को प्रदेश संयोजक मीडिया प्रकोष्ठ और वरिष्ठ पत्रकार मुकेश सक्सेना को प्रदेश सहसंयोजक मीडिया प्रकोष्ठ बनाया गया है। डॉ. पंकज खरे को प्रदेश संयोजक चिकित्सा विभाग, लाला शुभम सक्सेना को व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक बनाया गया है शिवनारायण सक्सेना संयोजक शिक्षा प्रकोष्ठ तथा एडवोकेट देवेंद्र सक्सेना संयोजक विधि प्रकोष्ठ बनाए गए हैं। वैश्विक चित्रगुप्तवशीय परिषद मध्य प्रदेश की कार्यकारिणी गठित होने पर कायस्थ समाज में हर्ष व्याप्त है। नगर में राजेश सक्सेना को प्रदेश संयोजक मध्य प्रदेश बनाए जाने पर समाज ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सीसीटीएनएस रैंकिंग समूह ए राजगढ़ जिला प्रथम स्थान पर

**ब्यावरा।** पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश द्वारा नवंबर 2025 माह की सीसीटीएनएस रैंकिंग समूह ए जारी की गई है। इस रैंकिंग में डेटा गुणवत्ता 80 अंक एवं डेटा मात्रा 80 अंक के आधार पर कुल 160 अंकों में जिलों का मूल्यांकन किया गया पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी एवं के निर्देशन में एवं सतत समीक्षा के परिणामस्वरूप राजगढ़ जिला ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए डेटा गुणवत्ता में 71 अंक एवं डेटा मात्रा में पूर्ण 80 अंक अर्जित कर कुल 151 अंक प्राप्त किए तथा समूह ह्यएह्न में प्रथम स्थान हासिल किया। यह उपलब्धि जिले में सीसीटीएनएस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन, समयबद्ध एवं शुद्ध डेटा प्रविष्टि के साथ-साथ समस्त थानों में पदस्थ सीसीटीएनएस कर्मचारियों की मेहनत का परिणाम है। रैंकिंग में अन्य प्रमुख जिलो में द्वितीय स्थान पर रतलाम 145.80 अंक, तृतीय स्थान मंदसौर 144.50 अंक, चतुर्थ स्थान ग्वालियर 143.75 अंक एवं पंचम स्थान शिवपुरी 137.27 अंको पर रहा। इस उपलब्धि पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समस्त थाना स्तर के सीसीटीएनएस कर्मचारियों सहित राजगढ़ पुलिस की पूरी टीम को बधाई दी गई है तथा भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करते रहने हेतु प्रोत्साहित किया गया है।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मोहम्मद जुबेर पिता मोहम्मद हनीफ निवासी 67, तोपखाना महाकाल मार्ग,उज्जैन के स्वत्वाधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 2/2 रकबा 1.40 हेक्टर में से 0.60 हेक्टर ग्राम सूराखेड़ी तहसील बडनगर जिला उज्जैन में स्थित है उक्त भूमि को मुझ प्रार्थी ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्रमांक MP432022015A1014827 पंजीकरण की तिथि 25/06/2015 के द्वारा मूल भूमि स्वामी लाखनसिंह पिता विक्रमसिंह निवासी ग्राम सूराखेड़ी तहसील बडनगर जिला उज्जैन से क्रय की थी, किन्तु किसी कारण से मुझ प्रार्थी द्वारा भू-अभिलेख में नामांतरण नही कर पाया था किन्तु मुझ प्रार्थी द्वारा उक्त भूमि का नामांतरण वर्ष 2019 करवाने का प्रयास किया गया था। किन्तु लाखनसिंह द्वारा मुझ प्रार्थी के नामांतरण की आपत्ति प्रस्तुत कर दी थी, इसलिए मुझ प्रार्थी द्वारा प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड बड़नगर जिला उज्जैन के यहां पर एक नामांतरण के संबंध में वाद प्रस्तुत किया गया है, और मेरे पक्षकार की क्रय की गई भूमि न्यायालय में विचाराधीन है और मेरे पक्षकार का नामांतरण नही होने से आज दिनांक तक भू-अभिलेख में भूमि स्वामी लाखनसिंह पिता विक्रम सिंह का नाम इन्द्राज है मुझ प्रार्थी को ज्ञात हुआ है कि लाखनसिंह से मेरे द्वारा क्रय की गई भूमि रकबा 0.60 हेक्टर को विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है अगर किसी भी भी व्यक्ति के द्वारा विक्रय करने व्यवहार किया जाता है तो उसकी समस्त जबावदारी उसके स्वयं की रहेगी उसमें मेरे पक्षकार की भूमि के बाबत किसी का विक्रय संबधी व्यवहार मान्य नही रहेगा। सूचित हो। इति दिनांकः- 22-12-2025 उज्जैन

**श्रीमती नीलम अग्रवाल (एडवोकेट) एम.ए.एल.एल.बी.**
**61, महाकाल सिंधी कॉलोनी उज्जैन**
**मो.न. 98264-44002**



## कार्यालय कलेक्टर (कालोनी सेल) जिला उज्जैन (म.प्र.)

**कमांक/का. सेल/2025/837** **उज्जैन दिनांक 17/12/2025-**

## विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 (क्रमांक 1 सन 1994) और उसके अधीन बनाए गए मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कालोनियों का विकास) नियम 2014 के अधीन एतद् द्वारा चंदेसरा, जनपद पंचायत उज्जैन, तह. उज्जैन, जिला उज्जैन में कालोनी विकसित करने की अनुज्ञा दी जाती है।

| क्र. | कालोनाईजर का नाम एवं पत्ता | स्थान जहाँ के लिये विकास अनुमति जारी की गई है। | धरोहर के रूप में बंधक रखे गये भूखण्डों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | आवेदक/कालोनाईजर श्री आनन्द बांगड पिता श्री कृष्णकांत बांगड एवं श्रीमती मंगला पति आनन्द बांगड निवासी उज्जैन | ग्राम चंदेसरा, तहसील व जिला उज्जैन में स्थित भूमि सर्वे क. 89/1 रकबा 1.85 हेक्टेयर, 89/2 रकबा 1. 00 हेक्टेयर, 91/1 रकबा 2.00 हेक्टेयर में से 0.404 हेक्टेयर, 91/2 रकबा 0.40 हेक्टेयर में 0.073 हेक्टेयर, 91/3 रकबा 1.26 हेक्टेयर एवं 91/4 रकबा 1.00 हेक्टेयर कुल रकबा 7.510 हेक्टेयर में से 5.587 हेक्टेयर पर आवासीय कालोनी (रेसीडेंसियल टाउनशिप) | भूखण्ड क्रमांक 10, 11, 12, 14, 15, 22, 23, 31 व 32 कुल भूखण्ड संख्या 09 कुल क्षेत्रफल 9206.38 वर्गमीटर |

उपरोक्त कॉलम नम्बर-4 में उल्लेखित भूखण्ड़ उपपंजीयक कार्यालय उज्जैन में बंधककर्ता कॉलोनाईजर श्री आनन्द बांगड पिता श्री कृष्णकांत बांगड एवं श्रीमती मंगला पति आनन्द बांगड निवासी उज्जैन एवं बंधकग्रहिता अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुभाग उज्जैन ग्रामीण द्वारा पंजीकृत धरोहर के रूप में बंधक रखे गये है।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त बंधक भूखण्डों का क्रय/विक्रय आगामी आदेश तक नहीं किया जावेगा।

**सक्षम प्राधिकारी**
**कालोनी सेल**
**जिला उज्जैन**

## भोपाल में महिला पटवारी की छत से गिरकर मौत


मीनाक्षी पटेल, मृतक

**भोपाल।** भोपाल के कमला नगर इलाके में रहने वाली एक महिला पटवारी की छत से गिरकर मौत हो गई। बच्ची का बैलून उतारने के दौरान उनका पैर फिसल गया और वे शेड की चादरों सहित पड़ोसी के घर में जा गिरीं। गंभीर रूप से घायल महिला की इलाज के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मृतका 32 वर्षीय मीनाक्षी पटेल रायसेन जिले की गौहरगंज तहसील में पटवारी के पद पर पदस्थ थीं। उनके पति सेना में कार्यरत हैं, जबकि ससुर पुलिस मुख्यालय में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात हैं। घटना 11 दिसंबर की शाम की है, जब मीनाक्षी अपनी बच्ची के साथ छत पर खेल रही थीं। मीनाक्षी अपनी बेटी के साथ छत पर खेल रही थी। बैलून पडोसी के शेड पर गिर गया था। परिजनों ने बताया कि खेलते समय बच्ची का बैलून पड़ोसी के शेड पर गिर गया। बैलून उतारने के प्रयास में मीनाक्षी बालकनी की बाउंड्री पार कर शेड पर उतरने लगीं। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वे शेड की चादरें तोड़ते हुए नीचे पड़ोसी के घर में गिर पड़ीं। जीएमसी की मर्चुरी में सोमवार दोपहर पीएम के बाद बॉडी को परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

## जानलेवा जिद...6 दिन भूखा रहा, मरा नहीं तो जहर खाया



**खंडवा।** खंडवा में लव मैरिज में धोखा मिलने से आहत एक 22 वर्षीय युवक 6 दिन तक भूखा-प्यासा रहा। जब इससे भी जान नहीं गई तो वह नर्मदा में कूदने के इरादे से मोरटक्का पुल पहुंचा, लेकिन हिम्मत नहीं जुटा पाया। आखिरकार उसने सल्फास की गोलियां खाईं और अपनी पीड़ा बताने सीधे पुलिस के पास पहुंच गया। हालत बिगड़ने पर युवक को खंडवा जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है, जहां वह जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। पुलिस के मुताबिक युवक फिलहाल इंदौर में रह रहा था और रविवार को आत्महत्या के इरादे से मोरटक्का पहुंचा था। उसने बताया कि वह दिनभर पुल पर बैठा रहा, लेकिन नर्मदा में कूदने की हिम्मत नहीं हुई। सल्फास की गोलियां पहले से उसके पास थीं, जिन्हें खाने के बाद वह खुद पुलिस चौकी पहुंचा। युवक ने पुलिस को बताया कि पड़ोस में रहने वाली एक युवती से उसका करीब 5 साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। युवती ने इसी साल सनावद के एक निजी कॉलेज में बीएससी में एडमिशन लिया था। जब वह 18 साल की हुई तो दोनों ने शादी का फैसला लिया। 12 नवंबर को दोनों महू स्थित आर्य समाज मंदिर गए और वहां लव मैरिज की। युवक ने शादी का सर्टिफिकेट भी पुलिस को सौंपा है। शादी के बाद पत्नी युवक के साथ इंदौर में रहने लगी। 8 दिन तक साथ रहे। युवक को सनावद से गंभीर हालत में खंडवा जिला अस्पताल में रेफर किया गया था।

## श्रीसांवलिया जी में चौथे राउंड में पूरी हुई काउंटिंग



**चित्तौड़गढ़।** प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सोमवार चौथे राउंड में 49 लाख 84 हजार 395 रुपए की गिनती हुई, जबकि चारों राउंड मिलाकर भंडार और ऑनलाइन माध्यम से कुल 29 करोड़ 32 लाख 4 हजार 920 रुपए की प्राप्ति दर्ज की गई। पूरे दिन चली इस गिनती प्रक्रिया के दौरान मंदिर परिसर में पूरी व्यवस्था और शांति बनी रही तथा सभी काम निर्धारित नियमों के अनुसार संपन्न हुए। सोमवार को हुए चौथे राउंड की काउंटिंग में मिली 49 लाख से ज्यादा की राशि ने कुल आय को और मजबूत किया। गिनती के दौरान हर बंडल की जांच की गई और राशि को विधिवत रजिस्टर में दर्ज किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर ही चौथे राउंड के आंकड़ों की पुष्टि की। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आज के चौथे राउंड में 49 लाख 84 हजार 395 रुपए की गिनती हुई, जबकि चारों राउंड मिलाकर भंडार और ऑनलाइन माध्यम से कुल 29 करोड़ 32 लाख 4 हजार 920 रुपए की प्राप्ति दर्ज की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आज के चौथे राउंड में 49 लाख 84 हजार 395 रुपए की गिनती हुई, जबकि चारों राउंड मिलाकर भंडार और ऑनलाइन माध्यम से कुल 29 करोड़ 32 लाख 4 हजार 920 रुपए की प्राप्ति दर्ज की गई। चारों राउंड की काउंटिंग पूरी होने के बाद यह सामने आया कि केवल भंडार से इस महीने 22 करोड़ 80 लाख 69 हजार 395 रुपए की प्राप्ति हुई है। भंडार के अलावा मंदिर के कार्यालय और भेंटकक्ष से नगद व ऑनलाइन माध्यम को मिलाकर 6 करोड़ 51 लाख 35 हजार 525 रुपए की प्राप्ति हुई है। यानी कुल 29 करोड़ 32 लाख 4 हजार 920 रुपए प्राप्त हुए। नकद राशि के साथ-साथ मंदिर को कीमती धातुओं की भी अच्छी प्राप्ति हुई है। भंडार से कुल 1250 ग्राम सोना और 44 किलो 400 ग्राम चांदी प्राप्त हुई, जबकि भेंटकक्ष में 535 ग्राम 910 मिलीग्राम सोना और 55 किलो 444 ग्राम चांदी जमा हुई। इसके अलावा फॉरेन करेंसी और चेक भी मिले हैं, जिन्हें नियमानुसार सुरक्षित रखा गया है। पिछले साल इसी अमावस्या पर खोले गए भंडार से करीब 17 करोड़ 73 लाख रुपए तथा ऑनलाइन व भेंटकक्ष से 5 करोड़ 38 लाख रुपए की प्राप्ति हुई थी। इस बार चौथे राउंड की काउंटिंग के साथ कुल आंकड़ा उससे कहीं ज्यादा पहुंच गया है।

# बलिदान दिवस हमें महान वीरों के त्याग और समर्पण का स्मरण कराता है

**दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर**




विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रभक्ति, त्याग एवं समर्पण की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बलिदान दिवस के अवसर पर एक दिवसीय विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शुजालपुर में किया गया। यह कार्यक्रम अटल स्मृति वर्ष के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्रनिष्ठ विचारों और आदर्शों को भी स्मरण किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के पाँचों मंडलों से बुद्धिजीवी वर्ग, संगठन के पदाधिकारी, बूथ स्तर के सक्रिय कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि बलिदान दिवस हमें उन महान वीरों के त्याग और समर्पण का स्मरण कराता है, जिन्होंने राष्ट्र और समाज के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग किया।

उन्होंने कहा कि अटल स्मृति वर्ष के अवसर पर ऐसे आयोजन हमें राष्ट्रसेवा, सुशासन और समर्पण की उस परंपरा से जोड़ते हैं, जिसे अटल जी ने अपने जीवन से स्थापित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से महापुरुषों के आदर्शों को जीवन में उतारते हुए समाज सेवा और जनकल्याण के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा प्रभुलाल जाटवा ने अपने उद्बोधन में कहा कि बलिदानी महापुरुषों का जीवन राष्ट्र के प्रति कर्तव्य, अनुशासन और समर्पण की अमूल्य सीख देता है।

उन्होंने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि विचारधारा के प्रति निष्ठा, कार्यकर्ताओं का समर्पण और निरंतर सक्रियता ही संगठन को सशक्त बनाती है। दूसरे मुख्य वक्ता बहादुर सिंह बोड़मुल्ला उज्जैन ग्रामीण के पूर्व जिला अध्यक्ष ने कहा कि बलिदान दिवस केवल स्मरण का नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका तय करने का दिन है। उन्होंने महापुरुषों के आदर्शों पर चलकर संगठन और समाज को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष रवि पांडे ने की। उन्होंने कहा कि बलिदान दिवस कार्यकर्ताओं के लिए संकल्प लेने का अवसर है और संगठन की मजबूती अनुशासन, परिश्रम एवं समर्पण से ही संभव है। विशेष अतिथियों के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक नायक, योगेंद्र सिंह जादोन सहित जिले के पदाधिकारी एवं विधानसभा क्षेत्र के पाँचों मंडलों के मंडल अध्यक्ष मंचासीन रहे। पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक नायक सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बलिदानी महापुरुषों से प्रेरणा लेकर संगठनात्मक दायित्वों के निष्ठापूर्वक निर्वहन पर बल दिया। बलिदानी महापुरुषों के जीवन, संघर्ष एवं योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि उनका त्याग आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है और ऐसे आयोजनों के माध्यम से उनके विचारों को जन.जन तक पहुँचाना आवश्यक है।

## 26 लाख से अधिक की क्षतिपूर्ति के आदेश, बाइक की टक्कर से हुई थी मौत

**शुजालपुर।** पुलिस थाना अवंतिपुर बडोदिया क्षेत्र में लगभग 11 माह पूर्व सड़क दुर्घटना में हुई बाइक चालक की मौत के मामले में न्यायालय ने क्षतिपूर्ति राशि दिए जाने के आदेश पारित किए। अभिभाषक महाजनसिंह परमार ने बताया कि 18 जनवरी 2025 की शाम 6 बजे आवेदिका अकरता वर्मा के पति अजय उपलावदिया निवासी ग्राम अवंतीपुर बड़ोदिया अपनी मोटरसाइकल से नेवजखेड़ी से अपने गांव अवंतीपुर बड़ोदिया जा रहा था जैसे ही वह घासीराम खाती के खेत के सामने रोड पर पहुंचा कि सामने से मोटरसाइकल क्रमांक एमपी 42 जेडडी 3487 का चालक धनराज अपनी मोटरसाइकल को तेजगति एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर लाया और अजय की मोटरसायकल में सामने से टक्कर मार दी, जिससे मृतक को गंभीर स्वरूप की चोंटे आई तथा उसकी मृत्यु हो गई, जिसका क्षतिपूर्ति दावा अभिभाषक महाजनसिंह परमार, राजपालसिंह राजपूत ने सदस्य महोदय मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण शुजालपुर सपना पोर्ते के समक्ष प्रस्तुत किया था। जिसमे महाजनसिंह परमारए राजपालसिंह राजपूत एडव्होकेट्स के तर्क से सहमत होकर न्यायालय द्वारा मृतक के वारिसान अकरता वर्मा आदि को बीमा कम्पनी से 26,85,920 रूपये दिलाये जाने का आदेश पारित किया एवं आवेदन प्रस्तुती दिनांक से 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी दिलाए जाने का आदेश पारित किया।


### // जाहिर सूचना//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण श्रीमती असमा कुरेशी पति इरशाद मोहम्मद व इरशाद मोहम्मद पिता अल्ताफ कुरैशी, निवासीगण आईसीआईसीआई बैंक के पास कोटा फाटक नागदा जिला उज्जैन के एकाकी स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे कमांक 1413/3 एवं 1414/3 कुल रकबा 0.163 हेक्टयर स्थित ग्राम पाड़ल्या कला तहसील नागदा जिला उज्जैन को दिनांक 23.06.2003 को विधिवत विक्रय पत्र के माध्यम से अनुप कुमार गोखले पिता गणपत राव गोखले से क्रय की थी। विक्रेता अनुप कुमार गोखले के द्वारा उक्त भूमि श्रीमती अनोखी देवी से दिनांक 16.05.2002 को कये की थी। मेरे द्वारा जो भूमि क्रय की गई है उसमें से मेरे पक्षकारगण के द्वारा भूमि सर्वे क्रमांक 1413/3 एवं 1414/3 कुल रकबा 0.163 हेक्टेयर पर सिगडी रेस्टोरेंट के नाम से रेस्टोरेंट का संचालन हो रहा है व मेरी पक्षकारा श्रीमती आसमा के पति इरशाद ने पड़ोस में स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 1413/3 एवं 1414/3 का शेष भाग जिसका कुल रकबा 0.138 हेक्टेयर स्थित ग्राम पाड़ल्या कला तहसील नागदा जिला उज्जैन को दिनांक 07.03.2005 को श्रीमती स्वर्णजीत पति मदनलाल से कय की थी। उक्त भूमि वर्तमान में रिक्त पड़ी है। यह कि, मेरे पक्षकारगण के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 1413/3 एवं 1414/3 कुल रकबा 0.163 हेक्टेयर स्थित ग्राम पाडल्या कला तहसील नागदा जिला उज्जैन को विक्रेता अनुप कुमार गोखले के द्वारा मेरे पक्षकारगण को विक्रय करने के उपरांत उक्त भूमि के संबंध में दिनांक 11.06.2013 को दिनेश मीणा निवासी जवाहर मार्ग नागदा जिला उज्जैन के पक्ष में एक मुख्त्यारनामा निष्पादित किया था जिसके आधार पर दिनेश मीणा के द्वारा उक्त भूमि अपनी पत्नि सोनम मीणा को दिनांक 08.08.2013 को विक्रय पत्र के माध्यम से विक्रय कर दी जिसके उपरांत सोनम मीणा के द्वारा दिनांक 16.12.2022 को उक्त भूमि जिसका सर्वे कमांक 1413/3/7 रकबा 0.163 हेक्टेयर में से 0.025 हेक्टेयर भूमि महेन्द्रसिंह राठोड़ को विक्रय कर दी एवं विक्रय के उपरांत महेन्द्रसिंह के नाम का राजस्व अभिलेख में इंद्राज किये जाने का आदेश तहसीलदार महोदय के द्वारा दिनांक 10.02.2023 को पारित किया गया था। भूमि का अन्य भाग सोनम मीणा के द्वारा दिनांक 05.09.2024 को अशोक सिंह राठौर एवं मनोजसिंह कुशवाह को भूमि सर्वे कमांक 1413/3/7 रकया 0.163 हे. में से 0.139 हे. भूमि विकय कर दी। अनुप कुमार गोखले च अन्य लोगों के द्वारा मिलकर मेरे पक्षकारगण को दुर्भावना पूर्वक क्षति पहुंचाने के आशय से धोखाधड़ी की है जबकि राजस्व अभिलेख में मेरी पक्षकारा श्रीमती आसमा का नाम दर्ज नहीं हो पाया है जिसके कारण अनुप कुमार गोखले एवं अन्य लोगों के द्वारा षड्यंत्र पूर्वक तरीके से मिलकर धोखाधड़ी करते हुए फर्जी विक्रय पत्र निष्पादित करवाये हैं। जहां मेरे पक्षकारगण द्वारा विक्रय पत्र पहले सम्पूर्ण प्रतिफल देकर निष्पादित कराये गये हैं इसलिए उसके उपरांत होने वाले समस्त विकय पत्र विधि अनुसार शून्य होकर मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारी नहीं है व से विक्रय पत्र मेरे पक्षकारगण के भूमि सर्वे कमांक 1413/3 एवं 1414/3 कुल रकबा 0.163 हेक्टेयर स्थित ग्राम पाडल्या कला तहसील नागदा जिला उज्जैन पर स्वामित्व एवं स्वत्वों को क्षति पहुंचाने वाला है। यह कि, वास्तविकता यह है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती आसमा के स्वामित्य एवं आधिपत्य की भूमि पर विक्रय पत्र के उपरात नामांतरण का आदेश दिनाक 16.08.2007 को मेरे पक्षकारगण के हित में हुआ था परन्तु उक्त आदेश पर अमल न होने के कारण पूर्व स्वामी द्वारा छल कपट करके मेरे पक्षकार के स्वत्वाधिपत्य की उक्त भूमि के सबंध में दिनेश मीणा निवासी जवाहर मार्ग नागदा जिला उज्जैन के पक्ष में मुख्त्यारनामा पजीकृत कसया था जिसके द्वारा मुख्त्यारआम दिनेश गीणा के द्वारा भूमि विक्रय की गई है। वास्तविकता में उक्त वर्णित भूमि मेरे पक्षकारगण के आधिपत्य में कय दिनाक से निरंतर चली आ रही है किन्तु फर्जी विक्रय पत्र के आधार पर अशोक सिंह राठौर एवं मनोजसिंह कुशवाह के द्वारा मेरे पक्षकारगण के स्वत्वाधिपत्य की सर्वे कमांक 1413/3 एवं 1414/3 कुल रकबा 0.163 हेक्टेयर स्थित ग्राम पाडल्या कला तहसील नागदा जिला उज्जन की रिक्त भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं जो कि अलग भूमि है। उक्त भूमि पर कब्जा करने का प्रयास दिनांक 17.09.2024 को किया गया था एवं उस समय मेरे पक्षकार इरशाद अपनी भूमि पर मजदूरों के साथ पार्किंग हेतु मुर्रम का भराव कर रहे थे। उन लोगों के द्वारा मौके पर इस प्रकार से विवाद किया था कि जिसे शांति भंग होने की स्थिति उत्पन्न हो गई थी एवं मेरे पक्षकारगण मुस्लिम संप्रदाय के हैं तो उक्त झगड़े को सांप्रदायिक झगड़े का रूप देने का प्रयास किया गया था जबकि पूर्व में पुलिस के द्वारा दस्तावेजों की जांच करने के उपरांत दर्ज प्रकरण में शांति बनाये रखने के उद्देश्य से अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष इस्तगासा प्रस्तुत किया था जो कि प्रकरण कमांक 157/ जा.फो./2024 पर दर्ज होकर दिनांक 07.01.2025 को निराकृत हुआ था जिसमें यह निर्देश दिया गया था कि नगर पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के अनुसार तहसीलदार नागदा को निर्देशित किया जाता है कि ये विक्रय पत्रों के अनुसार भूमि के क्रेताओं की भूमि के विक्रय पत्रों का परीक्षण करते हुए निराकरण करे एवं उभयपक्षों से शांति बनाये रखने हेतु बंध पत्र भी निष्पादित कराया जाये जिसके उपरांत तहसीलदार महोदय के द्वारा जांच की जा रही है जो कि वर्तमान में विचाराधीन है। उपरोक्त वप्रित भूमि को अन्यत्र विकय करने से रोकने के लिए एक बाद सक्षम सिविल न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है एवं जिन लोगों के द्वारा फर्जी तरीके से षड्यंत्र पूर्वक मिलकर विक्रय पत्र निष्पादित करवाये हैं उनके विरूद्ध दाण्डिक कार्यवाही करने हेतु कार्यवाही की जा रही है। अतः मेरे पक्षकारगण की ओर से सर्व संबंधित व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, सरकारी / साहूकारी वित्तीय संस्था या कोई भी उक्त वर्णित भूमि के संबंध में कोई संव्यवहार करता है, किसी तृतीय पक्ष का हित कायम करता है या जमानत आदि में भारित करता है, तो वह भूमि सर्वे कमांक 1413/3 एवं 1414/3 कुल रकबा 0.163 हेक्टेयर स्थित ग्राम पाडल्या कला तहसील नागदा जिला उज्जैन मेरे पक्षकारगण के स्वत्वों को चुनौती होगा व मेरे पक्षकारगण पर वह बंधनकारक नहीं होगा व इसके उपरांत भी किसी व्यक्ति, सरकारी / साहूकारी वित्तीय संस्था द्वारा उक्त भूमि के संबंध में कोई संव्यवहार किया जाता है तो वह मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारक व पालनीय नहीं होगा व मेरे पक्षकारगण के स्वत्वों चुनौती होगा। इसके समस्त परिणामों को उत्तरदायित्व तत्संबंधी का होगा। अपने पक्षकारगण के आदेश एवं निर्देशानुसार यह जाहिर सूचना सर्व साधारण के ज्ञानार्थ व ध्यानार्थ प्रकाशित करवाई जा रही है। अतः सूचित हो। दिनांक 22/12/2025

**अभिलाप व्यास एडवोकेट**
**कार्यालय- 39/1 सनराईज प्लाजा कमला नेहरू मार्ग फ्रीगंज उज्जैन**
**मप्र 456001 फोन. 0743-566165**


## अभिभाषक संघ अध्यक्ष के लिए त्रिकोणीय मुकाबला

**शुजालपुर।** अभिभाषक संघ शुजालपुर के निर्वाचन को लेकर जारी सरगर्मी मंगलवार को थम जाएगी। अभिभाषक संघ शुजालपुर के अध्यक्ष पद को लेकर इस बार त्रिकोणीय मुकाबला नजर आ रहा है, अभिभाषक संघ के विभिन्न पदों को लेकर मतदान मंगलवार 23 दिसम्बर को होगा। निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश पाटीदार ने बताया कि अभिभाषक संघ के चुनाव पुरी तरह मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के नियमों व दिशा निर्देशों के अनुसार सम्पन्न कराए जा रहे है। न्यायालय परिसर में मतदान मंगलवार को प्रातः 10.30 से शाम 4 बजे तक होगें तथा मतदान उपरांत मतगणना कर परिणामों की घोषणा की जाएगी। बता दे अभिभाषक संघ शुजालपुर अध्यक्ष पद के लिए सचिन सबनीस, कैलाश यादव, महिपाल सिंह राजपूत, आनंद कुमार बडोने कुल 4 प्रत्याशी है। उधर उपाध्यक्ष पद के लिए सीधा मुकाबला दिलीपसिंह गुर्जर व प्रीतमसिंह राणा के मध्य होगा। सचिव पद के लिए संजय शर्मा व जयप्रकाश मीणा मैदान में है। कोषाध्यक्ष पद के लिए कैलाश सरोठिया एक मात्र अभ्यार्थी नामवापसी के बाद शेष बचे जो कि निर्विरोध निर्वाचित होगें। बार एसोसिएशन शुजालपुर के सह सचिव पद के लिए चार उम्मीदवार इसहाक खान, चांदसिंह राजपूत, हेमंत मेवाडा, बनवारी अहिरवार, पुस्तकालय अध्यक्ष के लिए जीवन बामनिया, अर्पित जैन, मांगीलाल परिहार व कृष्णमोहन यादव अपनी किस्मत आजमा रहे है। अभिभाषक संघ चुनाव प्रक्रिया इस बार पुरी तरह मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के नियमों व दिशा निर्देशों के पालन में की जा रही है। निर्वाचन अधिकारी ने अभ्यार्थी अजयपाल का नाम राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा प्रेषित फोटोयुक्त मतदाता सूची में नहीं होने के कारण यह नाम निर्देशन पत्र अस्वीकार कर दिया था।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी मुकेश कुमार पिता श्री गेंदालाल जी, निवासी-नीलगंगा, उज्जैन के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 8/1/2 रकबा 0.16 हेक्टर एवं कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-8/1/1 रकबा 0.08 एवं कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-8/2 रकबा 0.24 हेक्टर कुल किता 03 कुल रकबा 0.48 हेक्टर भूमि जो कि ग्राम कागदी कराडिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर सौदे चिट्ठी का निष्पादन भी अपने हित में करवा लिया हैं। यदि उक्त भूमि को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात् उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो । इति दिनांक-22.12.2025

**राजेश बांठिया एडव्होकेट**
**ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो-98272-64140**



### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा अमीना बेन पति स्व सैफुददीन अगरबत्तीवाला निवासी 28-29 गोनसा दरवाजा केठी गेट उज्जैन के निर्देशानुसार सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह सूचित करता हू कि मेरी पक्षकारा द्वारा उनके जेठ श्री कुतुबुद्दीन पिता स्व. अब्दुला भाई अगरबत्तीवाला के मध्य माननीय नवम् जिला जज महोदय उज्जैन के न्यायालय में आर्बिट्रेशन आदेश के प्रवर्तन हेतु प्रस्तुत किया है। इस प्रकरण में उभयपक्ष के मध्य आर्बिट्रशन अधिनिर्णय के आंशिक संतुष्टी के लिए श्री कुतुबुद्दीन पिता स्व. अब्दुला भाई अगरबत्तीवाला ने अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य के भवन क्रमांक 29 स्थित गोनसा दरवाजा गली क्रमांक 3 वीर दुर्गादास मार्ग स्थित भवन जिसके उत्तर में गली सरकारी गौन्सा दरवाजा बलाई बाखल व बाद में मकान रामलाल पीराजी एवं देवनारायण के मकान का पश्चिमी भाग, दक्षिण में सड़क सरकारी गौन्सा दरवाजा कमरी मार्ग को एवं बाद में जमातखाना, पूर्व में गली सरकारी व बाद में खण्डहर गुलाब जी का, पूर्व-पश्चिम में गली सरकारी व बाद में मकान गुलाब व पूनाजी का, पश्चिम में मकान मूलचंद व लूना जी का होकर इस मकान की लम्बाई उत्तर में 49 फीट 9 इच, दक्षिण में 30 फीट 3 इच, पूर्व में 20 फीट, पूर्व-दक्षिण में 23 फीट 6 इंच, पश्चिम में 8 फीट, 21 फीट 6 इंच व 17 फीट 6 इंच इस प्रकार कुल क्षेत्रफल 1875 वर्गफीट के लगभग है। यह मकान पक्का जी+2 व तल मंजिल में एक हॉल व गोडाउन है। प्रथम तल पर जाने के लिए जीना बना हुआ है व एक हॉल व लेटबॉथ तथा द्वितीय ममंजिल पर जाने के लिए जीना है व द्वितीय मंजिल पर एक हॉल व लेटबॉथ बने है व द्वितीय मंजिल का खुला भाग है जिसमें चांदनी है। मकान में हमें बिजली फिटिंग है व यह मदन भू-तल सहित उस पर निर्मित सम्पूर्ण निर्माण सहित क्रय करना तय हुआ है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा इस भवन का विक्रय पत्र आर्बिट्रेशन अवॉर्ड के आंशिक संतुष्टी में करवा रही है। इस संव्यवहार के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति, क्लेम, हक या अन्य किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 दिवस में मेरी पक्षकारा को या मुझे मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज के प्रस्तुत करे अन्यथा समयावधि व्यतीत होने के उपरांत किसी का भी कोई क्लेम, आपत्ति, हक या अन्य किसी भी प्रकार का संव्यवहार स्वीकार योग्य नहीं होगा व मेरी पक्षकारा इस सम्पत्ति का विक्रय पत्र अपने पक्ष में करवा लेगी। अपनी पक्षकारा के आदेश व निर्देशानुसार यह जाहिर सूचना सर्व संबंधित व सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित की जा रही है। अतः सूचित है। दिनांक 22/12/2025

**सत्यनारायण ए. व्यास एडवोकेट**
**कार्यालय 30/1, सनराईज प्लाजा कमला नेहरु मार्ग, फ्रिगंज**
**उज्जैन फोन नं. 07343566165**


## शुजालपुर अनुभाग में तेंदुआ होने का अंदेशा

**शुजालपुर।** शाजापुर जिले का अंतिम छोर जो कि पार्वती नदी से लगा होकर सीहोर जिले की सीमा से सटा है, यहां पर तेंदुए के विचरण करने का अंदेशा है। इस क्षेत्र में एक मादा हिरण का शिकार भी कुछ दिनों पूर्व होने की पुष्टि हुई। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग ने घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए मौके से पगमार्क एवं अन्य सामग्री जुटाई है, जिसकी पुष्टि के लिए वन्य प्राणी जानकारों तक भेजी गई है। बता दे सीहोर जिले में 300 से अधिक तेंदुए है, इसके चलते संभावना है कि तेंदुआ शाजापुर जिले की सीमा में भी आ सकता है। मिली जानकारी अनुसार कालापीपल तहसील के अंतिम गांव ढाबलाधीर के जंगल में दो दिवस पूर्व मादा हिरण का शव देखा गया,


**THE PANCHMAHAL DISTRICT CO-OPERATIVE MILK PRODUCER'S UNION LTD.**
**LUNAWADA ROAD, P. B. NO. 37, GODHRA-389001**
**E TENDER NOTICE**
**(Tender Reference GD/T-M/2025-26/50)**

The Tender is Invited by THE PANCHMAHAL DISTRICT CO-OPERATIVE MILK PRODUCERS' UNION LTD. for the appointment of agency for **1. 200 KLD Ultrafiltration and Reverse Osmosis system for Effluent treated water on BOOT Basis AT UJJAIN, MADHYAPRADESH** The interested bidders/agencies may download the tender documents from website **tenders.nprocure.com** from **23/12/2025 to 30/12/2025**. Last date of submission online **08/01/2026** and last date of hard copy submission **10/01/2026.** The Dairy reserves the rights to reject any or all tenders or accept any tender without assigning any reason thereof.

**MANAGING DIRECTOR**
**PDCMPUL-GODHRA**



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती वंदना भागवानी पति श्री जगदीश कुमार भागवानी, निवासी उज्जैन के एकांकी स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड कमाक 10 जो कि साकेत नगर सांवर रोड उज्जैन में स्थित होकर व्यवसायिक उपयोग की है. जिसका कुल एरिया 135.00 वर्गमीटर है। जिसे मय तल व हवाई हक सहित मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा कर टोकन राशि अदा कर दी है। अब विकय पत्र का संपादन कराना शेष है । उक्त भूखण्ड की पैमाईश, चर्तु:सीमा निम्नानुसार है अनुबंधित भूखण्ड की चर्तु सीमा- पूर्व की ओर-सडक सांवेर रोड पश्चिम की ओर भवन क्रमांक 21 उत्तर की ओर = भवन कमांक 09 दक्षिण की ओर भवन क्रमांक 11 पैमाईश लंबाई- पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण समान 15.00 मीटर। चौडाई- उत्तर से दक्षिण वतरफ पूर्व व पश्चिम समान 9.00 मीटर। अत: उक्त वर्णित भूखण्ड पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूखण्ड में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विकय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद म्याद गुजरने मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूखण्ड का विधिवत् विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक- 22-12-2025 स्थान उज्जैन

**श्याम गुप्ता एडवोकेट**
**दुकान नंबर सीएफ-8, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स,**
**देवास रोड़ उज्जैन मो. 99264 66157**



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री नारायणसिंह पिता श्री दर्यावसिंह जाति कुल्मी निवासी ग्राम मक्सी जिला शाजापुर से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 180 रकबा 0.11 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम सूल्या तहसील घट्टिया को तथा विक्रेतागण नसीम बी बेवा आजाद खान, शेर खान व शहजाद खाँ पुत्रगण आजाद खान व शन्नो, शमा पुत्रियाँ आजाद खों समस्त जाति पठान निवासीगण ग्राम भीमपुरा तहसील घट्टिया से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 203/2 रकबा 0.50 हैक्टर व सर्वे नम्बर 204 रकबा 0.24 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम सूल्या तहसील घट्टिया को तथा विक्रेतागण श्रीमति अनुसुईया व श्रीमति शशिकान्ता व श्री अरूण पिता श्री नन्दराम व श्यामुबाई बेवा श्री नन्दराम समस्त जाति कुल्मी निवासीगण ग्राम माकड़ोन तहसील माकड़ोन से उनके स्वामित्व, स्वत्य एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 183 रकबा 0.26 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम सुल्या तहसील घट्टिया को क्रय करने का सौदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हों तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं - होगी। सूचित हो। इति दिनांक 22-12-2025

**अश्विन पलोड ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन**
**मो. 99265-32350**

न्यूज-कॉलम

## मनित्व ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक



**मन्दसौर।** नियुद्ध गुरुकुल मंदसौर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी मनित्व सिंह रावत ने दिल्ली में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग यूथ चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी, भोपाल का प्रतिनिधित्व करते हुए शॉटगन इवेंट में कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर वर्ल्ड नियुद्ध फेडरेशन के संस्थापक नियुद्धाचार्य डॉ. नरेंद्र श्रीवास्तव, नियुद्ध एयरगन एवं आर्चरी स्पोर्ट्स एसोसिएशन मंदसौर के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, जिला खेल एवं युवक कल्याण अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, नियुद्ध गुरुकुल के प्रशिक्षक प्रवीण भंडारी, अजय सिंह चौहान, सन्नी घोडेला, आदित्य सुरा आदि ने बधाई दी है।

## श्रीमद् भागवत रसपान महोत्सव 25 दिसं. से

**मन्दसौर।** श्रीमद् भागवत रसपान महोत्सव 25 से 31 दिसंबर तक स्व. बंशीलाल पलोड़ एवं स्व. कंचनबाई पलोड़ की पुण्य स्मृति में उनके परिजनों द्वारा च्छ्रुद्राक्षज्ज माहेश्वरी भवन, नयापुरा रोड, मन्दसौर पर दोप. 12.15 से 4.15 तक होगा जिसमें भागवताचार्य पं. श्री ललित राजपुरोहित के श्रीमुख से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। मनोरथी पलोड परिवार ने बताया कि कथा शुभारंभ 25 दिसंबर को प्रातः 9 बजे भव्य शोभायात्रा (पोथी यात्रा) से होगा। जो श्री चारभुजनाथ मंदिर, बड़ा चौक से प्रारंभ होकर कथा स्थल तक पहुंचेगी। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन अलग-अलग प्रसंगों पर कथा होगी।

## पेंशनर महासंघ की त्रैमासिक बैठक 27 को

**मन्दसौर।** सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ मंदसौर की त्रैमासिक बैठक 27 दिसम्बर, शनिवार को दोपहर 1 बजे से पं. दीनदयाल उपाध्याय वृद्धजन सेवा केन्द्र मन्दसौर पर आयोजित होगी । जिलाध्यक्ष श्री अशोक रामावत व जिला सचिव चन्द्रकान्त शर्मा ने बताया कि बैठक में संगठनात्मक चर्चा, वर्ष 2025 की सदस्यता राशि रसीद कट्टों के साथ जमा करना, वर्ष 2026 नये सत्र के लिए सदस्यता रसीद कट्टो का वितरण, शासन स्तर पर लंबित मांगों व चर्चा की जावेगी।

## दुर्घटना में युवक की मौत, साथी घायल

**मन्दसौर।** जिले के सुवासरा थाना क्षेत्र के शामगढ़ रोड़ पर रविवार की शाम करीब 7 बजे हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार गौरव (24) पिता अनिल की मृत्यु हो गई जबकि उसका साथी विवेक निवासी खानपुरा मंदसौर घायल हो गया। सोमवार को मृतक गौरव के शव का पोस्टमार्टम सुवासरा के शासकीय अस्पताल में करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने प्रकरण में मर्ग कायम किया।

## एडीएम ने ग्राम दारू में विशेष राजस्व शिविर का किया निरीक्षण

**नीमच।** जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में जिले में 22 दिसंबर से प्रशासन गांव की ओर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के पहले दिन जिले के पंचायत क्लस्टर मुख्यालयों पर विशेष राजस्व शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, इन शिविरों में ग्रामीणों की राजस्व संबंधी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है। एडीएम श्री बी.एस. कलेश ने सोमवार को नीमच तहसील के कलस्टर मुख्यालय दारू एवं मनासा एसडीएम सुश्री किरण आंजना ने मनासा तहसील की ग्राम पंचायत पिपल्यारावजी में प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत आयोजित विशेष राजस्व शिविरों का निरीक्षण किया। इस मौके पर एसडीएम श्री संजीव साहू, तहसीलदार श्री संतोष कुमार एवं अन्य राजस्व अधिकारी तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## पिपलिया मंडी क्षेत्र की होनहार बेटी का सम्मान

**पिपलिया मंडी।** कबीर इंटरनेशनल स्कूल, लुनाहेड़ा फंटा ,गुड्भेली मे पिपलिया मंडी क्षेत्र की बेटी कुमारी प्रकृति घाटिया को राजस्थान न्यायिक सेवा परीक्षा में 9 वी रैंक हासिल कर सिविल जज पद हेतु चयनित होने के उपलक्ष मे सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया ।प्रकृति की ऐसी उत्कृष्ट उपलब्धि पिपलिया मंडी क्षेत्र के लिए हर्ष व गौरव की बात है ।

# जिले के सैलाना में खाद, बिजली और किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने हल्ला बोल प्रदर्शन किया

## ट्रैक्टर पर फांसी लगाते किसानों के पुतले

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



जिले के सैलाना में खाद, बिजली और किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने हल्ला बोल दिया है। सरकार को जगाने के लिए बड़ी संख्या में किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे हैं। रैली के रूप में निकले प्रदर्शनकारी एसडीएम ऑफिस का घेराव करेंगे और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। इस प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व विधायक और रतलाम जिला कांग्रेस (ग्रामीण) अध्यक्ष हर्ष विजय गेहलोत कर रहे हैं।

**पुलिस से भिड़े नपा अध्यक्ष, बोले- प्रशासन नहीं, किसानों का साथ दो**

प्रदर्शन में अनोखा विरोध देखने को मिला। ट्रैक्टरों पर किसानों के पुतले फांसी के फंदे पर लटकते हुए दिखाए गए हैं, जो किसानों की बदहाली बयां कर रहे हैं।

पुलिस ने जब इन पुतलों को उतारने की कोशिश की, तो माहौल गरमा गया। सैलाना नगर परिषद अध्यक्ष लक्की शुक्ला ने पुलिस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा- किसानों की समस्या दिख नहीं रही है। आप प्रशासन का नहीं, किसानों का साथ दो। इसके बाद वहां जय जवान-जय किसान के नारे गूंजने लगे।

**10 बीघा जमीन पर मिल रहीं सिर्फ 2 बोरी खाद**

किसानों का कहना है कि जिले में यूरिया का संकट है। किसानों को समय पर खाद नहीं मिल रहा। हालात यह हैं कि 10 बीघा जमीन वाले किसान को सिर्फ दो बोरी खाद दी जा रही है। इससे खेती प्रभावित हो रही है। इसी के विरोध में यह बड़ा आंदोलन किया जा रहा है।

**इस्तीफे की पेशकश के बाद गेहलोत का शक्ति प्रदर्शन**

हाल ही में हर्ष विजय गेहलोत ने जिला अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने इसकी वजह पारिवारिक और विधानसभा क्षेत्र पर ध्यान देना बताया था, लेकिन असल नाराजगी ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर थी। हालांकि, प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने उनका इस्तीफा मंजूर नहीं किया। इसके बाद गेहलोत का यह पहला बड़ा प्रदर्शन है, जिसे उनका शक्ति प्रदर्शन भी माना जा रहा है।

## उन्नत भारत अभियान के तहत ग्राम खोखरा एवं नैनोरा का भ्रमण



**पिपलिया मंडी।** पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय पिपलिया मंडी के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत ग्राम खोखरा एवं नैनोरा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए उन्नत भारत अभियान की नोडल अधिकारी प्रोफेसर निशा जटिया ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा कुल पांच ग्रामों को गोद लिया गया है। इन ग्रामों में स्वच्छता जागरूकता, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी जाएगी। साथ ही ग्राम की प्रमुख समस्याओं की पहचान कर ग्राम प्रोफाइल तैयार की जाएगी। अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय की टीम द्वारा ग्राम खोखरा एवं नैनोरा का भ्रमण किया गया, जहां जागरूकता कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। इस दौरान ग्राम की आंगनवाड़ी, शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय तथा पंचायत कार्यालय पहुंचकर ग्रामीणों से संपर्क किया गया। ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना गया तथा आगामी चरण में इन समस्याओं के समाधान हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई गई।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर ममता चौहान, डॉ. चंद्रकला चौहान, प्रोफेसर प्रेरणा शर्मा, प्रोफेसर आर एस कटारा सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## श्री अरिहंत महाविद्यालय, रतलाम ने राज्य से राष्ट्रीय स्तर में दर्ज कराई उल्लेखनीय उपलब्धि

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

### हॉकी में नितिन राठौड़ का जलवा, राज्य स्तर पावरलिफ्टिंग में अंशुल मावी का दमदार प्रदर्शन



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में आयोजित विश्वविद्यालय राज्य स्तरीय हॉकी (पुरुष) प्रतियोगिता में श्री अरिहंत महाविद्यालय प्रोफेशनल एजुकेशन, रतलाम के छात्र नितिन राठौड़ ने उत्कृष्ट खिलाड़ी के रूप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। नितिन के बेहतरीन खेल और रणनीतिक योगदान से टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन राष्ट्रीय स्तर की हॉकी प्रतियोगिता, भोपाल के लिए किया गया है, जो महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है।

इसी क्रम में, अरिहंत महाविद्यालय के ही छात्र अंशुल मावी ने संभाग स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 350 किलोग्राम वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया और राज्य स्तर के लिए चयनित हुए।

महाविद्यालय के खेल अधिकारी श्री अजय प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि नितिन राठौड़ और अंशुल मावी की मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास ने उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया है।इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधन समिति ने कहा कि छात्रों की इस उपलब्धि ने महाविद्यालय का नाम खेल जगत में और भी ऊँचा किया है। उप-प्राचार्य डॉ. नितिन राव चव्हाण एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. आनंद त्रिवेदी ने दोनों प्रतिभाशाली छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि ऐसे खिलाड़ी अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

## पेट्रो प्रोडक्ट फैक्ट्री मे मेंटेनेंस कार्य के दौरान अचानक आग से चार मजदूर झुलस गए

**नीमच।** झंझारवाड़ा स्थित मालवा पेट्रो प्रोडक्ट फैक्ट्री में सोमवार सुबह मेंटेनेंस कार्य के दौरान अचानक आग भड़कने से बड़ा हादसा हो गया। इस घटना में चार मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। फैक्ट्री परिसर में हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई। घायलों को तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल नीमच लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दो मजदूरों की हालत गंभीर होने पर उन्हें उदयपुर रेफर किया गया, जबकि दो अन्य का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फैक्ट्री में नियमित मेंटेनेंस कार्य चल रहा था। इसी दौरान किसी तकनीकी कारण या ज्वलनशील पदार्थ के संपर्क में आग भड़क गई, जिससे चार मजदूर आग की चपेट में आ गए। जिला अस्पताल में भर्ती मजदूरों में सोहेल (22 वर्ष) पिता नाहर खान, आमेट, राजस्थान और मिट्ठू लाल (21 वर्ष) पिता जगदीश चंद्र, बलारा खेड़ा, राजस्थान शामिल हैं। गंभीर रूप से झुलसे मजदूरों में लालू (40 वर्ष) पिता कन्हैया लाल, केलुखेड़ा और रिजवान (35 वर्ष) पिता सलीम खान, नीमच सिटी को बेहतर उपचार के लिए उदयपुर रेफर किया गया है। प्रशासन ने हादसे के कारणों की जांच के निर्देश दिए हैं और फैक्ट्री में सुरक्षा मानकों की समीक्षा कराने की बात कही है।

## एल्डरमेन बनने की बाट जो रहे कई नेता

**जावरा ।** प्रदेश में भाजपा की सरकार बने 2 वर्ष बीत गए और नगर निकाय चुनाव हुए 3 वर्ष होने आ गए। लेकिन अभी तक नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतो में एल्डर मेन की नियुक्ति नहीं हुई ।स्थानीय स्तर पर जोड़े रखना एवं जन समस्याओं से रूबरू होने के इंतजार में भाजपा कार्यकर्ता टकटकी लगाए बैठा है । प्रदेश सरकार एवं पार्टी द्वारा एल्डरमेनों की नियुक्ति अभी तक नहीं हुई। समय-समय पर यह संकेत अवश्य दिए जाते रहे की एल्डरमैन नियुक्त होने जा रहे परंतु लगता है भाजपा में तालमेल के अभाव में एल्डरमेनों की नियुक्ति नहीं हो पा रही । इसी प्रकार प्रदेश स्तर पर निगम मंडल अध्यक्ष भी अभी तक नहीं घोषित हो सके। पूर्व में अंत्योदय समिति जिला एवं तहसील स्तर पर बनाई गई थी लेकिन वह भी अभी तक नहीं बन पाई। हालांकि भाजपा ने जिला विकास समिति के नाम से जिला स्तर पर समितियां का गठन जरूर किया है। वैसे नगर पालिका परिषद में सांसद एवं विधायक ने अपने प्रतिनिधि जरूर बनाएं ।नगर के कई भाजपा कार्यकर्ता एल्डरमैन बनने का सपना संजोए बैठे हैं। परिषद का 3 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो चुका। देखना है शासन कब एल्डरमेनों के नाम तय करती है।

## मास्टर प्लान 2041 के संबंध में ग्रामीण क्षेत्रों की आपत्तियों पर दिनभर चली सुनवाई



### आज और कल भी जारी रहेगी सुनवाई प्रक्रिया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

मास्टर प्लान 2041 के संबंध में प्राप्त आपत्तियों पर कलेक्टर कार्यालय सभागार में सुनवाई का प्रथम दिवस सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पहले दिन ग्रामीण क्षेत्र से संबंधित सभी आपत्तियों की गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ एक-एक कर सुनवाई की गई। सुनवाई में सांसद सुधीर गुप्ता, कलेक्टर अदिती गर्ग, टाउन एंड कंट्री प्लान के संयुक्त संचालक, उप संचालक सहित मास्टर प्लान समिति के सदस्य उपस्थित रहे। प्रत्येक आपत्तिकर्ता को अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर दिया गया और सभी आपत्तियों को गंभीरता से सुना गया। सुनवाई प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने हेतु प्रत्येक आवेदक की सुनवाई की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई। इस दौरान गुराडिया देदा, नालछा, मुल्तानपुर, किटीयानी, भूनियाखेड़ी, बोलखेड़ा, अरण्ना भट्टी, खिलजीपुरा, चांगली, जग्गा खेड़ी, टिगरिया, दाऊद खेड़ी, दौलतपुरा, बहादरी, बावड़ीकला, बोहरा खेड़ी, लाल घाटी, हैदरवास, छाजू खेड़ा, जग्गाखेड़ी, टोडी सहित अन्य ग्रामों से प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई की गई। मास्टर प्लान को अधिक व्यावहारिक, जनहितैषी एवं विकासो न्मुख बनाने के उद्देश्य से सभी आपत्तियों पर नियमानुसार विचार किया जा रहा है। मास्टर प्लान 2041 पर आपत्तियों की सुनवाई 23 एवं 24 दिसंबर को भी जारी रहेगी।

## जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक सम्पन्न

**नीमच।** जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद जिला नीमच की कार्यकारिणी समिति की बैठक सोमवार को जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में डी.ए.टी.सी.सी. के प्रभारी प्रलय कुमार उपाध्याय ने जिले के पर्यटन संबंधी गतिविधियो की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में जिले में स्थित राज्य संरक्षित स्मारकों के सर्वांगिण विकास एवं अनुरक्षण कार्य सम्पादन हेतु डी.पी.आर. तैयार कराने एवं अन्य पर्यटन स्थल को विकसित करने पर भी चर्चा की गई।

## महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस पर प्रतियोगिता व व्याख्यान का हुआ आयोजन



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की 138 वी जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गणित दिवस पर प्रतियोगिताओं और विशेष व्याख्यान का आयोजन किया ।

इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. ज्योति स्वरूप दुबे ने कहा कि भारत का गणितीय इतिहास अत्यंत समृद्ध रहा है और आज की पीढ़ी को उसे आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ने की आवश्यकता है । गणित विभागाध्यक्ष डॉ तुषारकांत झाला ने कहा कि गणित केवल एक विषय नहीं, बल्कि तार्किक सोच विकसित करने का माध्यम है। मुख्य वक्ता डॉ. जीपीएस राठौर द्वारा छात्रों से आव्हान किया कि वह गणित को अंक पद्धति तक सीमित न रखें और अपने दैनिक जीवन में गणित की तार्किक क्षमता का उपयोग करें। वक्ता डॉ ओमप्रकाश सिखवाल ने छात्रों को प्राचीन भारत में गणित के विशेष सूत्रों एवं उनके व्यवहारिक उपयोग के बारे में बताया। सूत्रधार डॉ यशवंत पंवार ने अपने व्याख्यान में भारतीय ज्ञान परंपरा में गणित को सर्वोच्च स्थान एवं समस्त विषयों की जननी के रूप में रेखांकित किया। डॉ दीपक कुमार ने पीपीटी के माध्यम से विभाग का परिचय दिया।

गणित दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा ज्गणित की आधुनिक युग में प्रासंगिकता विषय पर पोस्टर निर्माण और प्रदर्शन गया । विभागाध्यक्ष द्वारा सभी वक्ताओं और महाविद्यालय के प्राचार्य को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । संचालन डॉ दीपक कुमार ने किया व आभार डॉ. डालेन्द्र कुमार भट्ट ने माना।

## बाबा रामदेव ने किया उमेश शर्मा का सम्मान, जावरा आने का दिया निमंत्रण



**जावरा।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में योग ऋषि स्वामी रामदेव बाबा के सानिध्य में 19 से 22 दिसंबर तक 4 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। इसमें नगर के योग प्रशिक्षक उमेश शर्मा भी शामिल हुए। योग और सोशल मीडिया पर किए जा रहे कार्यो के लिए इन्हें सन्मानित किया। पतंजलि युवा भारत संगठन के राज्य प्रभारी प्रेम चौधरी रतलाम ने बताया हरिद्वार में आयोजित विशेष योग प्रशिक्षण शिविर में रतलाम जिला पदाधिकारियों के साथ शर्मा ने भी प्रशिक्षण प्राप्त किया। चार दिनों तक एडवांस योग ट्रेनिंग, संगठन विस्तार, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, यज्ञ विधान और भारतीय शिक्षा बोर्ड की गतिविधियों को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। शर्मा ने बताया उन्होंने स्वामी रामदेव महाराज को जावरा आगमन के लिए निमंत्रण दिया। आगामी समय में भारतीय शिक्षा बोर्ड के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में बड़े कार्य होना हैं। कोई भी स्कूल इस बोर्ड से मान्यता प्राप्त कर स्कूल संचालित कर सकता हैं। शर्मा के साथ रतलाम जिला टीम के डॉ उत्तम शर्मा, राकेश सोनी, कमलेश पाटीदार, डॉ हर्षित राठौड़, महेंद्र सोनी भी प्रशिक्षण में शामिल हुए।

## स्कार्पियों गाड़ी से 308 किलो ग्राम डोड़ाचूरा जप्त, आरोपी फरार



**मन्दसौर।** जिले के सीतामऊ थाना पुलिस ने बिना नम्बर के महिन्द्रा स्कार्पियो गाड़ी से 14 प्लास्टिक के कट्टो मे भरा कुल 308 किलोग्राम डोड़ाचूरा जप्त किया है। जप्त डोड़ाचूरा की कीमत 6 लाख 16 रुपये बताई है। प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना पर चायखेडी फंटे के पास विश्निया सुवासरा रोड पर नाकाबंदी कर काले रंग के बिना नम्बर के महिन्द्रा स्कार्पियो गाड़ी को रोका। चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकला। पुलिस द्वारा गाड़ी की तलाशी लेने पर उसमें रखे 14 प्लास्टिक के कट्टो में भरा कुल 308 किलोग्राम डोडाचूरा जप्त किया। गाड़ी में तीन नंबर प्लेट जीजे 27 ईई 0439, 24 बीएच 9489ए, एमएच 12 यूएस 4285 को भी जप्त किया जाकर थाने पर धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## नीमच में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ 23 दिसंबर को होगा

**नीमच।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की खेलों को प्रोत्साहित करने की मंशा के अनुरूप नीमच में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव का शुभारंभ 23 दिसंबर को होगा। कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह 9 बजे हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर से रैली का शुभारंभ किया जाएगा, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दशहरा मैदान पहुँचेगी, जहाँ खेल महोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया जाएगा।इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक दिलीप परिहार, जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जन सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती,वंदना खंडेलवाल नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चोपड़ा, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शारदा धनगर, भाजपा जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षगण उपस्थित रहेंगे।

# सेवा, समर्पण और संकल्प की मिसाल बना लायंस क्लब

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



लायंस क्लब की पारिवारिक सभा के साथ रीजन चेयरपर्सन संतोष मेडतवाल एवं झोन चेयरपर्सन शैलेन्द्र पांडे की आधिकारिक यात्रा शनिवार को लायंस हॉल परिसर में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुई। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ।

अतिथियों का स्वागत लायंस क्लब अध्यक्ष एमजेएफ यश जैन एडवोकेट, सचिव अशोक चोपड़ा, कोषाध्यक्ष राकेश पी. कोचट्टा, प्रशासनिक समिति सदस्य कमल जैन, सुजानमल कोचट्टा, डॉ. एच.एस. राठौर एवं गोपाल सेठिया द्वारा किया गया।

अध्यक्ष जैन ने कहा कि शपथ ग्रहण के पश्चात विगत छह माह में क्लब द्वारा अनेक सेवा कार्य किए गए हैं। आने वाले समय में लायंस नेत्र चिकित्सालय परिसर में ऑडिटोरियम के रूप में एक बड़ी सौगात के साथ चिकित्सालय को और अधिक अत्याधुनिक व्यवस्थाओं से सुसज्जित किया जाएगा।, जिससे ज्ञानवर्धक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। सचिव चोपड़ा ने सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । सेवा सप्ताह में सात दिवसीय विविध सेवा गतिविधियां तथा नगरवासियों को कम खर्च में सभी प्रकार की जांच उपलब्ध कराने हेतु डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ किया गया। डॉ. सुरेश मेहता नै बताया कि वर्तमान सत्र में अब तक 41,807 ओपीडी तथा 3,423 ऑपरेशन सफलतापूर्वक सम्पन्न किए जा चुके हैं । यह सेवा निरंतर जारी है।

झोन चेयरमैन डॉ. शैलेन्द्र पांडे ने कहा कि वे स्वयं को अतिथि से पहले क्लब का सदस्य मानते हैं और लायंस क्लब द्वारा किए गए सेवा प्रकल्प वास्तव में समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने में सफल रहे हैं।

रीजन चेयरमैन मेडतवाल ने लायंस नेत्र चिकित्सालय के माध्यम से रिकॉर्डतोड़ नेत्र परीक्षण एवं ऑपरेशनों की सराहना करते हुए कहा कि अल्प समय में यह उपलब्धियां क्लब की सक्रियता व सेवा भावना का प्रमाण हैं।

समारोह में सेवा गतिविधियों को प्रधानता देते हुए जयेश चोरड़िया के सौजन्य से अतिथियों के हाथों नौ गौशालाओं को म्यूजिक सिस्टम भेंट किए गए, ताकि गौ माताओं को वैदिक मंत्रों का श्रवण लाभ मिल सके। वहीं क्लब सचिव द्वारा 101 कंबल जरूरतमंदों के वितरण हेतु प्रदान किए गए। दोनों दानदाताओं का सम्मान किया गया। इसके अतिरिक्त, संस्था सदस्य व पूर्वाध्यक्ष पवन मोदी का मिशन 1.5 के अंतर्गत 200 से अधिक सदस्यता वृद्धि पर अहमदाबाद में आयोजित मल्टीपल समारोह में गौरव अवॉर्ड प्राप्त होने पर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार मारवाड़ी ने किया आभार पंकज कांठेड़ ने माना।



## विश्व ध्यान दिवस पर सुसनेर थाने में पुलिस हार्टफूलनेस प्रोग्राम आयोजित

**सुसनेर।** विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर थाना परिसर में पुलिस विभाग द्वारा हार्टफूलनेस मेडिटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस जवानों के मानसिक स्वास्थ्य, एकाग्रता एवं कार्यकुशलता को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर एसडीओपी देवनारायण यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ थाना प्रभारी केशर राजपूत सहित थाना स्टाफ एवं पुलिस जवानों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान ध्यान, प्राणायाम एवं मानसिक संतुलन से जुड़े अभ्यास कराए गए, जिससे तनावमुक्त होकर सकारात्मक सोच विकसित करने पर जोर दिया गया। एसडीओपी देवनारायण यादव ने कहा कि पुलिसकर्मियों का कार्य अत्यंत तनावपूर्ण होता है ऐसे में ध्यान एवं योग जैसी गतिविधियाँ मानसिक शांति और बेहतर निर्णय क्षमता विकसित करने में सहायक होती हैं। उन्होंने नियमित रूप से ध्यान करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस जवानों ने भी ध्यान सत्र को उपयोगी बताते हुए इसे नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की। अंत में सभी प्रतिभागियों ने विश्व ध्यान दिवस के महत्व को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## ब्यावरा में निकली स्वदेशी अपनाओ यात्रा, स्थानीय उत्पादों के उपयोग का दिया संदेश



**ब्यावरा।** ब्यावरा नगर में कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में ह्लस्वदेशी अपनाओ यात्राह्व निकाली गई। यह यात्रा प्रदेशभर में आयोजित की जा रही है, जिसके क्रम में आज ब्यावरा नगर में इसका आगमन हुआ। यात्रा का स्वागत मध्यप्रदेश शासन के राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर के व्यापारी बंधु, स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मंत्री सहित सभी उपस्थितजनों ने स्वदेशी जागरण रथ के साथ ब्यावरा के मुख्य बाजारों में भ्रमण कर आमजन को स्वदेशी उत्पाद अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा इसके लाभों की जानकारी दी। यात्रा शहर के विभिन्न बाजारों से होती हुई पीपल चौराहे पर संपन्न हुई। समापन अवसर पर मंत्री नारायण सिंह पंवार ने अपने संबोधन में कहा कि देश में निर्मित उत्पादों का उपयोग करने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है और रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत में अपना माल बेचकर धन विदेशों में ले जाती हैं, इसलिए प्रत्येक नागरिक को भारत में बने उत्पादों का ही उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर कैट के जिला अध्यक्ष रमेश जैन एवं प्रदेश महामंत्री संपत मोदानी ने यात्रा के सफल आयोजन हेतु सभी व्यापारी बंधुओं का आभार व्यक्त किया तथा मंत्री का यात्रा में शामिल होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान अत्यंत आवश्यक

## जल संरक्षण आने वाली पीढ़ी को संरक्षण देना जैसा कार्य करेगा



**तराना।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ब्लॉक समन्वयक संदीप मालवीय नवांकुर संस्था मोहिनी सेवा समिति/ देशोत्थान शिक्षा समिति तराना द्वारा समिति ने बनाया 15 बोरियों का बंधान।मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के माध्यम से जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत 15 बोरी का बंधान बनाया गया।इस अवसर पर जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक संदीप मालवीय ने कहा कि जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान से कूप आदि रिचार्ज होते हे। बोर रिचार्ज पशुओं पंक्षियो के लिए पीने का पानी उपलब्ध होता है एवं खेतों के लिए भी यह उपयोगी है इस प्रकार के कार्य से ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति महत्व की भावना का जागृत होती है।मोहिनी सेवा समिति कि अध्यक्ष मंजु जैन ने कहा कि ह्लगांव का विकास जल संरक्षण से ही संभव है। देशोत्थान शिक्षा समिति सचिव सत्यनारायण शर्मा ने कहा की यह बोरी बंधान जल संरक्षण हेतु लोगो मे प्रेरणा बनेगा तथा आने वाले समय में गांव के लिए बड़ा सहायक सिद्ध होगा।राजाराम मालवीय, बंटी मालवीय, प्रताप भाटी , शरद शर्मा, जयप्रकाश रावल, गणेश चंद्रवंशी, आदीत्य शर्मा, प्रज्वल शर्मा गीरीश शर्मा, प्रमीला शर्मा तथा सभी लोगो ने सक्रिय भागीदारी दी।

## दिव्यागजनों एवं वृद्धजनों हेतु उपकरण चयन शिविर का आयोजन 22 दिसम्बर से

**ब्यावरा।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग राजगढ़ द्वारा एलिम्को उज्जैन के सहयोग से एडिप एवं वयोश्री योजनांतर्गत दिव्यागजनों एवं वृद्धजनों हेतु उपकरण चयन शिविर का आयोजन जिले की समस्त विकासखंडों में किया जा रहा है। जिसमें जनपद पंचायतवार आयोजन किए जाएगे। साथ ही 22 दिसम्बर, 2025 को जनपद पंचायत खिलचीपुर में, 23 दिसम्बर को जनपद पंचायत ब्यावरा में, 24 दिसम्बर को जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ में, 26 दिसम्बर को जनपद पंचायत राजगढ़ में, 27 दिसम्बर को जनपद पंचायत जीरापुर में तथा 29 दिसम्बर, 2025 को जनपद पंचायत सारंगपुर में आयोजन किया जाएगा।

### शहर काजी की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय, 1 जनवरी 2026 से लागू होगा नियम

# मुस्लिम समाज का बड़ा फैसला, शादियों में डीजे, बैंड और ढोल-बाजे पर लगाया प्रतिबंध

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शहर के मुस्लिम समाज ने सामाजिक सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए विवाह समारोहों में होने वाली फिजूलखर्ची और शोर-शराबे पर लगाम लगाने का निर्णय लिया है। रविवार दोपहर 2 बजे ईदगाह परिसर में शहर काजी के नेतृत्व में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि अब मुस्लिम समाज की शादियों में डीजे, बैंड और ढोल-बाजे का उपयोग नहीं किया जाएगा।

### फिजूलखर्ची रोकने और सादगी पर जोर

बैठक के निर्णयों की जानकारी देते हुए नायब काजी रहमतउल्ला ने बताया



कि आधुनिक दौर में शादियों में बढ़ता दिखावा और फिजूलखर्ची चिंता का विषय है। समाजहित में यह तय किया गया है कि निकाह जैसे पवित्र संस्कार को शरीयत के अनुसार सादगीपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाए। डीजे और बैंड-बाजों पर प्रतिबंध लगाने से न केवल आर्थिक बोझ कम होगा, बल्कि धार्मिक मयार्दाओं का पालन भी सुनिश्चित हो सकेगा।

### नया नियम 1 जनवरी से होगा प्रभावी

नायब काजी ने स्पष्ट किया कि यह प्रतिबंध 1 जनवरी 2026 से पूरे शहर में प्रभावी रूप से लागू कर दिया जाएगा। समाज के सभी वर्गों और परिवारों से अपील की गई है कि वे इस निर्णय का सम्मान करें और इसे स्वेच्छा से अपनाएं। बैठक में मौजूद समाज के प्रबुद्धजनों ने विश्वास जताया कि इस फैसले से सामाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगेगा। इस अवसर पर शहर की विभिन्न मस्जिदों के इमाम, हाफिज-आलिम, विभिन्न मुस्लिम सामाजिक समितियों के सदर, समाज के वरिष्ठजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने एक सुर में इस पहल का समर्थन करते हुए इसे सफलतापूर्वक लागू करने का संकल्प लिया।

### देवास में नगर निगम ने हटाई अस्थाई दुकानें

# कार्रवाई के दौरान युवती ने कर्म-चारियों से की बहस, सामान जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में रविवार शाम नगर निगम कर्मचारियों ने एबी रोड किनारे से अस्थाई दुकानें हटा दीं। इस दौरान दुकानदारों का सामान भी जब्त किया गया। निगम अमले ने दुकान संचालकों को दोबारा यहां दुकान न लगाने की हिदायत दी। कार्रवाई के दौरान एक दुकान संचालक की बेटी ने निगम कर्मचारियों से बहस की। युवती ने कहा, अगर यहां दुकान नहीं लगाएंगे तो कहां लगाएंगे? क्या तुम हमारे घर के लिए किराना भर कर दे दोगे?

### होता है यातायात बाधित

नगर निगम के प्रतीक शर्मा ने बताया कि एबी रोड पर अस्थाई अतिक्रमण से यातायात बाधित होता



है। इन दुकानदारों को पिछले एक साल से सड़क पर दुकान न लगाने के लिए समझाया जा रहा था, क्योंकि इससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। शर्मा ने आगे बताया कि आयुक्त के निदेर्शानुसार यह कार्रवाई की गई है। जब्त किए गए सामान के नियमानुसार चालान बनाए जाएंगे और बाद में सामान लौटा दिया जाएगा। साथ ही, दुकानदारों को यह समझाइश भी दी जाएगी कि वे एबी रोड पर दोबारा दुकान न लगाएं ताकि यातायात प्रभावित न हो।

वहीं, एबी रोड पर अस्थाई दुकानें लगाने वाले लोगों की मांग है कि उन्हें रोजगार चलाने के लिए किसी निर्धारित और उपयुक्त स्थान पर दुकान संचालन की अनुमति दी जाए।

## पत्रकारिता, समाज सेवा गौरव सम्मान से सम्मानित हुए चित्रांश राजकुमार

**ब्यावरा।** कायस्थ समाज मे श्रेष्ठ,उत्कृष्ट कार्य कर रहे प्रतिभाओ को कायस्थ बंधु समिति की ओर से सम्मानित किया जा रहा है।समाज सेवा,पत्रिकारिता करने वालो के सम्मान को लेकर समिति घर घर.जाकर चित्रगुप्त सम्मान दे रही है। इसी उद्देश्य को लेकर पटेल नगर निवासी चित्रांश राजकुमार श्रीवास्तव के सम्मान मे कार्यक्रम रखा गया है। कायस्थ बंधु समिति के अध्यक्ष गिरीश श्रीवास्तव ने आपको विगत आठ साल से निष्पक्ष पत्रकारिता कर रहे चित्रांश राजकुमार श्रीवास्तव को पीला गमछा पहनाकर सम्मान मे प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह प्रदान कर भगवान श्रीचित्रगुप्तजी की तस्वीर भेट की है। राजकुमार श्रीवास्तव वर्तमान मे साप्ताहिक अखबार का नियमित रूप से सफल संपादन, प्रकाशन करने के साथ साथ सामाजिक संस्था सेवा भारती जिला भोजपुर के अध्यक्ष के दायित्वो का निर्वहन कर निस्वार्थ सेवा कर रहे है।समिति के गिरीश.श्रीवास्तव ने बताया कि कायस्थ बंधु समिति भोपाल विगत लम्बे समय से कायस्थ समाज के पत्रकार,समाज सेवी लोगो के लिए चित्रगुप्त सम्मान कार्यक्रम लगातार आयोजित कर रही है।



## अधिक दाम पर यूरिया एवं टैगिंग करने वाले विक्रेता के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज

**ब्यावरा।** कृषको से प्राप्त शिकायत के आधार पर पवन कृषि सेवा केंद्र खुजनेर में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं उपसंचालक कृषि सचिन जैन के मार्गदर्शन में कृषि विभाग के सहायक संचालक कृषि पी.एस. बारेला एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विशाल भालसे द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई। जिसमें यूरिया का निर्धारित मूल्य 266.50 रुपए से अधिक दर पर बेचना एवं यूरिया उर्वरक के साथ अन्य गैर अनुदानित उर्वरकों के टेकिंग का मामला सही पाया गया। कृषको द्वारा बताया गया की विक्रेता द्वारा किसी भी सामग्री का देयक नहीं दिया जा रहा है। कृषक धर्मेन्द्र यादव निवासी खुजनेर को यूरिया के 2 बेग 1 हजार रुपए मे दिए गए एवं पोश मशीन मे एंट्री भी नहीं की गई। प्राप्त शिकायतो का मौके पर पंचनामा बनाकर कृषको से कथन लिए गए एवं शेष बचे उर्वरक के भण्डारण को सील कर अग्रिम कार्यवाही हेतु कलेक्टर डॉ. मिश्रा के समक्ष पेश किया गया।

### शाजापुर पुलिस की नई पहल, हार्टफुलनेस ध्यान से तनाव मुक्त होंगे पुलिसकर्मी

# विश्व ध्यान दिवस पर पुलिस लाइन में कार्यशाला आयोजित जिले के थानों में शुरू होगा साप्ताहिक ध्यान कार्यक्रम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

पुलिस कर्मियों की कार्यकुशलता बढ़ाने और उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से रविवार को विश्व ध्यान दिवस पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। पुलिस मुख्यालय के निदेर्शानुसार, परेड ग्राउंड स्थित पुलिस लाइन परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को हार्टफुलनेस पद्धति के माध्यम से तनाव प्रबंधन के गुर सिखाए गए। पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह राजपूत के मार्गदर्शन में आयोजित हुए कार्यक्रम की खास बात यह रही कि अब यह केवल एक दिन का आयोजन न रहकर जिले के समस्त पुलिस थानों में साप्ताहिक ध्यान कार्यक्रम के रूप में निरंतर जारी रहेगा। इसका उद्देश्य पुलिस बल के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना है, ताकि वे सेवा कार्य को और अधिक सक्षमता से कर सकें।

### बढ़ेगी एकाग्रता और सकारात्मकता

हार्टफुलनेस संस्था की प्रशिक्षक




रजनी ने मौजूद पुलिस बल को रिलैक्सेशन और प्रार्थना का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि निरंतर ध्यान करने से मानसिक तनाव में कमी आती है और एकाग्रता बढ़ती है। कार्यस्थल पर चुनौतीपूर्ण स्थितियों के बीच सकारात्मक सोच और मानसिक संतुलन बनाए रखने में यह पद्धति अत्यंत प्रभावी है। कार्यशाला में साझा किया गया कि एक तनावमुक्त पुलिसकर्मी न केवल अपने कर्तव्यों का बेहतर निर्वहन करता है, बल्कि आम नागरिकों के साथ भी उसका व्यवहार अधिक संवेदनशील, सहयोगात्मक और सकारात्मक होता है। मानसिक रूप से सशक्त बल ही समाज में बेहतर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कर सकता है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षकयशपाल सिंह राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय, रक्षित निरीक्षक वंदना सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं और आमजन उपस्थित रहे।

### भाजपा का बमौरी विधानसभा स्तरीय सम्मेलन आयोजित

# अटलजी की जन्म शताब्दी एवं वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम होंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना

प्रदेश की डॉ मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के सेवा और विकास के दो वर्ष प्रदेश के हर नागरिक के विकास और प्रगति का नया आयाम है और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से प्रदेश के हर वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। ये बात सम्मेलन के भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने बमौरी में आयोजित विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कही। शासन की हर योजनाओं की जानकारी अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचे व लाभ मिले। इसकी जिम्मेदारी हमे उठानी होगी। हमे आम लोगो को पार्टी से जोड़कर संगठन को मजबूत बनाना है।




बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला जिला महामंत्री संतोष धाकड़ ने कहा कि 25 दिसंबर को भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती को पूरे देश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। अटलजी की जन्म शताब्दी के अवसर पर भाजपा द्वारा विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मशताब्दी वर्ष के अंतर्गत पखवाड़ा सप्ताह मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति में गुना जिले के प्रत्येक मंडलों में महापुरूषों की प्रतिमा की साफ सफाई कर दीप प्रज्जवलन किया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि सम्मेलन में लोकसभा के शीतकालीन सत्र में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा चुनाव सुधार पर दिए गए ओजस्वी भाषण का प्रसारण भी कार्यकताओं ने देखा। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विपिन खुजनेरी, सांसद प्रतिनिधि सुमेर सिंह गढ़ा, कल सिंह पटेलिया, जिला उपाध्यक्ष गिरिराज भार्गव, जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव, जिला मंत्री वीर बहादुर यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुश्री गायत्री भील, जिला पंचायत सदस्य दामोदर भार्गव, मंडल अध्यक्ष राजू धाकड़, बलराम यादव, अर्जुन परमार, दीपक मीना, शुभम् रघुवंशी, मोहन बारेला आदि मंचासीन थे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष सुशील दहिफले द्वारा एवं आभार रवि गुर्जर द्वारा व्यक्त किया गया। फोटो 02



## महिदपुर में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित हुआ

**महिदपुर।** महिदपुर पंजाबी महिला विकास समिति अध्यक्ष श्रीमती लवलीन कालरा एवं सचिव श्रीमती ऊषा खंडूजा के निर्देशन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन गोपाल गौशाला परिसर में हुआ । इस शिविर में उज्जैन के प्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा निशुल्क अनेक मरीजों का परीक्षण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती देवी एवं भगवान धन्वंतरि को दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर पंकज वर्मा, डॉक्टर दीपक फूलवानी, डॉक्टर रोशनी फूलवानी, डॉक्टर पंकज वर्मा, डॉक्टर यशवीरसिंह, डॉक्टर दीपांशु त्रिवेदी, डॉक्टर लोकेश रघुवंशी, डॉक्टर पंकज टांक, डॉक्टर रीना दुबे एवं डॉक्टर खालिद पटेल द्वारा कई मरीजों का परीक्षण किया गया एवं उन्हें उपचार प्रदान किया गया । सचिव श्रीमती ऊषा खंडूजा द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि शिविर में लगभग 250 मरीजों का परीक्षण हुआ जिसमें बी पी और शुगर की जांच निशुल्क की गई।

## छात्रों ने किया कृषि विभाग का शैक्षणिक भ्रमण




**सुसनेर** मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने ब्लॉक समन्वयक सत्यनारायण सोनी के नेतृत्व में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों को कृषि विभाग की कार्यप्रणाली एवं शासन की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। भ्रमण के अवसर पर कृषि विभाग से रामबाबू मालवीय, अशोक उईके एवं कृषि विस्तार अधिकारी राकेश चौहान ने विद्यार्थियों को स्किल डेवलपमेंट, सॉइल हेल्थ कार्ड, वैल्यू एडिशन तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की। अधिकारियों ने आधुनिक कृषि तकनीकों, मिट्टी परीक्षण की उपयोगिता एवं किसानों की आय वृद्धि से जुड़े विषयों पर भी मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में परामर्शदाता प्रांशी पांडे, शुभम जैन, अमन सोनी, शालू यादव, हर्षिता राठौर, कुमकुम सोनी, मनीषा प्रजापत, निधि पांडे, दीपाली उपाध्याय, यशिका जैन, ज्योति माली, अर्पिता शर्मा, वर्षा विश्वकर्मा सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ को नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे से दूर रहने एवं समाज को जागरूक करने की शपथ दिलाई गई।

## अनुषांगिक संगठन समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल सक्षम की बैठक सम्पन्न



**ब्यावरा।** दिव्यांगजनों के हितार्थ कार्यरत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल सक्षम जिला राजगढ़ की जिला बैठक गायत्री मंदिर ब्यावरा में आयोजित की गई जिसमें जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने सर्व सहमति से जिले का दायित्व दिया है जिसमें जिलाध्यक्ष ओ पी सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष नितेश गुप्ता खिलचीपुर, जिला उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल ब्यावरा, जिला उपाध्यक्ष मोहन चंद्रवंशी कुरावर, जिला सचिव ओ पी बैरागी, जिला कोषाध्यक्ष सुनील वैष्णव, जिला संगठन प्रमुख राजेश विश्वकर्मा, जिला प्रचार मंत्री राजेश वर्मा करेड़ी, जिला सहसचिव हनुमान जोशी जीरापुर, जिला सहसचिव जगदीश वर्मा अरनिया, जिला कार्यकारी सदस्य विशाल गुप्ता जीरापुर, रामकृष्ण गुप्ता, महेश चंद्र शाक्य, घनश्याम चंद्रवंशी जमुनिया गणेश, संदीप पवांर, राहुल दांगी मीटिंग में उपस्थित सभी सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए दिव्यांगजनों के लिए सतत रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। सभी सदस्य एवं पदाधिकारी मिलकर राजगढ़ जिले के दिव्यांगजनों की हर संभव मदद करेंगे और शासन की ओर से दिव्यांगजनों के लिए जितनी भी योजनाए संचालित की जा रही है उन सभी योजनाओं को जरूरतमंद दिव्यांगों तक पहुंचाया जाएंगे।

## ट्राली के पीछे रेडियम लगाया

ब्यावरा। राजगढ़ पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची से निवेदन किया कि आप सभी जनप्रतिनिधियों से किसानो की ट्रॉली पर रेडियम लगाने को कहेंगे और जागरूक करेंगे तो किसान प्रेरणा लेकर स्वयं लगाएंगे तब अध्यक्ष ने यह जिम्मेदारी युवक को सौपी थी, उस विषय को लेकर ब्यावरा मण्डी प्रांगण मे जिला कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची के निर्देश अनुसार सभी किसान भाइयों की ट्राली के पीछे रेडियम लगाया जिससे रात मे ट्रॉली से होने वाले को सड़क हादसे की संभावना कम हो जाए इस अवसर पर जिला सचिव अर्पित शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शिव डांगी, ब्यावरा ब्लॉक उपाध्यक्ष सोहेल मंसूरी, योगेश शर्मा एवं युवक कांग्रेस कार्यकर्ता और सभी किसान साथी उपस्थित रहे।

डायबिटीज दुनियाभर में अंधेपन के मुख्य कारणों में से एक है। आंखों में इसका असर अक्सर दूसरे किसी भी दिखने वाले लक्षणों से पहले दिखाई देते हैं। डायबिटीज के कारण आंखों में होने वाली समस्या को डायबिटिक रेटिनोपैथी कहा जाता है।

## आंखें बताती हैं कहीं आपको शुगर की बीमारी तो नहीं?

### ये लक्षण दिखें तो तुरंत हो जाएं सावधान

डायबिटीज दुनियाभर में तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या है। भारत में तो इस रोग की वृद्धि इतनी है कि इसे 'डायबिटीज कैपिटल' तक कहा जाने लगा है। द लैंसेट में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार आईसीएमआर-इंडियाबी के अध्ययन में पाया गया कि साल 2023 में देश में 10 करोड़ से अधिक लोग डायबिटीज का शिकार थे, वहीं 13 करोड़ से अधिक लोगों को प्रीडायबिटिज की समस्या थी, जो भविष्य में इस रोग की चपेट में आ सकते थे।

देश में डायबिटीज की दर लगभग 11.4% बताई गई, जिसमें शहरों और गांवों के बीच बड़ा अंतर है। अब ग्रामीण इलाकों में भी मामले बढ़ रहे हैं, जिसके लिए रोकथाम और कंट्रोल के लिए तुरंत कदम उठाए जाने की जरूरत है।

गलत खानपान, शारीरिक गतिविधि की कमी, बढ़ता तनाव और बदलती जीवनशैली के कारण कम उम्र के लोग भी इस बीमारी का शिकार होते जा रहे हैं। शोध बताते हैं कि भारत में टाइप-2 डायबिटीज के मामले युवाओं में लगातार बढ़ रहे हैं, जो भविष्य के लिए गंभीर चेतावनी है। यदि समय रहते इसके संकेतों को पहचान लिया जाए, तो इस बीमारी को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

डॉक्टर कहते हैं, इस रोग के लक्षणों को लेकर सभी लोगों को सावधान रहना चाहिए। जिन लोगों के परिवार में पहले से किसी को ये बीमारी रही है उनमें डायिटीज का खतरा और अधिक हो सकता है।

#### डायबिटीज और इसका खतरा

डायबिटीज की बीमारी में शरीर में ब्लड शुगर का स्तर सामान्य से ज्यादा हो जाता है। यह तब होता है, जब शरीर पर्याप्त इंसुलिन नहीं बना पाता या बना हुआ इंसुलिन ठीक से काम नहीं कर पाता। इंसुलिन का काम खून में मौजूद शुगर को ऊर्जा में बदलना होता है। जब यह प्रक्रिया बाधित होती है, तो शुगर खून में ही जमा होने लगती है और धीरे-धीरे शरीर के कई अंगों को नुकसान पहुंचाती है।

इस रोग के शुरूआती संकेत अक्सर हल्के होते हैं, जिन्हें लोग नजरअंदाज कर देते हैं। बार-बार प्यास लगना और बार-बार पेशाब आना इसके सबसे आम लक्षण माने जाते हैं। इसके अलावा, बिना किसी खास कारण के वजन कम होना, हर समय थकान महसूस होना और काम में मन न लगना भी डायबिटीज की ओर इशारा कर सकता है।



#### क्या आप जानते हैं आंखें भी संकेत देती हैं कि आपको डायबिटीज हो गया है?

**डायबिटीज के कारण आंखों की समस्याः** अध्ययनकर्ता बताते हैं, डायबिटीज दुनियाभर में अंधेपन के मुख्य कारणों में से एक है। आंखों में इसका असर अक्सर दूसरे किसी भी दिखने वाले लक्षणों से पहले दिखाई देते हैं। डायबिटीज के कारण आंखों में होने वाली समस्या को डायबिटिक रेटिनोपैथी कहा जाता है। समय के साथ हाई ब्लड शुगर के कारण रेटिना में छोटी रक्त वाहिकाओं को क्षति पहुंचने लगती है। अक्सर धुंधली दिखना, फ्लोटर्स, काले धब्बे, रतौंधी और रंगों की पहचान करने में दिक्कत होना डायबिटीज का संकेत हो सकता है। हाई ब्लड शुगर के कारण रेटिना में खून की नसों को नुकसान पहुंचने लगती है, जिसके कारण फ्लूइड लीक होने (मैकुलर एडिमा) या लेंस के धुंधले होने (मोतियाबिंद) का खतरा हो सकता है। अगर आपको भी इस तरह की कोई समस्या हो रही है तो तुरंत आंखों की जांच करवानी चाहिए।

## कंधे के दर्द से परेशान हैं? कहीं ये गलतियां तो नहीं हैं आपकी समस्या का कारण

क्या आपके कंधे में भी लंबे समय से दर्द बना हुआ है? अक्सर लोग कंधे के दर्द को मामूली खिंचाव समझकर सिर्फ कसरत या गर्म सिंकाई का सहारा लेते हैं। लेकिन, चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि कंधे का दर्द केवल बाहरी चोट नहीं, बल्कि आपके शरीर की आंतरिक गड़बड़ियों का संकेत हो सकता है। यदि आप केवल सिंकाई करते हैं, तो दर्द कुछ समय के लिए दब तो जाएगा, लेकिन स्थायी रूप से ठीक नहीं होगा। कंधे के जोड़ के आसपास का कोलेजन जब सख्त होने लगता है और 'ज्वाइंट कैप्सूल' आपस में चिपक जाते हैं, तो हाथ की गति सीमित हो जाती है, जिसे मेडिकल भाषा में 'फ्रोजन शोल्डर' भी कहा जाता है।

#### डायबिटीज और थायराइड का सीधा संबंध

अनियंत्रित डायबिटीज कंधे के दर्द का एक बड़ा कारण है। हाई ब्लड शुगर की वजह से शरीर का कोलेजन सख्त हो जाता है, जिससे जोड़ों में लचीलापन खत्म होने लगता है। इसी तरह हाइपोथायरायडिज्म के मरीजों में भी कंधे की जकड़न की समस्या काफी ज्यादा देखी जाती है। यदि आपका शुगर कंट्रोल में नहीं है, तो इसे नियंत्रित करने के लिए जरूरी कदम उठाएं, वरना कंधे का दर्द हमेशा के लिए आपको परेशान कर सकता है।

#### शारीरिक गतिविधि की कमी और मानसिक तनाव

अगर आप लंबे समय तक कंधे की बिल्कुल गतिविधि नहीं करते हैं, तो जोड़ धीरे-धीरे जाम होने लगते हैं और हाथ हिलाने पर भी तेज दर्द होता है। इसके अलावा, अत्यधिक मानसिक तनाव और खराब नींद शरीर में 'कॉर्टिसोल' हार्मोन का स्तर बढ़ा देते हैं। बढ़ा हुआ कॉर्टिसोल शरीर के भीतर इन्फ्लेमेशन (सूजन) पैदा करता है, जो सीधे आपके कंधे के सॉफ्ट टिश्यूज को प्रभावित करता है और दर्द को और गंभीर बना देता है।

#### खराब गट हेल्थ और पाचन की समस्या

सुनने में यह अजीब लग सकता है, लेकिन आपकी खराब गट हेल्थ (पाचन तंत्र) भी कंधे के दर्द से जुड़ी हो सकती है। अगर आपको अक्सर ब्लोटिंग, गैस और एसिडिटी की समस्या रहती है, तो यह शरीर में सिस्टेमिक इन्फ्लेमेशन को बढ़ावा देती है। आंतों का स्वास्थ्य खराब होने से शरीर में विषाक्त पदार्थ बढ़ते हैं, जिनका असर जोड़ों के कार्टिलेज और कैप्सूल पर पड़ता है, जिससे दर्द ट्रिगर होता है।

कॉफी में कुछ ऐसे नेचुरल कंपाउंड होते हैं जिनमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो दिल की धड़कन को स्थिर करते हैं। एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों के कारण कॉफी फैटी लिवर रोग, फाइब्रोसिस में भी लाभकारी है।

## स्वाद भी सेहत भी, आपकी सबसे पसंदीदा ये चीज दिल और लिवर दोनों के लिए है वरदान



लाइफस्टाइल और खान-पान की गड़बड़ी ने हमारी सेहत को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया है। लिहाजा हृदय रोग और लिवर से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ गई हैं। सबसे चिंता की बात यह है कि अब ये समस्याएं सिर्फ बुजुर्गों तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि कम उम्र के लोग भी इनका शिकार हो रहे हैं।

अध्ययनों से पता चलता है कि हृदय रोगों के बढ़ने के पीछे हाई ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल, मोटापा और डायबिटीज जैसे कारण प्रमुख हैं। वहीं लिवर की बीमारियों के लिए शराब का अधिक सेवन, तला-भुना भोजन और प्रोसेस्ड फूड्स को बड़ा कारण माना जा रहा है। क्या आप जानते हैं कि कॉफी पीने से इन दोनों ही समस्याओं में आराम पाया जा सकता है?

लिवर-हार्ट के लिए फायदेमंद है कॉफी

अध्ययनों से पता चलता है कि सीमित मात्रा में कॉफी पीना हृदय और लिवर दोनों के लिए फायदेमंद हो सकता है। कॉफी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर में सूजन कम करने में मदद करती हैं, जिससे दिल की धमनियां स्वस्थ रहती हैं। वहीं अध्ययनों में यह भी पाया गया है कि नियमित रूप से कॉफी पीने वालों में हार्ट अटैक और स्ट्रोक का जोखिम अपेक्षाकृत कम हो सकता है।

अगर आप थकान दूर करने और खुद को रिफ्रेश करने के लिए कॉफी पीते हैं तो ये आपके दिल और लिवर को भी फायदा पहुंचाने वाली हो सकती है।

#### एट्रियल फाइब्रिलेशन रोगियों के लिए कॉफी के लाभ

जामा जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चलता कि एट्रियल फाइब्रिलेशन वाले लोगों के लिए कॉफी पीना फायदेमंद हो सकता है। यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें दिल अनियमित रूप से और या तेजी से धड़कता है।

अध्ययन में इस बात पर जोर दिया गया कि कॉफी न सिर्फ इस समस्या के शिकार लोगों के लिए लाभकारी है बल्कि भविष्य में आपको एट्रियल फाइब्रिलेशन के खतरे से भी बचाए रखने में मददगार हो सकती है। ऐसे लोगों में हार्ट अटैक का खतरा अधिक देखा जाता रहा है।

#### लिवर के लिए भी फायदेमंद है कॉफी

शोधकताओं ने बताया कि कॉफी में कुछ ऐसे नेचुरल कंपाउंड होते हैं जिनमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो दिल की धड़कन को स्थिर करते हैं। एक और थ्योरी यह है कि कॉफी एड्रेनालाईन और अन्य शारीरिक प्रतिक्रियाओं को बढ़ा सकती है जो दिल के काम को सपोर्ट करने में मदद करती है।

इसी तरह से अध्ययनों में पाया गया है कि अपने एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों के कारण कॉफी फैटी लिवर रोग, फाइब्रोसिस और यहां तक कि लिवर कैंसर के जोखिम को कम करने में भी मददगार पाई गई है।

हालांकि डॉक्टर्स का कहना है कि कॉफी बिना चीनी और दूध के पीनी चाहिए। इसके साथ मात्रा का ध्यान रखना भी जरूरी है, अधिक मात्रा में कॉफी पीना फायदे की जगह नुकसानदायक हो सकती है। एक दिन में एक-दो कप अधिकतर लोगों के लिए पर्याप्त है।

# Sport

भारत ने श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में विजयी शुरूआत की है। भारत ने पहला टी20 मैच आठ विकेट से जीता। इस मैच में जेमिमा रोड्रिग्स ने दमदार बल्लेबाजी की।

## भारत ने श्रीलंका को आठ विकेट से हराया, जेमिमा का पचासा

### हरमनप्रीत के साथ निभाई साझेदारी

**विशाखापत्तनम।** जेमिमा रोड्रिग्स के नाबाद अर्धशतक की मदद से भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को पहले टी20 मैच में आठ विकेट से हराया। भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया जिससे श्रीलंका की टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 121 रन ही बना सकी। जवाब में भारत ने जेमिमा के दमदार प्रदर्शन से 14.4 ओवर में दो विकेट पर 122 रन बनाकर मैच जीत लिया। भारत ने इस तरह पांच मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

#### पहली बार भारत ने दूसरे और तीसरे विकेट के लिए की 50+ रनों की साझेदारी

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने शेफाली वर्मा का विकेट जल्द गंवा दिया था, लेकिन जेमिमा ने पहले मंधाना के साथ 50+ रनों की साझेदारी की और फिर कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ तीसरे विकेट के लिए 55 रनों की अविजित साझेदारी की। यह पहली बार है जब भारत ने टी20 में दूसरे और तीसरे विकेट के लिए 50+ रनों की साझेदारी की है। जेमिमा 44 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से नाबाद 69 और हरमनप्रीत 16 गेंदों पर 15 रन बनाकर नाबाद रहीं। श्रीलंका की ओर से काव्या काविंदी और इनोका रानावीरा को एक-एक विकेट मिला।

#### जेमिमा का पचासा

भारत के लिए जेमिमा रोड्रिग्स ने 34 गेंदों पर अर्धशतक पूरा कर लिया। जेमिमा महिला विश्व कप में भी शानदार फॉर्म में थीं और उन्होंने इसे टी20 सीरीज में भी बरकरार रखा है। जेमिमा का साथ कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी बखूबी निभाया। इससे पहले, श्रीलंका के लिए कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। भारतीय खिलाड़ियों ने हालांकि, कुछ कैच छोड़े लेकिन गेंदबाजों ने श्रीलंकाई बल्लेबाजों को बड़ा स्कोर बनाने से रोका।



#### मंधाना-जेमिमा की साझेदारी

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। भारत को शेफाली वर्मा के रूप में शुरुआती झटका लगा। शेफाली नौ रन बनाकर आउट हुईं। काव्या काविंदी ने भारत को पहला झटका दिया। हालांकि, इसके बाद मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स ने शानदार साझेदारी की। मंधाना ने इस दौरान टी20 अंतरराष्ट्रीय में 4000 रन भी पूरे कर लिए। वह ऐसा करने वाली भारत की पहली और सूजी बेट्स के बाद दुनिया की दूसरी बल्लेबाज बनीं। इनोका ने हालांकि, मंधाना को आउट किया जो 25 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 25 रन बनाकर आउट हुईं। इसके साथ ही मंधाना और जेमिमा के बीच दूसरे विकेट के लिए 54 रनों की साझेदारी का अंत हुआ।

## भूटिया ने खेल आयोजनों में राजनीतिक औपचारिकताओं पर नाराजगी जताई

**कोलकाता।** भारत के पूर्व फुटबॉल कप्तान बाइचुंग भूटिया ने कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में अर्जेंटीना के स्टार बल्लेबाज लियोनेल मेसी के सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान हुई अव्यवस्था को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि खेल आयोजनों को राजनीतिक और नौकरशाही औपचारिकताओं से ज्यादा प्राथमिकता दी जानी चाहिए। भूटिया ने कहा कि प्रशंसक राजनीतिक भाषणों या औपचारिक देरी के लिए नहीं बल्कि खेल और खिलाड़ियों को देखने आते हैं।

**आयोजनों में देरी पर भूटिया ने जताई नाराजगीः** भूटिया ने कहा, मेरा मानना है कि जब कोई खेल आयोजन होता है तो खेल को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। भारत में कई बार हम देखते हैं कि खेल आयोजनों में राजनीतिक भाषणों, मुख्य अतिथि से हाथ मिलाने जैसी औपचारिकताओं के कारण देरी होती है। इसकी जरूरत नहीं है। प्रशंसक और खिलाड़ी खेल देखने आते हैं इसलिए वीआईपी का इंतजार करने के बजाय खेल शुरू होना चाहिए।

अर्जेंटीना के सुपरस्टार मेसी के हालिया जीओएटी भारत दौरे के बारे में भूटिया ने कहा, यह देखकर अच्छा लगा कि सिर्फ कोलकाता ही नहीं बल्कि अलग-अलग शहरों में भी प्रशंसक केवल खेल आयोजन देखना चाहते थे। वे सिर्फ मेसी को देखना चाहते थे और कुछ नहीं। मुझे उम्मीद है कि हम कोलकाता में हुई अव्यवस्था से सबक लेंगे और यह चलन बदलेगा।

वैष्णवी ने कहा कि टीम प्रबंधन और सीनियर खिलाड़ियों विशेष रूप से कप्तान हरमनप्रीत कौर ने उनका हौसला बनाए रखा।

## डेब्यू मैच में विकेट नहीं मिलने के बाद क्या बोलीं वेष्णवी शर्मा?



**विशाखापत्तनम।** भारत की बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा ने कहा कि महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने डेब्यू मैच में विकेट नहीं मिलने के बावजूद अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल करने से उन्हें खुशी हुई।

#### वैष्णवी ने किफायती गेंदबाजी की

इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने श्रीलंका के खिलाफ रविवार को यहां खेले गए पहले मैच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया और चार ओवर में 16 रन दिए, लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। भारत ने इस मैच में आठ विकेट से शानदार जीत हासिल की।

#### 'विकेट न मिलने से निराश नहीं हूं'

वैष्णवी ने मैच के बाद कहा, 'विकेट नहीं मिलने से मैं किसी भी तरह से निराश नहीं हूं। मुझे खुशी है कि मैं अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल करने में सफल रही। अभी चार मैच खेले जाने बाकी हैं।' उन्होंने कहा कि अपना पहला मैच खेलने से पहले वह थोड़ा नर्वस थी लेकिन राष्ट्रगान सुनने से उन्हें आत्मविश्वास हासिल करने में मदद मिली। वैष्णवी ने कहा, 'शुरू में मैं थोड़ी नर्वस थी लेकिन राष्ट्रगान के बाद सहज हो गई थी।'

#### 'हरमनप्रीत कौर ने हौसला बनाए रखा'

वैष्णवी ने कहा कि टीम प्रबंधन और सीनियर खिलाड़ियों विशेष रूप से कप्तान हरमनप्रीत कौर ने उनका हौसला बनाए रखा। उन्होंने कहा, 'हरमनप्रीत मुझसे कह रही थी कि मैंने अतीत में अच्छा प्रदर्शन किया है। जब भी हम सब मिलकर चर्चा करते हैं, तो वह हमें एक ही बात पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहती हैं कि हम आज क्या अच्छा कर सकते हैं। टीम का माहौल बहुत अच्छा है। मैं आसानी से सबके साथ घुलमिल गई।'

## गुलवीर सिंह और सीमा ने तोड़े रिकॉर्ड, जोशुआ चेप्टेगी ने दिखाया विश्वस्तरीय दम

**कोलकाता।** ठंडी सर्दी की सुबह कोलकाता में टाटा स्टील वर्ल्ड 25के ने रोमांचक नजारा पेश किया। रिकॉर्ड टूटे, चैंपियनों ने अपना दबदबा दिखाया और भारतीय लंबी दूरी की दौड़ ने एक और मजबूत छलांग लगाई। अंतरराष्ट्रीय पुरुष वर्ग में जहां युगांडा के दिग्गज जोशुआ चेप्टेगी ने अपनी बादशाहत साबित की, वहीं दिन भारत के गुलवीर सिंह और सीमा के नाम रहा, जिन्होंने अपने-अपने वर्ग में नए कोर्स रिकॉर्ड कायम किए। डबल ओलंपिक चैंपियन जोशुआ चेप्टेगी ने शुरूआत से ही रफ्तार तय की और पूरी रेस में बढ़त बनाए रखी। उन्होंने 1:11:49 के समय के साथ अपना पहला खिताब जीता। तंजानिया के अल्फॉन्स फेलिक्स सिउम्बु (1:11:56) दूसरे और लेसोथो के टेबेलो रामाकोन्गोआना (1:11:59) तीसरे स्थान पर रहे। हालांकि 2023 में बने 1:11:13 के कोर्स रिकॉर्ड को तोड़ नहीं सके, लेकिन चेप्टेगी की संयमित और प्रभावशाली दौड़ ने उनकी श्रेष्ठता फिर साबित कर दी। अंतिम चार किलोमीटर में उन्होंने रफ्तार बढ़ाकर प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ दिया।

## अब बैजबॉल से ही डरा इंग्लैंड! क्या ब्रेंडन मैकुलम को हटाने का जोखिम उठा सकता है इंग्लिश क्रिकेट बोर्ड?

**एडिलेड।** 'बैजबॉल' को टेस्ट क्रिकेट का भविष्य बताने वाली इंग्लैंड टीम अब खुद एक गहरे संकट में फंस चुकी है। ऑस्ट्रेलिया ने महज एक महीने के अंदर एशेज अपने पास बरकरार रखते हुए इंग्लैंड की पूरी सोच को कठघरे में खड़ा कर दिया। टेस्ट क्रिकेट को बचाने का दावा अब खोखले नारों जैसा लगने लगा है और बेन स्टोक्स की कप्तानी वाली टीम एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है।

इंग्लैंड अपनी आक्रामक फिलॉसफी से चिपका रहा, लेकिन निर्णायक क्षणों में टीम पूरी तरह बिखर गई। पिछले 18 महीनों के प्रदर्शन पर नजर डालें तो यह नतीजा चौंकाने वाला नहीं था। बातें बड़ी थीं, लेकिन मैदान पर उनके अनुरूप कोई ठोस अमल नहीं दिखा। नतीजतन, इंग्लैंड क्रिकेट आज दुनिया भर में मजाक का विषय बन चुका है।

पूर्व इंग्लिश क्रिकेटर और पंडितों का गुस्सा जायज है। ऐसे में ब्रेंडन मैकुलम को कोच पद से हटाने की मांग तेज हो गई है। लेकिन असली सवाल यह है कि क्या इससे हालात सच में बेहतर होंगे? सर ज्योफ्री बॉयकॉट ने पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी और पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक स्टुअर्ट जैसे नामों का सुझाव दिया है, जिनके पास अनुभव जरूर है, लेकिन कोई भी विकल्प असाधारण नहीं दिखता। जोनाथन ट्रॉट ने अफगानिस्तान के साथ अच्छा काम किया है, मगर लंबे टेस्ट चक्र की कठोर परीक्षा में वे अब भी अप्रमाणित हैं। साफ है कि इंग्लैंड के पास विकल्प सीमित हैं।



यह भी याद रखना होगा कि मैकुलम के आने से पहले इंग्लैंड की हालत क्या थी। जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड जैसी ऐतिहासिक तेज गेंदबाजी जोड़ी के बावजूद टीम दिशाहीन थी। आत्मविश्वास, स्पष्टता और साहस का अभाव साफ झलकता था। ऑस्ट्रेलिया में शर्मनाक हार के बावजूद यह भी सच है कि कुछ सत्रों में इंग्लैंड ने मुकाबला किया। बैजबॉल पूरी तरह विफल नहीं रहा, लेकिन उसकी सीमाएं बुरी तरह से उजागर हो गईं।

सबसे बड़ा दोष मैदान के बाहर की फैसलेबाजी का रहा। विदेशी परिस्थितियों में बिना अभ्यास मैच खेले उतरना, वह भी अनुभवहीन गेंदबाजों और बल्लेबाजों के साथ, हैरान करने वाला फैसला था। तैयारी को विचारधारा की बलि चढ़ा दिया गया। बैजबॉल के ओवरऑल आंकड़े (8 जीत और 11 हार) भले ठीक लगें, लेकिन जब भारत और ऑस्ट्रेलिया जैसी बड़ी टीमों के खिलाफ प्रदर्शन देखा जाए, तो इंग्लैंड ने पिछले आठ में से सात टेस्ट गंवाए हैं।

## न्यूज कॉलम

### छात्रा सुसाइड केस में आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर में 19 साल की छात्रा प्रियांशी राव सुसाइड केस में पुलिस ने नर्मदापुरम निवासी नवीन पिता नारायण गौर को भी गिरफ्तार कर लिया है। टीआई सुशील पटेल के मुताबिक सोमवार सुबह आरोपी नवीन गौर अग्रिम जमानत के लिए इंदौर आया था। कोर्ट पहुंचने से पहले उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी नवीन प्रियांशी के साथ ही मेघदूत नगर में कैफे चलाता था। 2 साल से ज्यादा समय तक वह प्रियांशी के साथ लिव-इन में रहा। उसके सुसाइड के बाद गिरफ्तारी के डर से वह होशंगाबाद रोड पर स्थित निमनपुर गांव भाग गया था। इससे पहले 20 दिसंबर को सह आरोपी भूमि को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया था। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रियांशी का सुसाइड से पहले का वीडियो भी सामने आया है। इसमें प्रियांशी रोते हुए कह रही है कि वह बहुत परेशान है। उसके साथ धोखा हुआ है। वीडियो में वह भूमि और नवीन को सजा दिलाने की बात कह रही है। साथ ही यह भी कहती है कि इन्होंने मुझे पागल कर दिया है। मैं नवीन के बिना नहीं रह पाऊंगी सॉरी। हीरा नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली सेज यूनिवर्सिटी की छात्रा प्रियांशी ने 24 नवंबर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। अब सामने आए वीडियो और मोबाइल चैट के आधार पर पुलिस ने आरोपी बनाया है।

### शादी का झांसा देकर साथ ले गया रिश्तेदार

**इंदौर।** इंदौर की लसूडिया पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर उसके रिश्तेदार के खिलाफ बंधक बनाकर रखने, मारपीट करने और धमकी देने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने उसका मोबाइल छीना और उसे कई दिनों तक बंधक बनाकर रखा। लसूडिया पुलिस के अनुसार 21 वर्षीय युवती की शिकायत पर आनंद निवासी बिचोली मर्दाना के खिलाफ कार्रवाई की गई है। युवती ने बताया कि 11 दिसंबर को वह तुलसी क्लीनिक, केलोद कांकड़ में जॉब के सिलसिले में गई थी। इस दौरान आनंद वहां आया और कहा कि वह उससे प्यार करता है और शादी करना चाहता है। इसके बाद आरोपी ने युवती को जबरन बाइक पर बैठाया और उसका मोबाइल अपने पास रख लिया। आनंद ने उसे कुछ समय तक साथ घुमाया और फिर देवास में कमरे में रखा। इसके बाद चितोडगढ़ ले जाकर शादी के लिए दबाव बनाया और मारपीट की। आरोपी ने धमकी दी कि अगर शादी नहीं हुई तो परिवार के लोगों को जान से मार देगा। पीड़िता ने राहगीर की मदद से मोबाइल वापस लिया और परिवार से संपर्क किया।

### युवक से ऑनलाइन धोखाधड़ी

**इंदौर।** इंदौर की लसूड़िया पुलिस ने एक युवक से ऑनलाइन ठगी मामले में साइबर सेल की जांच पूरी होने के बाद आईटी एक्ट और धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। युवक ने सिर्फ नेट बैंकिंग शुरू कराई थी और पांच दिन के अंतराल में उसके बैंक खाते से करीब एक लाख रुपए निकल गए। पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है। मामला अगस्त 2025 का है। स्कीम नंबर 114 निवासी योगेन्द्र जादौन ने 30 अगस्त को अपनी बैंक (बैंक ऑफ बड़ौदा) से नेट बैंकिंग शुरू कराई थी। वे कोई यूपीआई ऐप डाउनलोड करके ट्रांजेक्शन शुरू करते उसके पहले (30 अगस्त की रात) उनके खाते से पैसे निकल गए। जादौन ने 1930 नंबर पर शिकायत दर्ज कराई। अभी शिकायत पर कार्रवाई होती, तब तक (1 से 3 सितंबर) उनके खाते से फिर कई किस्तों में राशि निकल गई। जादौन ने साइबर सेल में इसकी शिकायत की। साइबर सेल ने मामला जांच में लिया और जांच कर बताया कि यूपीआई ऐप के माध्यम से राशि निकाली गई है। जादौन ने बताया कि उन्होंने तो ऐप डाउनलोड भी नहीं किया है। ऐसे में वे राशि कैसे ट्रांसफर कर सकते हैं। आखिर साइबर सेल ने जांच पूरी कर मामला लसूड़िया पुलिस को सौंप दिया है।

### तेज रफ्तार कार ने कई कारों को किया क्षतिग्रस्त



**इंदौर।** इंदौर के राजेंद्र नगर थाना इलाके में शनिवार रात एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से 5 से अधिक कारों को नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद ड्राइवर रात में गाड़ी छोड़कर भाग गया। सुबह रहवासी थाने पहुंचे और मामले में एफआईआर कराई है। पुलिस आसपास के कैमरों से टक्कर मारने वाली कार की तलाश कर रही है। घटना रात करीब 2.30 के लगभग धनवंतरी नगर की है। यहां पर 61 वर्षीय अजय गोविंद ने शिकायत की है कि उनकी कार घर के बाहर खड़ी थी। तभी रात में उन्हें अचानक आवाज आई। वह बाहर जाकर देखा तो कई कारें क्षतिग्रस्त नजर आई। रविवार सुबह मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। रहवासियों के मुताबिक जहां घटना हुई वहां कुछ घरों के कैमरे बंद हैं। पुलिस आसपास के कैमरों से जानकारी जुटा रही है।

## इंदौर के वीआईपी रोड पर तस्कर गिरफ्तार

# 1.20 लाख की ब्राउन शुगर जब्त

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में ज्यादा पैसा कमाने की लालच में ब्राउन शुगर बेच रहे एक बदमाश को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 12.40 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रुपए आंकी गई है।

क्राइम ब्रांच ने यह कार्रवाई श्क्ढ रोड स्थित गुटकेश्वर महादेव मंदिर के पास की। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने के बाद टीम मौके पर पहुंची। वहां एक युवक संदिग्ध हालत में खड़ा नजर आया, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया।

**ज्यादा पैसा कमाने के लिए बेच रहा था नशा**

**दिहाड़ी पर वाहन चलाता है**

**आरोपी-** पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विकास उर्फ सरदार सौंदे निवासी छत्रीपुरा बताया।



तलाशी के दौरान उसके पास से ब्राउन शुगर बरामद हुई। पुलिस के अनुसार आरोपी दिहाड़ी पर वाहन चलाने का काम करता है और 10वीं तक पढ़ा हुआ है।

**नशे की खेप कहां से मिली,पुलिस कर रही जांच-** प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी ज्यादा मुनाफा कमाने के उद्देश्य से ब्राउन शुगर को महंगे दामों में बेचता था। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि उसे नशे की खेप कहां से मिलती थी और किन लोगों को सप्लाई की जा रही थी। क्राइम ब्रांच को जानकारी मिली है कि आरोपी के खिलाफ पहले से ही दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल उससे पूछताछ जारी है और नशे के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

## सड़क पर बना रहे थे बर्थडे

# सिविल ड्रेस में पुलिसकर्मी पहुंचे तो किया विवाद

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर की बाणगंगा पुलिस ने पिता पुत्र और उनके साथियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा को लेकर एफआईआर की है। बताया जाता है कि आरोपी रास्ते में बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे थे। जब पुलिस पहुंची तो आरोपियों ने यहां उनसे भी विवाद किया। पुलिसकर्मियों ने बाणगंगा के पुलिसकर्मी रामकुमार त्यागी निवासी चौथी पल्टन की शिकायत पर धीरज पुत्र विक्रम सोनारथिया निवासी न्यू बजरंगपुरा, विक्रम पुत्र रघुनाथ,आर्यन ओर उनके साथियों के खिलाफ हंगामा करने और पुलिस से विवाद करने के मामले में एफआईआर की है।

रामकुमार त्यागी के मुताबिक उन्हें सूचना मिली थी कि कुछ लोग सड़क पर अपनी गाड़ियां खड़ी कर अनावश्यक भीड़ लगाकर हुड़दंग कर रहे है। इसमें आने जाने वाले राहगीरों का रास्ता रुका है। तब प्रधान आरक्षक चरण सिंह ने उन्हें वहां से हटने के लिए कहा किंतु विक्रम उसके बेटे आर्यन और धीरज ने आस पड़ोस के लोगों को आवाज देकर बुला लिया और सभी लोग चिल्ला चोट कर पुलिसकर्मियों के साथ हुज्जत करने लगे। इसी दौरान इन लोगों ने हमारे साथ झूमाझटकी की। सभी पुलिस की गाड़ियों के आगे खड़े हो गए। वाहन के आगे खड़े हो गये इस कारण से पुलिस सभी को पकड़कर थाने ले आई। उन पर शासकीय कार्य में बाधा को लेकर एफआईआर की गई है।

Hippo
BIGG BOSS
Capsule
NO SIDE EFFECT
For Enquiry : 9244262582
2 कैप्सूल रात को गरम दूध के साथ | लम्बे आनंद भरे पलों के लिए | आयुर्वेदिक, केवल पुरुषों के लिए

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

बिना तोड़फोड़ वास्तु समाधान
• कर्ज बढ़ रहा है
• बच्चा नशा करता है
• पति बीमार है
• काम छूट गया है
पं. पंकज शर्मा
मैं करुंगा समाधान
पाटन वाले गुरुजी
Mob.9977444550
पता - शिव मंदिर के पास, जेल रोड, इंदौर

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

ऑपरेटर की आवश्यकता है
समाचार पत्र में कार्य करने के लिए अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है।
7773077762

कृषि भूमि बेचना है
• उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
• 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
• 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
• 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार
समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर, किचन, हेल्पर तंदूर वाला और सिक्यूरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है।
पता- हरिफटक ब्रीज इंदौर रोड, उज्जैन
7610571808
9098080060

किराये से देना है
माधवपुर मक्सी रोड पर 1500 स्क्वेयर फीट का गोदाम किराये से देना है।
1500 स्क्वेयर फीट की सुविधा अलग से है।
8519054456

रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

आवश्यकता है
गेस्ट हाउस में रूम सर्विस के लिए आदमी की। दिन व रात के लिए रहने की भी व्यवस्था। आधार कार्ड साथ लावें।
पताः हिमालय गेस्ट हाउस महाकाल मंदिर के सामने, बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन।
9669890245
9074164558

आवश्यकता है
मार्केटिंग मैनेजर पी.ए. (पर्सनल असिस्टेंट) सोशल मीडिया एग्जीक्यूटीव-पब्लिक रिलेशन ऑफिसर कम्प्यूटर ऑपरेट (डी.टी.पी. ग्राफिक्स) डिजाईनर, वीडियो एडिटर, टेलीकॉलर, ऑफिस बॉय, घरेलू नौकर।
नारायण सेवा ट्रस्ट, मप्र. बड़नगर रोड, उज्जैन
9589457724
6261309287

प्लाट बेचना है
खुली भूमि उत्तर से दक्षिण, पूर्व की ओर 95.8 फीट, पश्चिम की ओर 106 फीट और पूर्व पश्चिम उत्तर की ओर 102.7 फीट, दक्षिण की ओर 99 फीट कुल एरिया 10275 वर्गफीट, जिसके उत्तर में रोड के बाद माहेश्वरी का मकान, दक्षिण में सुन्दरबाई का मकान और नागूलाल का मकान, पूर्व में रामाजी जाट की गली उर्दूपुरा रोड, पश्चिम में रस्सी गली मुन्सीपल नम्बर पुराना 5/1317, नया नम्बर 12 लाल बाई फूलबाई मार्ग उर्दूपुरा उज्जैन जो कि जाधव गुवाड़ी के नाम से जाना जाता है, को विक्रय करना है।
सम्पर्क सूत्र - 9425002108 ब्रजलाल रांका

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

अमरूद बेचना है
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

दैनिक अवन्तिका
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर
एक वितरित दो और कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
नए साल के तीन तरह के
नि:शुल्क कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर
11 दिसंबर के अंक के साथ नि:शुल्क वितरित हो चुका है।
अब दो कैलेंडर बाकी पंचांग कैलेंडर और तिथि कैलेंडर
हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर
9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com